संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 23 जनवरी 2024 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RNI : HPHIN/2012/48072

वर्ष: 13 अंक: 23 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जय श्रीराम

# एक्शन इंडिया

## 'हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे, प्रभु दिव्य मंदिर में रहेंगे'

# श्रीराम आ गए

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**लंबे** बरसे के बाद आखिरकार अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देशभर की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। अपने भाषण की शुरूआत उन्होंने सियावर रामचंद्र की जय के जयकारे के साथ की।

**आज हमारे राम आ गए हैं:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सियावर रामचंद्र की जय! आपको सबको प्रणाम, सबको राम-राम! आज हमारे राम आ गए हैं। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गए हैं। सदियों का अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए हैं। इस शुभ घड़ी की आप सभी को, समस्त देशवासियों को बधाई। मैं गर्भगृह में ईश्वरीय चेतना का साक्षी बनकर आपके सामने उपस्थित हुआ हूं।

**शरीर स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है:** उन्होंने कहा कि कितना कुछ कहने को है, लेकिन कंठ अवरूद्ध है, शरीर स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला अब दिव्य मंदिर में रहेंगे। मेरा पक्का विश्वास है, अपार श्रद्धा है, जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति देश और विश्व के कोने-कोने में राम भक्तों को हो रही होगी। यह क्षण आलौकिक है। यह पल पवित्रतम है। यह माहौल, वातावरण, यह घड़ी, प्रभु श्रीराम का हम सब पर आशीर्वाद है।

**दिव्य आत्माओं की वजह से यह कार्य पूरा हुआ है: पीएम मोदी** अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि दैवीय आशीर्वाद और दिव्य आत्माओं की वजह से यह कार्य पूरा हुआ है। मैं इन सभी दिव्य चेतनाओं को भी नमन करता हूं। मैं आज प्रभु श्रीराम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ, हमारे त्याग, तपस्या में कुछ तो कमी रह गई होगी कि हम इतनी सदियों तक ये कार्य कर नहीं पाए। आज वो कमी पूरी हुई है। मुझे विश्वास है कि प्रभु राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे। लंबे वियोग से आई आपत्ति का अंत हो गया है।



### प्राण प्रतिष्ठा

- कई पीढ़ियों ने वियोग सहा है: पीएम मोदी
- शरीर स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है: मोदी
- राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं

## राम आग नहीं, ऊर्जा हैं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**कार्यक्रम** को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राम के इस काम में कितने ही लोगों ने त्याग और तपस्या की। अनगिनत लोगों, कारसेवकों, संत-महात्माओं के हम सब पर ऋण हैं। आज का अवसर उत्सवता का क्षण तो है ही, लेकिन यह क्षण भारतीय समाज की परिपक्वता के बोध का भी क्षण है। यह अवसर सिर्फ विजय का नहीं, विनय का भी है। दुनिया का इतिहास साक्षी है कि कई राष्ट्र अपने इतिहास में उलझ जाते हैं, जब देशों ने उलझी हुई गांठों को खोलने का प्रयास किया तो उन्हें सफलता पाने में कठिनाई आई है। लेकिन हमारे देश ने इतिहास की इस गांठ को जिस गंभीरता और भावुकता के साथ खोला है। यह बताता है कि हमारा भविष्य, हमारे अतीत से सुंदर होने जा रहा है।

## कालचक्र बदल रहा है: पीएम

**श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया, अब आगे क्या- पीएम मोदी:** संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज अयोध्या भूमि सवाल कर रही है कि श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया, अब आगे क्या। सदियों का इंतजार तो खत्म हुआ, अब आगे क्या। जो दैवीय आत्माएं हमें आशीर्वाद देने उपस्थित हुई हैं, उन्हें क्या हम ऐसे ही विदा करेंगे। आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि कालचक्र बदल रहा है। हमारी पीढ़ी को कालजयी शिल्पकार के रूप में चुना गया है। हजारों वर्ष बाद की पीढ़ी हमें याद करेगी। यही समय है, सही समय है। हमें आज इस पवित्र समय से अगले एक हजार साल के भारत की नींव रखनी है।

## 'राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं'

पीएम ने कहा कि वो भी एक समय था, जब कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। ऐसे लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता को नहीं जानते थे। रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव का प्रतीक है। हम देख रहे हैं कि निर्माण किसी आग को नहीं, बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है। अपनी सोच पर पुनर्विचार कीजिए, राम आग नहीं हैं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, राम सबके हैं। राम वर्तमान ही नहीं, राम अनंत हैं।

**'यह सिर्फ दैव मंदिर नहीं बल्कि दिग्दर्शन का मंदिर है'**

यह मंदिर मात्र एक दैव मंदिर नहीं है, यह भारत की दृष्टि का, दर्शन का, दिग्दर्शन का मंदिर है। यह राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। राम भारत की आस्था हैं, भारत के आधार हैं।



## अब ऐसे दिख रहे राम लला: स्वर्णिम मुकुट, हार और धनुष, प्राण प्रतिष्ठा के समय मन मोहने वाला श्रृंगार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अयोध्या में आखिर** रामलला विराजमान हो गए। पूरे विधि-विधान के साथ भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसी बीच रामलला की मूर्ति की बेहद खास तस्वीरें सामने आई हैं। श्रृंगार युक्त मूर्ति में भगवान के पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं।

**रामलला की मूर्ति की क्या विशेषता है?**

भगवान राम के बाल रूप की मूर्ति को गर्भ गृह में स्थापना के बाद सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। आभूषण और वस्त्रों से सुसज्जित रामलला के चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान दिखाई दे रही है। कानों में कुंडल तो पैरों में कड़े पहने हुए हैं। मूर्ति के नीचे आभामंडल में चारों भाइयों राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की छोटी-छोटी मूर्तियों की पूजा की गई है।

**करीब 200 किलोग्राम वजनी है मूर्ति:** मूर्ति की विशेषताएं देखें तो इसमें कई तरह की खूबियां हैं। मूर्ति का वजन करीब 200 किलोग्राम है। इसकी कुल ऊंचाई 4.24 फीट, जबकि चौड़ाई तीन फीट है। कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर और धनुष है। कृष्ण शैली में मूर्ति बनाई गई है। मूर्ति श्याम शिला से बनाई गई है, जिसकी आयु हजारों साल होती है। मूर्ति को जल से कोई नुकसान नहीं होगा। चंदन, रोली आदि लगाने से भी मूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**और क्या खास है?:** रामलला के चारों ओर आभामंडल है। मूर्ति के ऊपर स्वास्तिक, ॐ, चक्र, गदा, सूर्य भगवान विराजमान हैं। श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं। मस्तक सुंदर, आंखें बड़ी और ललाट भव्य है। भगवान राम का दाहिना हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। मूर्ति में भगवान विष्णु के 10 अवतार दिखाई दे रहे हैं। मूर्ति नीचे एक ओर भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी तो दूसरी ओर गरुड़ जी को उकेरा गया है।

मूर्ति में पांच साल के बच्चे की बाल सुलभ कोमलता झलक रही है। मूर्ति को मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि जिस मूर्ति का चयन हुआ उसमें बालत्व, देवत्व और एक राजकुमार तीनों की छवि दिखाई दे रही है।




**कठिन था मूर्ति का चयन**

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में तीन मूर्तियों को स्थापित किया गया हैं, जिसमें से एक मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया गया है। इनके बनने के बाद सबसे बड़ा सवाल तो यह था कि गर्भ गृह में किस रूप में रामलला विराजमान होंगे। मूर्तिकारों ने तीनों मूर्तियों को इतना सुंदर बनाया कि चयन करना कठिन हो रहा था कि कौन सी सुंदर है और कौन सी उतनी नहीं है। अंततः बाल रूप वाली मूर्ति को राम मंदिर के गर्भ गृह में विराजने का फैसला लिया गया।

# ग्राम पंचायत हरिपुर में आयोजित हुआ सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**विधानसभा अध्यक्ष** कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में चंबा रविवार को विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरिपुर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंबा विधानसभा के विधायक नीरज नैय्यर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों द्वारा 12 शिकायतें तथा 52 मांगे रखी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया।



कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को हिमाचल प्रदेश में शुरू किया गया है। साथ में उन्होंने कहा कि किसी भी द्वेष भावना के चलते योजनाओं से लाभ लेने वाले व्यक्ति के प्रति कोताही करने वाले अधिकारी के खिलाफ उचित कार्यवाही सुनिश्चित बनाई जाएगी तथा यह भी सुनिश्चित बनाया जाएगा की उन्हें योजना का उचित लाभ मिले। विधायक नीरज नैय्यर ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान बेहतरीन कार्य व्यवस्था सुनिश्चित बनाई है। उन्होंने अपने संबोधन में गत बरसात के दौरान भारी प्राकृतिक आपदा के दौरान उत्कृष्ट राहत-बचाव कार्य एवं प्रभावितों के पुनर्वास के लिए आपदा राहत कोष का जिक्र भी किया। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में राजस्व विभाग द्वारा मौके पर 12 भूमि के इंतकाल किए तथा 42 प्रमाण पत्र भी जारी किए।

# महिला एवं बाल विकास की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं हजारों बेसहारा : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**महिला एवं बाल** विकास विभाग द्वारा संचालित सरकार की विभिन्न योजनाओं से जिला के हजारों महिला व बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। बच्चों के पोषण आहार की बात हो या फि र महिलाओं के सशक्तिकरण की। सरकार की अनेक ऐसी योजनाएं हैं जो इस लक्ष्य को पूरा करती है। उपायुक्त सुमित खिमटा ने योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि जिला सिरमौर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 146 लड़कियों के विवाह पर चालू वित वर्ष में अभी तक 75 लाख रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है। योजना के तहत विधवा महिला की बेटी की शादी के लिए 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। इसी प्रकारए मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों की



बेटियों की शादी के लिये 31 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। जिला में इस साल अभी तक 204 लाभार्थियों को 64 लाख रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। बेटी है अनमोल योजना के तहत बीपीएल परिवार की दो बेटियों के जन्म उपरांत 21 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है और जिला में अभी तक 1502 बेटियों के नाम 15 लाख रुपये की राशि की एफ डी अभिभावकों को सौंपी गई हैं। मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना के तहत ऐसे बच्चे जिनके पिता की मृत्यु हो गई हो, उनके पालन पोषण के लिए 6000 रुपये की राशि सालाना प्रदान की जा रही है। जिला में अभी तक 432 मदर व बच्चों को 90 लाख रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। विधवा पुनर्विवाह योजना के अंतर्गत विधवा महिला के पुनर्विवाह पर दो लाख रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। अभी तक 8 महिलाओं के विवाह हेतु सवा पांच लाख रुपये वितरित किए गए हैं। महिला एवं रोजगार योजना के तहत महिलाओं को आम निर्भर बनाने क लिये कोई कार्य करने के लिये पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायत प्रदान की जाती है और 30 महिलाओं को डेढ़ लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई हैं।

## न्यूज फ्लैश

### चंद श्रम कल्याण अधिकारी कर रहे हैं मजदूर विरोधी काम: रूप सिह ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर। प्रैस को** जारी ब्यान में युनियन के जिला प्रधान रूप सिंह ठाकुर, महासचिव रमेश कुमार और झण्डुता ब्लाक के प्रधान चैन सिंह सुमन ने आरोप लगाया कि श्रम कल्याण बोर्ड जिला बिलासपुर में तैनात श्रम कल्याण अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरूपयोग कर मजदूरों को तंग कर रहे हैं। जिससे श्रमिक यूनियन के साथ मजदूरों में भी रोष की लहर है। सुख की सरकार में भी मजदूरों को सुख नहीं मिल पाया है इसका आने वाले समय में सरकार को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मजदूर दुखी होकर रैलियों और विरोध प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज करवाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले 2009 से लेकर अक्तूबर 2022 तक श्रम अधिकारी इनसे 100 प्रतिशत बढि?ा कार्य कर रहे थे। 14 दिसम्बर, 2023 को हिमाचल बिल्डिंग-कन्सट्रक्सन एण्ड मनरेगा मजदूर यूनियन की प्रतिनिधि चंचल कुमारी सैंकड़ो कामगारों की नवीनीकरण की पहचान पुस्तिकाएं जोकि पंचायत सचिव द्वारा सत्यापित की थी, कामगारों के मृत्यु मुआवजा क्लेम, कामगारों के बच्चों की शादियों के क्लेम और कामगारों के पैंशनों के कलेम लेकर श्रम कल्याण अधिकारी के कार्यालय में लेकर गई थी। उन्होंने युनियन के प्रतिनिधि से डाक लेने से इंकार कर दिया कि कामगार स्वंय कार्यालय में आयें। गरीब कामगारों ने युनियन के माध्यम से श्रम कल्याण बोर्ड में अपना पंजीकरण करवाया है और सभी कामगार यूनियन के उपर अपना विश्वास रखतें है। युनियन सभी कामगारों के क्लेम और अन्य कार्य करवाने के लिए स्वंय श्रम कल्याण बोर्ड के कार्यालय बिलासपुर मे जाती हैं ताकि गरीब कामगार अपनी दिहाड़ी लगाते रहे और अपने परिवार का निर्वाह करते रहे। आज तक किसी भी विभाग के अधिकारी ने किसी पंजीकृत संगठन से डाक लेने से इनकार नहीं किया है। परन्तु जिला बिलासपुर के श्रम कल्याण अधिकारी ने कांग्रेस पार्टी के अग्रणी संगठन इंटक से सम्बन्धित हिमाचल बिल्डिंग-कन्सट्रक्सन एण्ड मनरेगा मजदूर यूनियन जिला बिलासपुर के प्रतिनिधि चंचल कुमारी से निर्माण कामगारों की डाक लेने से इनकार करके घोर अन्याय किया है। जोकि एक श्रम कल्याण अधिकारी ने अपनी शक्तियों का दुरूप्रयोग किया है। विभिन्न निर्माण में स्वर्ण गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति और प्रवासी ज्यादातर मजदूर कार्य करते हैं। जिनका आज श्रम कल्याण अधिकारी षोषण करने पर तुले हैं। श्रम कल्याण अधिकारियों द्वारा मजदूरों के षोषण के छींटे आने वाले समय में हिमाचल प्रदेष कांग्रेस पार्टी पर पड? वाले हैं जिनको इंटक भी नही रोक सकती।

### साईगलु में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। शहीद सूबेदार** खेमचंद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला साईगलु में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर ने की। इनके साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी योगेश पटियाल, जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी के चमन लाल, कांग्रेस सेवादल सदर मंडी के अध्यक्ष रवींद्र पालसरा, मंडी विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, स्थानीय पंचायत प्रधान कर्ण, एसएमसी प्रधान नवीन कुमार जीता व अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अधिकारियों तथा विशिष्ट व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह, शॉल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र के दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्वों पुनीत, स्मैहा, जाहनवी, प्रिया, दिया, किया, वंदना, लोकश, भारती, हिमानी, विशाल, कृतिका, लमटका, दिशा, प्रवीण, कमलेश, प्रियंका आदि को पुरस्कृत किया गया। वहीं खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विरेंदर कुमार, ऋ त्विक को योग में जिला स्तर पर प्रथल ओने पर पुरस्कृत किया गया तथा पीयूष कक्षा बारहवीं को राज्य स्तर पर शाह-पुट प्रतियोगिता में भाग लेने पर पुरस्कृत किया गया तथा विद्यालय के द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामयी हुआ जोगिंद्र नगर शहर, जगह-

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**प्रभु राम प्राण** प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर जोगिंद्रनगर में भव्य आयोजन किया गया। शहर में श्री राम कला मंच द्वारा भव्य राम प्रभु की शोभा यात्रा का आयोजन किया गया इसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। क्षेत्र के आसपास के रामलीला कलामंचों द्वारा भी प्रभु राम के प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आयोजन किए गए वह भंडारे भी आयोजित किए गए शहर के मंदिरों को खूब सजाया गया था जहां पर



प्रभु राम भक्तों ने प्रभु राम के दर्शन किए शहर में जगह-जगह पर हलवे खीर व भोजन के लंगर लगाए गए थे जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया बस स्टैंड जोगिंदर नगर में भी भाव खीर के भंडारे का आयोजन किया गया।

# इनरव्हील क्लब नाहन ने गरीब लोगों की बस्ती में बांटे जरूरी सामान

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**समाज सेवा में हमेशा** आगे रहने वाला इनरव्हील क्लब नाहन आज रविवार को गरीब लोगों की बस्ती में पहुंचा। इस दौरान क्लब द्वारा वहां गरीब लोगों को काफ ी जरूरतमंद चीजे वितरित की गई। बता दें इनरव्हील क्लब नाहन ने अयोध्या धाम में रामलला के आगमन की खुशी के अवसर पर गरीब लोगों की बस्ती में बच्चोंए महिलाओं और पुरुषों को तेल और दिए बांटे गए। जिससे कि गरीब



लोग भी कल बड़े दिन के अवसर पर अपने घरों में दिए जला सके। इसके अलावा क्लब द्वारा गरीब बच्चों महिलाओं और पुरुषों को लड्डू, खाने पीने का सामान और कपड़ेए जूते व अन्य जरूरी सामग्री भी वितरित की गई। क्लब द्वारा की गई इस मदद से गरीब बच्चे, पुरूष व महिलाएं काफ ी खुश हुए। इस अवसर पर राखी अग्रवाल, संजना सैनी, ममता अग्रवाल, नीतू सिंह और ऋ चा गुप्ता मौजूद रही।

# चारों दिशाओं में सिर्फ राम नाम गूंजा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**भगवान श्री राम** जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सुजानपुर के गांव छम्ब पंचायत कक्कड़ में की गई पूरे गांव ने इस कार्यक्रम को बड़े ही हर्षो उल्लास से मनाया गांव में कलश यात्रा के साथ राम लक्ष्मण सीता और हनुमान की झांकी निकाली और कक्कड़ पंचायत में झांकी द्वारा भ्रमण किया गया। ढोल नगाड़ों की गूंज में सभी लोग राम में हो गए महिलाओं ने गीत संगीत के माध्यम से इस कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई इस कार्यक्रम में भाजपा जिला सचिव विनोद ठाकुर ने कहा कि भगवान राम मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में हमारे मन में विराजमान करें और विश्व शांति और देश की



उन्नति में सभी जनमानस सद्बुद्धि प्रदान करें।

उन्होंने इस बात की खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज लोग भगवान राम के लिए राजनीति से ऊपर उठकर कार्यक्रम में आए और भगवान राम का दर्शन कर अपने आप को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम को समर्पित किया विनोद ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन गांव छम्ब सभी के सहयोग द्वारा किया गया गांव में भगवान राम मंदिर पर हवन के साथ-साथ विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन कर्ता में भाजपा जिला सचिव विनोद ठाकुर बूथ अध्यक्ष धर्मचंद बूथ पलक रत्न चंद बीएलए रणबीर ठाकुर दीपचंद सनी ठाकुर मणि ठाकुर तरसेम ठाकुर तरसेम ठाकुर प्रवीण कुमार आदि।

# राजभवन में सुंदरकांड का हुआ पाठ

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला**

**राम मंदिर अयोध्या** में श्री रामलल्ला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर राजभवन में आज प्रातः सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं लेडी



गवर्नर जानकी शुक्ल की उपस्थिति में राजभवन में स्थापित यज्ञशाला में सुन्दरकांड का पाठ किया गया। इसके उपरांत, राज्यपाल ने राजभवन के दरबार हॉल में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखा। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा एवं राजभवन के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि जिनके हृदय में भगवान राम है, उन्हें ही अयोध्या के प्रभाव का एहसास है। राज्यपाल ने कहा, यह कल्पना से परे अनुभवों का समय है और यह भक्ति की शक्ति है, जिसे शब्दों में नहीं बल्कि हृदय में महसूस किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय विरासत और संस्कृति को नए आयाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि यह समारोह शांति और सद्भाव का भी संदेश देता है।

# श्री रेणुका में एकल विद्यालयों की संख्या हुई 360 : मेलाराम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**पंचायत समिति** संगड़ाह के निवर्तमान अध्यक्ष मेलाराम शर्मा ने आज संगड़ाह विकासखंड के गांव अरट में एकल विद्यालय का उद्घाटन किया। भारत लोक शिक्षा परिषद स्वयं सेवी संगठन के सौजन्य से खोले गए इस एकल विद्यालय में 15 वर्ष तक के बच्चों को प्रतिदिन नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाएगा। मेला राम शर्मा ने बताया कि अरट गांव में इस विद्यालय के खुलने से रेणुका क्षेत्र में एकल विद्यालयों की संख्या बढ़ कर 360 हो गईं हैं जबकि सिरमौर जिले में इन विद्यालयों की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। उन्होंने बताया कि देश भर में भारत



लोक शिक्षा परिषद स्वयं सेवी संगठन के सौजन्य से खोले गए एकल विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों में बाल्यकाल से ही भारतीय संस्कृति के उच्च संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। मेलाराम शर्मा ने बताया कि एकल विद्यालयों का राष्ट्र में सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान है और भारत लोक शिक्षा परिषद इन विद्यालयों के माध्यम से युवा पीढ़ी में देश के प्रति गौरव की भावना उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने राष्ट्र में एकल अभियान से जुड़े कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा की इस अभियान से जुड़े कार्यकर्ता अपने घर परिवार के निजी कार्यों को तिलांजलि देकर और राष्ट्र सेवा का व्रत लेकर देश की युवा पीढ़ी को सद्मार्ग पर आगे बढ़ाने का सारहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एकल अभियान, भारत का सबसे बड़ा गैर-सरकारी शिक्षा आंदोलन है। इस अभियान के तहत, देश के दूर-दराज के इलाकों में एकल विद्यालय खोले जाते हैं। इन विद्यालयों में बच्चों और किशोरों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है। उन्होंने आगे बताया कि देशभर की युवा पीढ़ी में बचपन से ही संस्कार शिक्षा का प्रचार प्रसार करने में भी एकल विद्यालयों की मेहती भूमिका रही है। इससे गांव और विशेष कर पिछड़े क्षेत्र के उत्थान और विकास को भी बल मिल रहा है। इस अवसर पर श्री रेणुका जी अंचल के अभियान प्रमुख एवं संगठन मंत्री संजू राणा ने बताया कि समूचे राष्ट्र में वर्तमान में एकल विद्यालयों की संख्या 120000 तक पहुंच गई है और इस अभियान के अंतर्गत लगभग 25 लाख से अधिक विद्याथीर्यों को स्कूली शिक्षा के अतिरिक्त नैतिक शिक्षा प्रदान की जा रही है और उनमें देश के प्रति समर्पण और राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया की एकल विद्यालय में कार्य कर रहे कार्यकर्ता बच्चों को छोटी उम्र में कुपोषण से बचाने और उनमें स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत करने का कार्य भी कर रहे हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। संजू राणा ने बताया की एकल अभियान के अंतर्गत युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर करके उनमें अच्छे संस्कार डालकर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड? का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एकल अभियान के अंतर्गत स्कूली शिक्षा के अलावा बच्चों में छिपी विलक्षण प्रतिभा को उजागर करके उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

# प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा में किया गया यज्ञ-हवन

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**अयोध्या में रामलाल** प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां पूरे देश में दिवाली का माहौल रहा वहीं इस आयोजन को लेकर डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा ने भी एक आयोजन कर इस यज्ञ में अपनी आहुति भेंट की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक गुलरिया की अगुवाई में स्कूली छात्र-छात्राओं अध्यापकों तथा स्टाफ द्वारा एक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अशोक गुलेरिया ने कहा कि पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानि 22 जनवरी का दिन बेहद मंगलकारी है। इस



दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर में रामलल्ला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके लिए भव्य तैयारियां की गईं। देशभर में उत्सव जैसा माहौल रहा। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण राममय हो गया। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में यज्ञ के दौरान भगवान राम का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर डीएवी स्कूल चंबा विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्म विद्यालय के शास्त्री नरेंद्र कुमार तथा यज्ञ के यजमान विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गुलेरिया विराजमान रहे। विद्यालय के प्राचार्य एवं यज्ञ यजमान अशोक कुमार गुलेरिया ने यज्ञ के पश्चात सबको श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि श्री राम का जीवन हमें जीवन में आने वाली कठिनाइयो का सामना करने का सामर्थ्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि रामायण आदि काव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के जीवन से हमें जीवन को उच्च कोटि तक ले जाने की शिक्षा मिलती है सबके जीवन से हमें कुछ न कुछ आवश्यक सीखने को मिलता है। इससे हर व्यक्ति राम के समान मयार्दा का पालन करने में समर्थ होगा एवं राम के समान ही त्याग की भावना से परिपूर्ण होगा। इससे भाई-भाई का प्रेम परिलक्षित होता है। पिता के वचनों का किस प्रकार आदर करना चाहिए श्री राम के जीवन से हमें सीखने को मिलता है। रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा का यह पावन पर्व आपसी सौहार्द्र को दशार्ता है।हवन के उपरांत सबको मिष्ठान भी वितरित किया गया। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के संगीत अध्यापक तथा उनके सहयोगियों ने भजन गाकर विद्यालय का वातावरण राममय कर दिया।

# बाल विकास के बच्चों ने प्रस्तुत किए राम भजन

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**श्री सत्य साई** सेवा समिति के बैनर तले बाल विकास के बच्चों ने भगवान श्रीराम आगमन पर बाल विकास के में एक रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बच्चो ने भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न तथा हनुमान की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। बाल विकास की प्रभारी निरुपमा जोशी व वरिष्ठ सदस्य सरिता भटनागर ने बताया कि इस दौरान बाल विकास के बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। नन्हे



बच्चो ने अदभूत व आकर्षक भजन व आरतियां प्रस्तुत की। बच्चो व गुरुजनों ने राम-सीता व हनुमान जी के भजन से माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का स्वागत अराध्या ने बहुत सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर किया। इस शुभ अवसर पर साई बाल विकास आनन्द निलयम केंद्र में बहुत ही हर्षोल्लास का वातावरण था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में प्रमाद वितरण किया गया।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लिया राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज गेयटी थिएटर में 25 जनवरी, 2024 को आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करवाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त, पोस्टर मेकिंग, गायन और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता और पोल डे मॉनिटरिंग सिस्टम (पीडीएमएस) 2.0 का शुभारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके पश्चात, मुख्य निर्वाचन आयुक्त का सन्देश प्रसारित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान मतदान को बढ़ावा देने के लिए गेयटी थिएटर के सामने सिग्नेचर वाल और सेल्फी पॉइंट बनाया जायेगा। इस दौरान बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आईटीआई शिमला के प्रशिक्षुओं द्वारा निर्वाचन साक्षरता क्लब पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, स्टेट आइकॉन आरजे शालिनी द्वारा वातार्लाप और स्टेट आइकॉन मुस्कान शर्मा द्वारा गायन प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान सांस्कृतिक दल द्वारा महासुवि नाटी की प्रस्तुति दी जाएगी और पुलिस बैंड हारमनी ऑफ दी पाइंस की वीडियो दिखाई जाएगी। कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सम्मानित किये जायेंगे और नए मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र बांटे जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को आश्वस्त किया की उनके द्वारा दिए गए निदेर्शों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र शर्मा, जिला भाषा अधिकारी अनिल हार्टा, ओएसडी स्वीप नीरज शर्मा सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर ने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में की पूजा-अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**राममय हुई बिलासपुर** नगरी में अधिकांश मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना व भजन कीर्तन का दौर चला रहा। इसी के चलते नगर के डियारा सेक्टर में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर वासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। खास बात यह रही कि बिना हारे पूर्व विधायक हुए सुभाष ठाकुर ने भी इस भजन कीर्तन में शिरकत की तथा श्रद्धालुओं का जोश बढ़ाया। इस दौरान उनके साथ उनकी कोर टीम के युवा सदस्य मौजूद रहे। इसके बाद सुभाष ठाकुर ने अपनी टीम के साथ डियारा सेक्टर और मुख्य बाजार का दौरा किया तथा लोगों से मिले और उन्हें भगवान श्री राम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की अनंत शुभकामनाएं दी। गुरूद्वारा चैक पर राम भक्तों द्वारा लगाए गए विशाल भंडारे में भी पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर ने जहां अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और विशाल एलईडी स्क्रीन पर श्री राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का लाईव कार्यक्रम देखा तथा भंडारे का आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर का जनता से मिलना सोमवार को नगर में चर्चा का विषय रहा। हालांकि इस बारे में पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर ने कोई पते नहीं खोले हैं लेकिन पिछले विधानसभा चुनावों में उनको बेवजह नजरअंदाज किए जाने की टीस साफ दिखी। पूर्व विधायक बिना सुर्खियों में आए अपने विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत व गांव में लोगों के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। आने वाले समय में पूर्व विधायक की यह रणनीति किस ओर करवट लेगी यह कहना जल्दबाजी होगा। लेकिन इतना तो तय है कि सदर भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं है। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व जिला महामंत्री आशीष ढिल्लों, पूर्व युवा मोर्चा मंडलाध्यक्ष विनोद ठाकुर, पूर्व सोशल मीडिया अध्यक्ष हर्ष मैहता, पंकज ठाकुर, विपन ठाकुर, अरूण, बंदला पंचायत प्रधान सतीश ठाकुर आदि युवा मौजूद रहे।



# अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति ने श्री नयना देवी जी में मनाया श्रीराम उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**श्री राम जन्म** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते हिमाचल प्रदेश का विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी पूरी तरह से भगवान राम के रंग में रंग गया है। मंदिर क्षेत्र में कहीं पर भजन तो कहीं पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। सुबह से ही पूरा श्री नयना देवी जी क्षेत्र धार्मिक रंग में रंगा हुआ नजर आया। किन्नर समाज से जुड़ी महंतों ने भी माता श्री नयना देवी जी के मंदिर मैं खूब भजन कीर्तन किया। अर्धनारेश्वर समाज सेवा संस्था की प्रधान बिजली महंत ने अपने साथियों के साथ जहां पर माता का खूब गुणगान किया वहीं पर प्रसाद भी बांटा। मंदिर न्यास के द्वारा जहां पर मंदिर में पूजा पाठ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। वहीं पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने बताया कि यह सौभाग्य की बात है कि इस तरह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। माता श्री नयना देवी जी के दरबार में भी श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यह आयोजन किया गया है। जिसमें विशाल भंडारे का हवन यज्ञ का कार्यक्रम धार्मिक रूप से भव्य तरीके से आयोजित किया गया। जबकि मंदिर न्यासी प्रदीप शर्मा का कहना है कि राजनीति से और सभी धर्म से ऊपर उठकर यह राम जी का भव्य उत्सव मनाया जा रहा है।



# इंद्र दत्त लखनपाल ने घंगोट स्कूल के विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**बड़सर के विधायक** इंद्र दत्त लखनपाल ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घंगोट के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक तथा अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने स्कूल के लिए अपनी ओर से ग्यारह हजार रुपयेए मिडल स्कूल नैन रप्पड़ और बल्ह ठाकरू के लिए 5-5 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा भी की।



**बड़सर विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों की सौगात देंगे मुख्यमंत्रीः इंद्र दत्त लखनपाल**

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में विभिन्न सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि इन संस्थानों में बच्चों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध हो सके। इंद्र दत्त लखनपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 24 जनवरी को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए कई बड़ी सौगातें लेकर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस एक दिवसीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये की योजनाओं के शिलान्यास और उदघाटन करेंगे। विधायक ने कहा कि 24 जनवरी को मुख्यमंत्री बिझड़ी के स्टेडियम में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में जनसमस्याएं भी सुनेंगे। इंद्र दत्त लखनपाल ने सभी क्षेत्रवासियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के उपलक्ष्य पर बच्चों को लड्डू भी बांटे और सभी लोगों से घर-घर दीप जलाने का आह्वान किया।

## न्यूज फ्लैश

### भदौड़ी में अवैध शराब सहित दुकानदार काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना हरोली** के तहत भदौड़ी में पुलिस ने एक दुकानदार को अवैध शराब सहित काबू किया है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस रविवार रात्रि भदौड़ी में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने रूप लाल निवासी भदौड़ी की दुकान में दबिश दी, जहां पर तलाशी के दौरान पुलिस ने 7 बोतल अवैध शराब बरामद की। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने रूप लाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कामधेनू गौ सदन में धार्मिक समागम आज

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। कामधेनू गौ सदन शिव मंदिर लोअर कोटला कलां में 23 जनवरी को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए आयोजक महेश कुमार ने बताया कि धार्मिक समागम में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज शिरकत करेंगे, जो कि श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देंगे। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### दर्शन सेवा के तहत धार्मिक स्थालों को जोडने के लिए चलाई जाएंगी 175 बसें

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। हरोली विधानसभा** क्षेत्र में दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि दर्शन सेवा के तहत प्रदेश के विभिन्न धार्मिकों स्थलों के साथ.साथ अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों को जोड? के लिए लगभग 175 बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए हरिद्वार के लिए 45 बसे तथा अयोध्या के लिए 6 बसे चलाई जाएंगी। मुकेश अग्रिहोत्री ने कहा कि प्रदेश के मंदिरों का सौंदीयकरण तीव्रता से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी में रोप-वे भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुबारिकपुर से लेकर चिंतपूर्णी मंदिर तक एलईडी स्थापित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं को हवन, यज्ञ, प्रसाद व जागरण जैसी ऑनलाईन सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी में शुरू की गई दर्शन पर्ची प्रणाली के तहत 6 माह के भीतर मंदिर को लगभग 5 करोड़ रुपए की आय हुई है।

# 'मोटर बोट संचालकों को सम्मानित कर दिया अनुराग ठाकुर का श्रीराम उत्सव संदेश'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**अयोध्या नगरी** में श्रीराम लला जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से जहां पूरा देश राममय हो गया वहीं महर्षि व्यास जी की नगरी बिलासपुर भी इससे अछूती नहीं रही। नगर की हर गली हर चैराहा, बाजार व मुख्य केंद्र राम जी के रंग में नजर आए। ऐसे में बिलासपुर क्रिकेट संघ ने इस पर्व को अनूठे ढंग से मनाया। बीसीसीआई सीनियर टूनामेंट सेलेक्शन कमेटी सदस्य तथा बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन सचिव विशाल जगोता की अगवाई में गोविंद सागर के सभी घाटों पर जाकर इस उत्सव को मनाया। इस दौरान दोनो छोर की जनता को आर पार करवाने वाले मोटर बोट चालकों का सम्मान किया तथा उन्हें भगवान श्रीराम ध्वज, दीपक, आरती संग्रह किताब व मिष्ठान दिया। इस मौके पर सवारियों को भी श्रीराम ध्वजा प्रदान की गई। विशाल जगोता ने बताया कि असंख्य लोगों की जीवन दायिनी सतलुज नदी के खेवनहारों को सम्मानित कर वे स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। केंद्रीय खेल मंत्री तथा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर जी की दूरदर्शी सोच के कारण बिलासपुर में इस उत्सव को बहुत भव्य और आकर्षक तरीके से मनाया गया। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा इस संसदीय क्षेत्र के लिए तीन लाख दीपकए आरती संग्रहए श्रीराम ध्वजा और शुभ संदेश प्रेषित किया है। जिसे पूरे संसदीय क्षेत्र में बांटा गया। उन्होंने कहा कि बोट संचालक जिस प्रकार लोगों को उस पार लगाते हैं ठीक उसी प्रकार भगवान राम भी इस भवसागर से सभी को पार लगाते हैं। ऐसे में आज का दिन देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसी के साथ लुहणू क्रिकेट मैदान में भी श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। नवोदित क्रिकेटरों ने मैदान के साथ लगते शिव मंदिर में भगवान श्रीराम के सुंदर भजन गाए। जिला क्रिकेट संघ की ओर से शुद्ध देसी घी का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर उनके साथ बिलासपुर क्रिकेट संघ के पदाधिकारी अनिरूद्ध शर्मा, करप्रीत मैहता, सतीश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, राजीव कुमार, चमन आदि मौजूद रहे।



# गणतंत्र दिवस परेड शिविर को सफल बनाने में देंगे सेवाएं : बीजू

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**भारत स्काऊट्स** एवं गाइड्स हिमाचल प्रदेश द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला में गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन 20 जनवरी से 27 जनवरी, 2024 करवाया जा रहा है जिसमें राज्य के 10 जिलों के 27 महाविद्यालयों तथा 1 ओपन ग्रुप के 140 रोवर तथा रेंजर्स भाग ले रहे हैं।ये सभी रोवर्स तथा रेंजर्स यहाँ तक नवंबर माह में राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में आयोजित शिविर में हुई चयनित प्रक्रिया के बाद ही पहुँचे हैं, अब 25 जनवरी तक फि र एक बार तैयारिया करवाई जाएगी और कुछ ही चयनित रोवर्स तथा रेंजर्स 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन होने वाले परेड में भाग लेंगे। बीजू हिमदल, रोवर स्काउट लीडर नें जानकारी देते हुए बताया कि जिला कुल्लू के लिए गौरव की बात है कि हमारे ओपन ग्रुप के चार रोवर्स एवं चार रेंजर्स हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में होने बाली राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ी को प्रशिक्षण देने में अहम् सेवा कार्य करेंगे। बता दें कि इस शिविर में रोवर्स रेंजर्स की टुकडि ?ां अन्य विभागों व संस्थाओं की टुकडि ?ों के साथ प्रतिदिन परेड के तैयारी शिमला के ऐताहसिक रिज मैदान में करेंगे और 26 जनवरी के दिन भव्य परेड का हिस्सा बनेगें। इस शिविर में स्नो लैंड स्काऊट्स एवं गाइड्स से रोवर अमन, श्रवण, सोनू तथा तेज सिंह और रेंजर योजना, भूमिका शर्मा, शेरोन शर्मा तथा भूमिका अपनी सेवाएँ दे रहे है।



# विधायक शर्मा ने प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर धर्मपत्नी साहित की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**विधानसभा क्षेत्र** हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने सोमवार को प्रभू श्री राम जी की पावन नगरी अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य पर गांधी चौक हमीरपुर में आयोजित लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम व भंडारे में अपनी धर्मपत्नी साहित शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने हमीरपुर की जनता साहित प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव टेलीकास्ट देखा व प्रभु श्रीराम के दर्शन किए। उन्होंने सभी को इस ऐतिहासिक दिन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर उन्होंने भंडारे में जनता को प्रसाद भी वितरित किया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि यह पूरे देशवासियों के लिए ऐतिहासिक पल है। प्रधानमंत्री के करकमलों से श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है, यह पूरे देशवासियों के लिए खुशी एवं भावुक के क्षण रहे। जिस दिन का इंतजार देशवासी पांच सौ सालों से कर रहे थे, वह इंतजार आज खत्म हुआ। विधायक ने कहा कि गांधी चौक हमीरपुर पर बजरंग दल, युवाओं व अन्य सभी के सहयोग से भव्य कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस मौके पर पत्रकार के पूछे गए सवाल के जबाव में विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि जो लोग यह कह रहे हैं कि मंदिर आधा अधूरा है, भगवान राम उन्हें अच्छे मार्ग पर चलने की बुद्धि दें। यह कोई राजनीति का विषय नहीं है और जो इस पर भी राजनीति कर रहे हैं प्रभु राम उनको सद्बुद्धि दें। हम सौभाग्यशाली हैं कि इस युग में पैदा हुए और राम मंदिर को पांच सौ सालों के इंतजार के बाद स्थापित होता साक्षात देख रहे हैं।

कितने समय से पूर्वज इस लड़ाई को लड़ रहे थे जो आज उनके बलिदान के बाद इस भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को इस पावन दिवस की शुभकामनाएँ दी हैं। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी स्वाति जार, बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता साहित अन्य मौजूद रहे।

# राम नाम के रस में डूब गई सिरमौर सहित नाहन नगरी

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**भगवान श्री राम** लला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक मौके पर पूरे सिरमौर सहित नाहन नगरी भी राम रंग में सरोबर हो गई। पूरे जिला सिरमौर के हर गांव, हर कस्बे सहित मंदिर-मंदिर, हर घर सीधे अयोध्या जी से जुड़ा हुआ रहा। तो वहीं नाहन नगर में प्रमुख शक्तिपीठ मां काली स्थान मंदिर प्राचीन हनुमान मंदिर काली स्थान तालाब पर अयोध्या जी से प्राण प्रतिष्ठा के लाइव कार्यक्रम को एलईडी स्क्रीन पर हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने देखा। प्राचीन काली स्थान तालाब हनुमान मंदिर में सुबह प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें सांसद सुरेश कश्यप, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल सहित सैंकड़ों राम भक्तों ने शिरकत करी। मंदिर के प्रांगण से श्रद्धालुओं ने अयोध्या जी से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव भी देखा। इस दौरान हनुमान मंदिर सेवा समिति की ओर से विशाल भंडारे सहित शिव भोलेनाथ की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। सुरेश कश्यप तथा डॉ. राजीव बिंदल ने 22 जनवरी को ऐतिहासिक पल बताते हुए देश-प्रदेश सहित जिला वासियों को राम मंदिर और भगवान राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं भी दी। वहीं काली स्थान मंदिर में स्थानीय कांग्रेसी विधायक अजय सोलंकी, पार्षद योगेश गुप्ता सहित राम जन्मभूमि आंदोलन के सिपाही रहे देवेंद्र अग्रवाल आदि के द्वारा भगवान राम जी का अभिनंदन तिलक किया गया। विधायक अजय सोलंकी ने प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बताते हुए प्रदेश व जिलावासी राम भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि भगवान राम देश दुनिया के हर व्यक्ति के आराध्या हैं। उन्होंने कहा कि मैं भगवान राम जी से प्रार्थना करूंगा कि पूरा देश और प्रदेश तरक्की करें उन्नति करें और समाज के हर वर्ग में भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि भारत देश पूरी दुनिया में मिसाल कायम करें कि हमारे देश में वास्तव में भगवान राम जी का राम राज्य है जहां हर धर्म वर्ग भगवान राम जी की अनुकंपा से उनके आशीर्वाद से फ ले-फू ले। वहीं पावंटा साहब के विधायक व पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने के द्वारा मंदिरों में जाकर भगवान राम जी को शीश नवाया गया। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर आंदोलन में जिला सिरमौर के कार सेवकों का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम जी के मंदिर के निर्माण को लेकर आज पूरे देश का सपना साकार हुआ है उन्होंने इसके लिए देश और प्रदेशवासियों को बधाई भी दी है। इस मौके पर नाहन शहर सहित जिला के लगभग हर मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ भंडारा प्रसाद आदि का वितरण भी हुआ। जिला का शायद ही कोई घर ऐसा होगा जहां प्राण प्रतिष्ठा का धूप-दीप जलाकर स्वागत ना किया गया हो।



# अध्यापक विद्यार्थियों को पूरी निष्ठा के साथ करें शिक्षितः मुकेश

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**अध्यापक विद्यार्थियों** को पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ शिक्षित करें, ताकि विद्यार्थी अपने निर्धारित लक्ष्य को पाने में सफल हो सके। यह बात उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रावमापा ईसपुर के वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरोली विधानसभा क्षेत्र शिक्षा का हब बना हुआ है। हरोली हल्के के होनहार बच्चें अपनी मेहनत के बल पर देश व प्रदेश के उच्च संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल भी स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने स्कूली



बच्चों को नशे जैसी गतिविधियों से दूर रहने का आहवान किया और कहा कि विद्यार्थी अपना ध्यान पढ़ाई के साथ.साथ अन्य स्कूल की रचनात्मक गतिविधियों पर केंद्रित करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली में चिट्टे व अवैध खनन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे पर लगाम लगाने के लिए बाथू में पुलिस थाना खोला गया है ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों से होने वाली नशे की गतिविधयों पर लगाम लगाई जा सके।

वार्षिक समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उप मुख्यमंत्री ने 31 हजार रुपए स्कूल को देने की घोषणा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूली प्रधानाचार्य मदन लाल बनियाल ने वार्षिक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, प्रदेश कमेटी सचिव अशोक ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू, ईसपुर प्रधान बक्शो देवी, लीगल सेल के अध्यक्ष वरिन्दर मनकोटिया, उपायुक्त राघव शर्मा, एसपी अर्जित सेन ठाकुर, नगनोली प्रधान मेहताब ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

**शीतला माता मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र दिया जाएगा भव्य आकार**

वार्षिक समारोह के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने शीतला माता मंदिर में माथा टेका तथा पूजा अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ईसपुर में स्थित शीतला माता मंदिर सभी लोगों की आस्थाओं व मान्यताओं का प्रतीक है, जिसके निर्माण पर लगभग 5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह मंदिर निर्माण के लिए गंभीर है और इसके लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं तथा आने वाले समय में यहां पर एक भव्य मंदिर बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि शीतला माता मंदिर से दमामियां सडक का निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

# सरकार गांव के द्वार ग्राम पंचायत नारायणी के जखरोड़ा गांव में

**अध्यक्षता**

**8 ग्राम पंचायत नारायणी में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**स्वास्थ्य एवं** परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 23 जनवरी, 2024 को कसौली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नारायणी में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी गत दिवस को उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र का सरकार गांव के



द्वार कार्यक्रम नारायणी ग्राम पंचायत जखरोड़ा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे आरम्भ होगा। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जहां विभिन्न समस्याओं का समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा वहीं लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में नशा निवारण के विषय में भी लोगों को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में रोगियों के उपचार के साथ-साथ सामान्य परीक्षण निःशुल्क किए जाएंगे। रोगियों को दवाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।मनमोहन शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी एवं पात्रता के सम्बन्ध में अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया विभिन्न समस्याओं के निपटारे के लिए अपने आवेदन पत्र देते समय अपना मोबाईल नम्बर अवश्य अंकित करें। उपायुक्त ने लोगों से आग्रह किया कि बड़ी संख्या में पहुंचकर सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# छात्रावास के बच्चों के साथ मनाई प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशियां

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**अयोध्या में** प्रभु श्रीराम जी के नवनिर्मित भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की उल्लास समाज के हर वर्ग में देखने को मिला। ऐसे में मंडी में एक ऐसे आयोजन की झलक भी देखने को मिली जहां पर उन बच्चों के साथ इसकी खुशियां मनाई गई जिनका या तो कोई नहीं या फि र वे गरीब व दूरदराज क्षेत्र के परिवार से संबंध रखते हैं। ऐसे 26 बच्चे मंडी शहर के साथ लगते बाड़ी गुमाणू स्थित स्वामी विवेकानंद छात्रावास में रहते हैं। यह बच्चे कहीं प्रभु श्रीराम के इस भव्य आयोजन की खुशियों से वंचित न रह जाएं इसके लिए यहां पर सेवा



भारती हिमाचल प्रदेश ने विशेष आयोजन किया गया जिसमें सोच संस्था सहित स्थानीय महिला एवं युवक मंडलों सहित अन्य लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। छात्रावास परिसर में अयोध्या में हुए भव्य आयोजन का सीधा प्रसारण दिखाया गया और यहां हवन यज्ञ करके पूणाहूति डाली गई। इसके साथ ही भजन कीर्तनों के माध्यम से प्रभु महिमा का बखान भी किया गया और इन भजनों पर लोग जमकर झूमे भी। इसके साथ ही सभी के लिए भोजन का प्रबंध भी किया गया था। सेवा भारती हिमाचल प्रदेश स्वामी विवेकानंद छात्रावास समिति बाड़ी गुमाणू के अध्यक्ष खेम चंद शास्त्री और सोच संस्था के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इस आयोजन की खुशी से कोई वंचित न रह जाए, इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है। सभी में इस बात को लेकर भारी उत्साह है कि 500 वर्षों का संघर्ष आज फ लीभूत हुआ है और अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर न सिर्फ तैयार हुआ है बल्कि रामलला भी वहां विराजे हैं। छात्रावास के बच्चों में भी इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

# राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार पर स्वास्थ्य मंत्री शांडिल ने जताई चिंता

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**सोलन में** स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया उन्होंने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी के साथ असम में बेहद दूर व्यवहार किया गया है जो बेहद शर्मा के उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में ऐसा कतई नहीं होना चाहिए लेकिन उसके बावजूद भी इस तरह की घटनाएं हो रही है जो बेहद चिंता का विषय है जिसका वह और ऑल इंडिया कांग्रेस विरोध करती है उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं अब बर्दाश्त के बाहर होती जा रही हैं। स्वास्थ्य



मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि आज मैं सभी को श्री राम की मूर्ति स्थापित होने पर देश को बधाई देते हैं वहीं वह कहना चाहते हैं कि जिस तरह से असम में उनके नेता राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार हुआ है वह बेहद नींद नहीं है उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से देश में अशांति का माहौल पैदा होगा जो देश हित में नहीं है।

# पुलिस ने सट्टा लगाते दो किए काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। जिला** ऊना के विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने सट्टा लगाते हुए दो काबू किया है। पुलिस ने दोनों से 2240 रुपये की नगदी हासिल की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला झलेड़ा का है, जहां पर पुलिस ने रविवार रात्रि को बलजिंद्र सिंह निवासी अंब को पर्ची दड़ा सट्टा व 910 रुपये की नगदी बरामद की गई। वहीं दूसरा मामला संतोषगढ़ रविवार रात्रि का है। जहां पर पुलिस ने गश्त के दौरान पर्ची दड़ा सट्टा व 1330 रूपए बरामद किए गए।

# गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में धूम मचाएगी मांडव्या कला मंच

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**गणतंत्र दिवस** के उपलक्ष में दिल्ली के लाल किला में एनजेडसीसी द्वारा आयोजित भारत पर्व 2024 में हिमाचल प्रदेश की विख्यात सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था मांडव्य कला मंच के लोक कलाकार प्रदेश का नेतृत्व कर लुडुी की धूम मचाने जा रहे हैं दल का नेतृत्व प्रदेश के मशहूर संस्कृतिकर्मी एवं संस्थापक मांडव्य कला मंच कुलदीप गुलेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मंच के नौ कलाकार भारत पर्व में पहली बार देश के 20 राज्यों के 200 कलाकारों के साथ 25 जनवरी को दिल्ली के लाल किला में



प्रदेश की सांस्कृतिक झलकी प्रस्तुत कर देश के सभी कलाकारों के साथ फि नाले की बहुरंगी छठा विखेरेंगे। इसके लिए देश के मशहूर कोरियोग्राफ र सुशील शर्मा अपने सहयोगियों के साथ 18 जनवरी से खूब पसीना बहा रहे हैं गौरतलब है कि गत वर्ष भी मांडव्य कला मंच के कलाकारों द्वारा इतिहास रचते हुए वंदे भारतम् कार्यक्रम में भी पहली बार ही राज्य, अंतर्राज्य और फि र ज्वाहर लाल नेहरू स्टेडियम में ग्रैंड फिनाले जैसी बाधा को पार कर सभी मुकाबले जीतकर राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर कर्तव्य पथ पर हिमाचल का परचम लहराते हुए मंडी जनपद का गौरव बढ़ाया जबकिगत बर्ष सम्मेलन के अतिरिक्त कुल्लू दशहरा में प्रथम बार 15 देशों के कलाकारों के साथ सांस्कृतिक झांकी व जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता जीतकर मंडी की शान बढ़ाई है।

# राम नाम की भक्ति में डूबा सोलन शहर, शोभायात्रा में लोगों को हुए अयोध्या जी मे बने राम मंदिर के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**अयोध्या में** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। देशभर में आज दिवाली की तरह इस दिन को मनाया जा रहा है। सोलन की अगर बात करें तो सोलन में भी लोग राम नाम की भक्ति में डूबे है। भक्तों द्वारा जगह जगह पर सोलन शहर में भंडारे लगाए गए हैं। शहर के सभी मंदिरों शुलिनी मन्दिर, सनातन धर्म मन्दिर, हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्त आकर दर्शन कर रहे है। मंदिरों को आज पूरी तरह से सजाया गया है। अपनी अपनी श्रद्धा अनुसार शहर में लोगों द्वारा आज समारोह का आयोजन किया जा



रहा है। शूलिनी सेवा दल द्वारा आज शहर को दियों को साथ सजाया का रहा है। शहरवासियों द्वारा आज शहर में शोभायात्रा निकाली गई है। पहाड़ी वाद्य यंत्रों और बैंड बाजे के साथ झांकियां निकाली जा रही है। लोग भी इस शोभायात्रा में नाचते हुए हिस्सा ले रहे है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सोलन पुलिस ने भी कमान संभाली हुई है। जगह-जगह पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। लोगो की सुविधा के लिए आज मॉल रोड़ बन्द रखा गया है।

# अरलू के दंगल में चंबा का रफी पहलवान बना विजेता

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**कुटलैहड़ क्षेत्र** के गांव अरलू स्थित लख दाता पंज पीर मंदिर में आयोजित हुए दंगल मेले में चंबा के रफी पहलवाल विजेता बने। जबकि उपविजेता का खिताब पठानकोट के परवीन के नाम रहा। दंगल मेले के समापन अवसर पर पहुंचे मुख्यतिथि सुबेदार रघुवीर सिंह राणा ने विजेता पहलवान को 5100 रुपए व गुर्ज और उपविजेता पहलवान को 4100 रुपए व गागर देकर सम्मानित किया। मंदिर कमेटी के प्रधान एवं जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष राकेश राजू ने बताया कि एक दिवसीय मेले में क्षेत्र सहित बाहरी राज्यों के पहलवानों ने अपना दम दिखाया। इस अवसर पर राजू राणा, रमेश राणा, रणजीत सिंह राणा, वरिंदर सिंह, सुरेश राणा, रोहित राणा, अंशुल राणा, डॉ अभिनव राणा व चिंकू राणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हर कण में राम, हर क्षण में राम, प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सजा सोलन शहर

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**अयोध्या में** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है देश भर में लोग इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित है। सोलन में भी आज पूरे जिला में लोग इस कार्यक्रम को त्यौहार के रूप में बना रहे हैं और सुबह से ही मंदिरों में राम नाम का भजन कीर्तन किया जा रहा है। सोलन शहर में जहां सुबह सवेरे प्रभात फेरी निकाल कर लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाए वहीं मंदिरों में भजन कीर्तन भी किया गया है। वहीं अयोध्या में हो रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



को आज जिला में 44 जगह पर एलईडी के माध्यम से लोगों को दिखाया जा रहा है। सोलन के दुर्गा क्लब स्थित टेनिस ग्राउंड में आज हवन का आयोजन भी किया गया जिसमें शहर वासियों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया वहीं आज इस कार्यक्रम को लेकर शहर के सभी मंदिरों फू ल मालाओं के साथ सजाया गया है जगह.जगह पर आज के कार्यक्रम को लेकर अखंड रामायण पाठ किए जा रहे हैं वहीं भंडारों का आयोजन भी आज सोलन शहर में किया गया है। सोलन शहर वासियों का कहना है कि आज का दिन उनके लिए सौभाग्य का दिन है वे सौभाग्यशाली है कि वह इस दिन के साक्षी बने हैं कई पीढि?ां उनके परिवारों की आज के इस दिन को देखने के लिए नहीं है लेकिन आने वाली पीढियां के लिए यह दिन यादगार रहे इसके लिए आज भव्य कार्यक्रम सोलन शहर में आयोजित किया जा रहे हैं। साल 1991-92 में कारसेवक के रूप में अयोध्या पहुंचे लोगों ने उसे क्षण को याद करते हुए अपनी बातों को रखा और कहा कि उसे संघर्ष का फल आज उन्हें मिला है। 500 साल के बाद आज इस त्यौहार को लेकर दिवाली मनाई जा रही है जिसको लेकर आज वे लोग भी साक्षी बने हैं। वहीं आज कई संस्थाओं द्वारा कारसेवकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम भी रखा गया है शाम के समय सोलन शहर में दियों के साथ सोलन शहर की सजावट की जाएगी वहीं आतिशबाजी भी आज शहर के बाजारों में लोगों द्वारा की जाएगी।

# कुल्लू घाटी हुई राम मय, मंदिरों में जुटी भीड़

**कुल्लू। पूरे देश** में जहां दिवाली जैसा माहौल बना हुआ है तो वहीं देव घाटी कुल्लू में भी उत्सव जैसा माहौल बना रहा। जगह जगह खीर, खिचड़ी और हलवा के भंडारे लगे रहे। शहर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सुबह सवेरे घाटी में ठंड का प्रकोप होने के बाबजूद भारी संख्या में राम भक्त प्रभात फेरी में जुटे और भजन कीर्तन किया। जिला भर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लाइव कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अधिकतर कार्यक्रम मंदिरों में आयोजित किए गए।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा से देश आर्थिक व धार्मिक रूप से होगा समृद्ध

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन ।**

**राम नाम से** सराबोर पूरा सोलन शहर हुआ है। सुबह से ही जगह-जगह राम नाम के भजनों की गूंज में मग्न हुए लोग श्री राम नाम के झंडे हाथों में लिए घूमते रहे । दोपहर के समय जैसे ही अयोध्या में मूर्ती स्थापना शुरू हुई वैसे ही सड़कों पर लगी बड़ी-बड़ी स्क्रीनों पर लोग नजरें लगाए इस भव्य समारोह के साक्षी बने । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिर में प्रवेश से लेकर प्राण प्रतिष्ठा होने तक सड़कों पर लोगों का भारी हजूम उमड़ पड़ा । शहर की मुख्य सड़कों पर वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया । जिससे लोग बेखोफ इस अवसर का आनन्द ले सकें । श्री राम भक्तों द्वारा शहर भर में तरह-तरह के व्यंजनों का भण्डारा लगाया गया । लोग कतारों में खड़े



होकर भण्डारों का लुत्फ लेते दिखे । कहीं दाल-चावल तो कहीं मिठाइयां परोसी गई । लड्डुओं के बेहिसाब टोकरे बांटे गए । स्थानीय सामाजिक संस्थाओं द्वारा शहर में भव्य झांकी निकाली गई और राम नाम के भजनों के साथ झूमते हुए राम भक्त नाचते दिखे । सोलन में समस्त सरकारी व निजी संस्थानों में इस त्यौहार रूपी दिवस को मनाने के लिए छुट्टी होने के चलते सभी धर्म समुदाय के लोगों ने अपनी खुशी का इजहार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी । मंदिरों में भी खूब पूजा अर्चना लोगों द्वारा की गई । सुबह से लेकर देर शाम तक लोग मंदिरों में भजन कीर्तन करते दिखे । प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पुलिस का सख्त पहरा लगा रहा । जिससे कि कोई शरारती तत्व इस शुभ घड़ी में कोई अप्रिय घटना को अंजाम ना दे सके । लोगों का कहना है कि आखिरकार पांच सौ वर्षों बाद प्रभु श्री राम भारत की भूमि अपने जन्म व कर्मस्थल अयोध्या में विराजे हैं । इससे देश में हर प्रकार की समृद्धि देखने को मिलेगी और भारत देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है । उनका कहना है कि जितना धर्म की ओर जनता का झुकाव होगा उतना ही आसुरी शक्तियों का नाश होगा और देश आर्थिक व धार्मिक दृष्टि से समृद्ध होगा ।

# अयोध्या जाने वाली ट्रेन की न ऑनलाइन और न रेलवे काऊंटर पर होगी बुकिंग

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**ऊना से श्री** राम जन्म भूमि को अयोध्या को जाने वाली तीन विशेष ट्रेन की बुकिंग को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है। 29 जनवरी, 5 व 7 फरवरी को चलने वाली रेलगाड़ी की न तो ऑनलाइन टिकट होगी और न हीं किसी भी रेलवे काऊंटर पर विशेष ट्रेन की बुकिंग हो पाएगी। रेलवे बोर्ड द्वारा ट्रेन का नंबर जारी करने के बाद लगा था कि जल्द ही इसकी बुकिंग शुरू होगी, लेकिन ऐसा नहीं है। इस ट्रेन में सीट्स की बुकिंग के लिए भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य संस्थाओं के पास पंजीकरण करवाना होगा। अयोध्या के लिए चलाई जा रही विशेष तीन ट्रेन में स्लीपर के अलावा अन्य कोई कोच नहीं है। ऐसे में कड़ाके की ठंड में राम भक्तों को सफर के दौरान परेशानी झेलनी पड़ सकती है। बता दें कि रेलवे बोर्ड की ओर से जारी शेड्यूल अनुसार पहली ट्रेन 29 जनवरी को अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन से सुबह 6 बजे चलेगी, जो कि ऊना से 6.50 पर श्रद्धालुओं के लेकर अयोध्या के लिए बढ़ेगी। वापसी में यह ट्रेन 31 जनवरी की रात 12 बजकर 40 मिनट पर चलेगी, जो कि 19 घंटे का सफर तय कर रात आठ बजे अंब अंदौरा पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन 5 फरवरी को लेकर सुबह 06:50 पर ऊना से अयोध्या कैंट के लिए रवाना होगी। वापसी में ट्रेन 7 फरवरी को रात 12 बजकर 40 मिनट पर अयोध्या कैंट से वापिस ऊना के लिए चलेगी, जो कि 18 घंटे 20 मिनट का समय तय कर शाम 7 बजे ऊना पहुंच जाएगी। तीसरी ट्रेन 7 फरवरी को दोपहर 3:50 पर अंब अंदौरा व 04:14 से ऊना स्टेशन से चलेगी। 8 फरवरी की सुबह 9 बजकर 25 मिनट पर अयोध्या धाम पहुंचेगी। जबकि यह ट्रेन 9 फरवरी को सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर चलेगी और 10 फरवरी की सुबह 6:15 पर पहुंच अंब-अंदौरा स्टेशन पर पहुंचेगी।

# 'मंदिर वहीं बनाया है, 22 जनवरी 2024 को नया सवेरा आया है'

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा देख मन हुआ भावविभोर, नए युग का हुआ प्रारंभ, श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर में अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखा लाइव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करनाल के श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर से देखा। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखकर मन भाव विभोर हो गया है। इस प्रसन्नता में न केवल पूरे देश, बल्कि विश्व के करोड़ों लोग शामिल हैं। एक नए युग का प्रारंभ हुआ है।

करनाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम कहते थे कि सौगंध राम की खाते हैं, हम मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन कांग्रेस के लोग कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। हम श्रीराम के वंश हैं, मंदिर वहीं बनाया है, 22 जनवरी 2024 को एक नया सवेरा आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हर्ष और खुशी का दिन है। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता को हार्दिक बधाई दी।

**श्रीराम के प्रति आस्था देख बच्चे को गोद में लेकर झूम उठे मुख्यमंत्री:** कार्यक्रम के दौरान एक नन्हें बच्चे ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। बच्चे की भगवान श्रीराम में आस्था देखकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उसे गोद में उठा लिया और उसे लेकर झूमने लगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत में रामभजन की पंक्तियां भी गुनगुनाई। उन्होंने गाया कि देश का बच्चा-बच्चा राम है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भगवान श्री राम के जयकारे लगाए।

**गौशालाओं को दिया अनुदान का चैक:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर करनाल जिला की तीन गौशालाओं को अनुदान का चैक दिया। इस दौरान उन्होंने अखाड़ा बाबा साहिब गिरी गऊ चिकित्सालय को 2 लाख 10 हजार रुपये, श्री कृष्ण कृपा गऊशाला को 6 लाख 72 हजार रुपये और श्री राधाकृष्ण गौशाला को 9 लाख 3 हजार रुपये की अनुदान राशि का चैक दिया।



**हमारी आस्था के लिए बड़े गौरव का दिन : संजय भाटिया**
करनाल के सांसद संजय भाटिया ने भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की देश और प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था के लिए आज बड़ा ही गौरव का दिन है। 500 वर्षों के संघर्षों के बाद, जिस दौरान हमारे बुजुर्गों ने कुबार्नी दी, जो सपना उन्होंने देखा था, आज वह पूरा हुआ है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बन गया है। उन्होंने कहा कि लोगों में बहुत उत्साह है, इसका प्रमाण एक दिन पहले पानीपत में आयोजित शोभा यात्रा में देखने को मिला, जब लाखों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और प्रभू श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्सव मनाया। मैं भगवान श्रीराम से प्रार्थना करूंगा कि प्रत्येक जनमानस की मनोकामना पूरी करे।

**लोक कलाकारों ने भजन कीर्तन से श्रद्धालुओं को किया भक्ति रस से सराबोर:** अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर स्थानीय श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के लोक कलाकारों ने भजन कीर्तन से श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम की भक्ति रस से सराबोर किया।

करनाल के पूर्व जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी धर्मबीर सिंह द्वारा रचित लोक गीत श्री राम के वंशज है हम, मंदिर वहीं बनाया है, 22 जनवरी सन 2024 को नया सवेरा आया है, पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल जय श्री राम, जय श्री राम के नारे से गूंज उठा।

स मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आंनद, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र, हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मल बैरागी, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष आजाद सिंह, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा, भाजपा जिला महामंत्री राजबीर शर्मा व सुनील गोयल, कोष अध्यक्ष बृज गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रवीन लाठर, भाजपा नेता जगदेव पाढा, ईलम सिंह, हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला अध्यक्ष एवं श्री राधा कृष्ण गौशाला के संचालक कृष्ण लाल तनेजा व सचिव हरमीत सिंह हैपी, श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के पदाधिकारी रविन्द्र अग्रवाल व आर.के. शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता भी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर बांटे लड्डू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। आज** अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत की टीम द्वारा मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में सभी शिक्षकों एवम साधकों द्वारा श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-14 में एक भव्य आयोजन किया गया, जिसमें दीप प्रज्वलित किए गए। इसके बाद श्री राम के भजनों के साथ योग सत्र किया गया एवम सभी के द्वारा भजनों के साथ प्रभु श्री राम की आराधना की गई। सारा मंदिर श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। समारोह के अंत में सभी को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने सभी देशवासियों को प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी।

### 20 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस सीआईए** टू की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी आजम पुत्र साजिद वासी भूरा निवासी जिला शामली उत्तर प्रदेश को नजदीक रविदास चौंक मेरठ रोड करनाल से गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। इस संबंध में आरोपी आजम के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी जल्दी अमीर बनने के लालच में स्मैक जिला मेरठ उत्तर प्रदेश से लेकर आता है और यहां लाकर ऊंची कीमत में बेचकर पैसे कमाता है। आरोपी आजम को न्यायालय में पेश करके दो दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस व्यक्ति से स्मैक लाई गई है, उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### सीएम मनोहर लाल ने डेरा बाबा जोध सचियार में मत्था टेक कर लंगर ग्रहण किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शोभा यात्रा के समापन के बाद सर्वसांझीवालता का प्रतीक डेरा बाबा जोध सचियार में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी व भगवान श्री राम के सामने मत्था टेक कर प्रदेशवासियों के लिये मंगल कामना की मन्नत मांगी। वहीं डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान व हांसी के विधायक विनोद भयाना व कमेटी के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने डेरे पर मत्था टेकने के बाद गुरु घर का लंगर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने कमेटी के सरपरस्त भाई रामनाथ भयाना से मिल कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आशीर्वाद सवरूप सरोपा, बाबा जी व भगवान श्री राम की फोटो भेंट की गई। इस अवसर पर महासचिव सुरजीत सिंह भयाना,सहसचिव राकेश भयाना, वेद बठला, जसपाल सिंह भयाना, कमल भयाना, नरेंद्र भयाना, गुलशन भयाना,अशोक भयाना, सुरेश बजाज,यशपाल ग्रोवर, हरभजन भयाना व मित्रसेन ऐलावादी मौजूद रहे।

## अमेरिका भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना सेक्टर** 32-33 की टीम द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी रजत भूटानी पुत्र राजेश कुमार निवासी आदर्श नगर करनाल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में शिकायतकर्ता आशीष वासी सेक्टर-32 करनाल ने शिकायत दी थी कि आरोपी रजत वासी करनाल ने मुझे और मेरे दोस्त विशु चौधरी को अमेरिका भेजने का आश्वासन देकर हमसे पौने सोलह लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। आरोपी रजत द्वारा पैसे लेकर न हमको अमेरिका भेजा गया और न ही हमें हमारे पैसे वापिस दिए गए। शिकायत के आधार पर नामजद आरोपी की खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में 18 जनवरी को 24 इमिग्रेशन एक्ट और आईपीसी की धारा 406 और 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मामले में तुरंत कार्यवाही



करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी रजत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसका रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ कर बरामदगी की जाएगी।

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**स्थानीय** शिवाजी स्टेडियम के प्रांगण में बुधवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। एडीसी वीना हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन उपायुक्त राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने बताया कि फाइनल रिहर्सल में पुलिस विभाग के पुरुष व महिला वर्ग, होमगार्ड तथा एनसीसी महिला का शानदार मार्चपास्ट होगा वहीं विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा पीटी शो, डंबल शो व लेजियम तथा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार तरीके से प्रस्तुति दी जाएगी।

## मंदिरों में लगे श्री राम के जयकारे

### प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बडी स्क्रीन पर लोगों ने देखा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। शहरभर** के मंदिर आज श्री राम के जयकारों से गूंज उठे। अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर श्री विश्वकर्मा मंदिर शिवकलोनी और प्रेम कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में सुबह 10 बजे हवन हुआ और 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अयोध्या धाम से प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बडी स्क्रीन पर लोगों ने देखा। अंत में सभी ने मिलकर सामूहिक आरती की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। लाइव कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने श्रीराम के जयकारे लगाकर नृत्य भी किया।



शिव कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्रीराम, सीता, लखन, हनुमानजी एवं महर्षि वाल्मीकि जी की झांकी बीएस स्कूल से आई, जिसका मंदिर में पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। राम परिवार का अभिषेक करने के बाद सभी ने भगवान की आरती की। आरती करने के पश्चात भंडारा कराया गया। इसके अलावा आज श्री वैष्णो देवी मंदिर, श्री राधे कृष्ण मंदिर, श्री रामभक्त श्री हनुमान मंदिर, बालाजी मंदिर में भी भजन, कीर्तन और सीधा प्रसारण दिखाया गया और बाद मे सभी मंदिरों ने भंडारा लगाया गया।

## साढ़े 8 लाख रुपए और बाइक लेकर सुपरवाइजर हुआ फरार, मामला दर्ज, जांच शुरू

### फैक्टरी मालिक ने उसे अपनी किसी पार्टी के घर से पेमेंट लाने के लिए भेजा था, वह पेमेंट लेने गया, लेकिन पेमेंट लेकर वापस ही नहीं लौटा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**करनाल की** एक फैक्ट्री का सुपरवाइजर साढ़े 8 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। फैक्टरी मालिक ने उसे अपनी किसी पार्टी के घर से पेमेंट लाने के लिए भेजा था। वह पेमेंट लेने गया, लेकिन पेमेंट लेकर वापस ही नहीं लौटा। इसके बाद मालिक को शक हुआ और उसने कॉल किया तो कर्मचारी का फोन बंद मिला।

वह सुपरवाइजर के घर भी पहुंचा, लेकिन वहां उसे पता चला कि आरोपी तो दो दिन से घर ही नहीं है। फैक्ट्री मालिक ने सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को पूरे मामले की शिकायत दी और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू



कर दी।

सैक्टर-7 निवासी अमन अरोड़ा ने बताया कि करनाल के सेक्टर-3 में गणपति लैमिनेटर के नाम से उसकी फैक्टरी है, जिसमें वह पैकिंग मटेरियल बनाने का काम करते हैं। फैक्टरी में करनाल के जुंडला गेट का रहने वाला रोहित शर्मा भी पिछले 5 माह से सुपरवाइजर के पद पर काम करता था, जिसका काम पार्टी से पैसे लेकर उन्हें बैंक में जमा करवाने का था।

अमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसने रविवार को सेक्टर-7 निवासी करण पुरी से साढ़े 8 लाख रुपए की पेमेंट लेनी थी। पेमेंट तैयार थी, लिहाजा उसने रोहित को करण के पास पेमेंट लेने के लिए भेजा और कहा था कि यह पेमेंट मेरे घर पर दे दे। रोहित फैक्टरी की बाइक पर करण के पास गया। उसने वहां से पेमेंट ली, लेकिन इसके बाद आरोपी न तो घर पहुंचा और न ही फैक्टरी लौटा।अमन ने बताया कि देर शाम तक रोहित का कोई पता नहीं चला तो उसकी उसकी चिंता और भी बढ़ गई, क्योंकि रोहित के पास एक मोटी रकम कैश थी। उसने रोहित को कॉल किया तो उसका फोन स्विच ऑफ आया।

**धोखाधड़ी**

> 8 वह सुपरवाइजर के घर भी पहुंचा, लेकिन वहां उसे पता चला कि आरोपी तो दो दिन से घर ही नहीं पहुंचा

वह जुंडला गेट पर रोहित के घर भी गया, जहां घरवालों ने बताया कि रोहित तो दो दिन से घर भी नहीं आया। सेक्टर 32-33 थाना के जांच अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि अमन ने अपने कर्मचारी रोहित पर साढ़े 8 लाख की पेमेंट लेकर फरार होने का आरोप लगाया है और शिकायत दी है। आरोपी बाइक लेकर भी गया है।

## छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रिता : डॉ वीरेंद्र

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**डीसी** डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 की अवधि के लिए डा. भीमराव अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। छात्र आगामी 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि अनुसूचित वर्ग के जिन शहरी विद्यार्थियों के कक्षा दसवीं में 70, कक्षा बारहवीं में 75 व स्नातक कक्षाओं में 65 प्रतिशत अंक हैं वे इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार गांवों में अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थी के कक्षा दसवीं में 60, बारहवीं में 70 व स्नातक कक्षा में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग-ए के शहर में रहने वाले विद्यार्थी ने मैट्रिक में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। पिछड़ा वर्ग-बी के शहरी छात्र या छात्रा के मैट्रिक में 80 एवं ग्रामीण विद्यार्थी के 75 प्रतिशत अंक होने चाहिए तभी वह योजना का पात्र होगा।

जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने बताया कि इन विद्यार्थियों को आठ हजार रुपए दसवीं पास होने पर, एससी आवेदक को बारहवीं पास करने पर आठ से दस हजार रुपए तथा स्नातक पास होने के बाद 9 से 12 हजार रुपए आगे की पढ़ाई के लिए दिए जाएंगे। डा. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए विद्यार्थी के परिवार की वार्षिक आय चार लाख रुपए से कम का प्रमाण-पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, वर्तमान अध्ययनरत कक्षा का आईडी कार्ड या प्रमाण, मार्कशीट, फैमिली आईडी आदि दस्तावेज आवेदन के साथ लगाने होंगे।

## कांग्रेस संदेश यात्रा का पानीपत ग्रामीण में पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत: ओमवीर सिंह

### 'हरियाणा में कांग्रेस सन्देश यात्रा से भाजपा-जजपा की सरकार घबराई'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री बहन कुमारी शैलजा व राष्ट्रीय महासचिव एव राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक किरण चौधरी के द्वारा हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लक्ष्य को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व जननायक राहुल गांधी के सन्देश को यात्रा के माध्यम से घर घर पहुचाने के लिये 17 जनवरी को हिसार की सब्जी मंडी से कांग्रेस सन्देश यात्रा का शखानन्द किया गया जोकि हरियाणा की सभी लोकसभा व तमाम विधानसभाओं को छूते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी । वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ताओ का मीटिंग आयोजन महादेव कालोनी में स्थित गुलजार गार्डन में किया । जिसमें काफी संख्या में कर्तकर्ता ने भाग लिया। उपस्थित कार्यकर्ताओ की बैठक को सम्बोधित करते कहा कि आज समय बदलाव की ओर है हरियाणा में भाजपा-जजपा की सरकार से लोग तंग आ चुके । उन्होंने 24 जनवरी को पानीपत में आने वाली कांग्रेस सन्देश यात्रा का मिनी सचिवालय स्काईलाक के सामने जीटी रोड़ पर 2 बजे यात्रा का 36 बिरादरी के लोगो द्वारा ऐतिहासिक व भव्य स्वागत किया जायेगा।

## गांव बारना में दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन: सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) विधायक सुभाष** सुधा ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश ने एकदम करवट बदली है। मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर काफी परिवर्तन आए हैं। देश का इंफ्रास्ट्रचर मजबूत हुआ है। भारत विश्व में एक बड़ी ताकत के रूप में उभरा है। देश की दशा और दिशा बदली है। एक समय ऐसा था जब भारत अनेक मामलों में काफी पीछे था, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक व्यवस्था वाला देश बन



गया है। दुनिया जो सोच नहीं सकती थी वे अविश्वनीय कार्य मोदी के नेतृत्व मे हुए हैं।विधायक सुभाष सुधा सोमवार को गांव बारना में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर बारना से राहुल कुमार, देवा कुमार, मनीष कुमार, साहिल, सचिन कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार, रवि कुमार, कर्ण कुमार, सौरव कुमार, दीपक कुमार, संजय कुमार, बिंद्र, प्रवीण कुमार, सुखविंद्र, विवेक कुमार, जितेश कुमार, प्रदीप कुमार ने भाजपा पार्टी को विधायक सुभाष सुधा और भाजपा युवा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य साहिल सुधा के नेतृत्व में ज्वाईन किया है। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों की चिंता की है। हर गरीब के घर में रसोई गैस सिलेंडर, हर घर नल से जल, आयुष्मान कार्ड दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि कोई भी गरीब परिवार सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस के कार्यकर्ताओं की मेहनत लाई रंग

### जिला के 300 से अधिक गांवों में एलईडी लगाकर देखा गया लाइव प्रोग्राम, 509 मंदिरों में भजन कीर्तन व भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** 500 वर्ष के लम्बे इंतजार के बाद भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाल स्वरूप में भगवान श्री राम की प्रतिमा का धार्मिक रीति-रिवाज के साथ उनके जन्म स्थान अयोध्या में 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड में अनावरण हो गया।

इस भव्य समारोह के उपलक्ष्य में देशभर के मंदिरों व अन्य स्थानों पर भी धार्मिक कार्यकर्मो का भी आयोजन हुआ। जिन धार्मिक कार्यक्रमों में भजन बंदगी, कीर्तन भण्डारे व मंदिरों में एलईडी लगाकर समस्त समाज द्वारा लाइव



कार्यक्रम देखा गया।

करनाल जिला विश्व हिन्दू परिषद के जिला मन्त्री व कार्यक्रम के संयोजक नीरज गोयल ने बताया कि जिला के 300 से अधिक गावों में एलईडी लगाकर लाइव प्रोग्राम देखा गया और 509 मंदिरो में भजन कीर्तन व भंडारों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में करनाल जिला के 119 नगरों में भी लाइव कार्यक्रम का आयोजन हुआ व 183 बस्तियों में भजन कीर्तन व भण्डारों का आयोजन हुआ।

विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष सतीश गुप्ता ने बताया कि करनाल जिला के रामभक्तों ने गाँव गाँव, घर घर, नगरों व मंदिरो में ढ़ोल नगाडों, साज बाज व नाच गाकर हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से पर्व की तरह कार्यक्रम मनाया गया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला संगठन मंत्री कुलदीप कुमार ने भगवान श्री राम के सफल धार्मिक कार्यकर्मो के लिये विश्व हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी पदाधिकारीयों को साधुवाद दिया और कहा कि राम जी के इस पावन पवित्र कार्य को विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के व सामाजिक संस्थाओं के

**भव्य**

> 8 इस भव्य समारोह के उपलक्ष्य में देशभर के मंदिरों व अन्य स्थानों पर भी धार्मिक कार्यकर्मो का भी आयोजन हुआ

## गांव सनौली खुर्द में विशाल भण्डारे का आयोजन

**प्रभु तेरे नाम**

> 8 ग्रामीणों ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्रांण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया

**पानीपत /कमाल हुसैन**
**गांव सनौली** खुर्द शिव मंदिर में ग्रामीणों ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्रांण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री राम कथा व श्री राम के भक्ती गीता गाए गए। इस उपरान्त समस्त ग्रामीणों ने सामुहिक रूप से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण



किया। अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिलाओं ने श्री राम के भजन गीता पर ढोल बाजे के साथ गांव के चारो ओर श्री राम की झांकी निकाली गई। श्री राम के भजनो पर झुमते बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सभी श्री राम के नारे लगाते हुए जमकर ड़ास किया। इस दौरान श्री राम पर भक्ती गीत भी गाए। आयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव सनौली खुर्द के समाजसेवी पंडित मुकेश त्यागी, सरपंच संजय त्यागी, नरेश कुमार, राममेहर त्यागी ने ग्रामीणों को श्री राम मंदिर को लेकर घरो में दीये जला भव्य तैयारी की गई है।

## संपादकीय

# आमजन के राम

**राम की** कहानी युगों से भारत को संवारने में उत्प्रेरक रही है। इसीलिए राष्ट्र के समक्ष सुरसा के जबड़ों की भांति फैले हुए सद्य संकटों की रामकहानी समझना और उनका मोचन इसी से मुमकिन है। शर्त यही है राम में रमना होगा, क्योंकि वे ''जन रंजन भंज न सोक भयं'' हैं। बापू का अनुभव था कि जीवन के अंधेरे और निराश क्षणों में रामचरित मानस में उन्हें सुकून मिलता था। राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि ''राम का असर करोड़ों के दिमाग पर इसलिये नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं। आदमी तब उसी मिसाल के अनुसार अपने कदम उठाने लग जाता है।'' इन्हीं मिसालों से भरी राम की किताब को एक बार विनोबा भावे ने सिवनी जेल में ब्रिटेन में शिक्षित सत्याग्रही जेसी कुमारप्पा को दिया और कहा, ''दिस रामचरित मानस ईज बाइबल ऐंड शेक्सपियर कम्बाइन्ड।'' लेकिन इन दोनों अंग्रेजी कृतियों की तुलना में राम के चरित की कहानी आधुनिक है, क्योंकि हर नई सदी की रोशनी में वह फिर से सुनी, पढ़ी और विचारित होती है। तरोताजा हो जाती है।

गांधी और लोहिया ने सुझाया भी था कि हर धर्म की बातों की युगीय मान्यताओं की कसौटी पर पुनर्समीक्षा होनी चाहिए। गांधीजी ने लिखा था, ''कोई भी (धार्मिक) त्रुटि शास्त्रों की दुहाई देकर मात्र अपवाद नहीं करार दी जा सकती है।'' (यंग इण्डिया, 26 फरवरी 1925)। बापू ने नये जमाने के मुताबिक कुरान की भी विवेचना का जिक्र किया था। लोहिया तो और आगे बढ़े। उन्होंने मध्यकालीन रचनाकार संत तुलसीदास के आधुनिक आलोचकों को चेताया, ''मोती को चुनने के लिए कूड़ा निगलना जरूरी नहीं है, और न कूड़ा साफ करते समय मोती को फेंक देना।'' रामकथा की उल्लास-भावना से अनुप्राणित होकर लोहिया ने चित्रकूट में रामायण मेला की सोची थी। उसके पीछे दो प्रकरण भी थे। कामदगिरी के समीप स्फटिक शिला पर बैठकर एक बार राम ने सुन्दर फूल चुनकर काशाय वेशधारिणी सीता को अपने हाथों से सजाया था। (अविवाहित) लोहिया की दृष्टि में यह प्रसंग राम के सौन्दर्यबोध और पत्नीव्रता का परिचायक है, जिसे हर पति को महसूस करना चाहिये। स्वयं लोहिया ने स्फटिक शिला पर से दिल्ली की ओर देखा था। सोचा भी था कि लंका की तरह केन्द्र में भी सत्ता परिवर्तन करना होगा। तब नेहरू- कांग्रेस का राज था। फिर लोहिया को अपनी असहायता का बोध हुआ था, रावण रथी, विरथ रघुवीर की भांति। असमान मुकाबला था, हालांकि लोहिया के लोग रथी हुए उनके निधन के बाद। लोहिया रामचरितमानस के छोटे किस्सों का उद्धरण करते थे और आमजन की जिज्ञासा जगाते थे ताकि राम पर चर्चा व्यापक हो। मसलन बड़े भाई राम अकसर अनुज लक्ष्मण को उकसाते थे। जब धनुष टूटा तो नाराज परशुराम से लक्ष्मण का विवाद तीखा था। शूर्पणखा को टालने के लिए फिर राम ने लक्ष्मण को एवजी बनाया। दोनों में संवाद का आयमन क्या था? लोहिया ने अपने राम को साधारण मनुष्य जैसा ही देखा था। महात्मा गांधी के विषय में एक अचंभा अवश्य होता है। द्वारका के निकट सागर किनारे वे पैदा हुए पर जीवनभर सरयूतटी राम के ही उपासक रहे। वे द्वारकाधीश को मानो भूल ही गये। शायद इसलिए कि गांधीजी जनता के समक्ष राम के मर्यादित उदाहरण को पेश करना चाहते हों। रामराज ही उनके सपनों का भारत था, जहां किसी भी प्रकार का ताप नहीं था, शोक न था।

# क्रांतिकारी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



रमेश सर्राफ धमोरा

> "पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबंध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है"

**आजादी** की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 126 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चैथा स्थान प्राप्त किया था।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्धारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये। 1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया। 1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ। चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी। नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया।

पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबंध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है।



## कविता

### सदगुण अपनाएं

सद्गुण है सच्ची संपत्ति ,
दुर्गुण है बड़ी विपत्ति,
असत्यभाषण, दुराचार
ये फैलाते हैं भ्रष्टाचार,
पूरे यूरोप में फैला है
इसीलिए हो रहा
इतना अत्याचार,
कहीं धन की,
कहीं स्त्री की,
कहीं जमीन की
लिप्सा,स्पृहा, कामना,
हो रहा एक तरफा
अत्याचार
लोग बेबस लाचार,
कमजोर लाचार यूक्रेन को
कपटी मित्रों ने दिया दगा,
उसे समझ ना आया
कौन पराया
कौन अपना सगा,
दोस्तों के उकसावे पर
चढ गया,
युद्ध की सूली पर,
लाखों हुए बेघर
महिलाएं बच्चे हुए लाचार,
पूरा विश्व तमाशा देखते
कर रहा सिर्फ विचार,
ऐसे कपटी मित्रों से अच्छा
एक दिलेर बुद्धिमान दुश्मन

संजीव

---------

# श्री राम की वनवास से अयोध्या वापसी

**किशन सनमुखदास**

**22 ज**नवरी 2024 सोमवार के दिन का इंतजार करते भारत ही नहीं पूरी दुनियां के भक्तों की आंखें तरस गई थी कि कब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में सुखकारी रूप से होवे और हम प्रभु के जीवंत स्वरूप का दर्शन करें। बता दें कि हमारे बड़े बुजुर्गों ने ऐसा बताया है कि जब किसी भी व्यक्ति गुरु प्रभु महात्मा महामानव महापुरुष इत्यादि के स्वरूप में पूर्ण रूपेण पद्धति प्रक्रिया व धार्मिक अनुष्ठान प्राण प्रतिष्ठा की जाती है तो इसका मतलब यह माना गया है कि, उसमें उस प्राणी में प्राणों का संचार किया गया है, याने दूसरे शब्दों में अनुष्ठान कर उस स्वरूप को जीवित कर दिया जाता है जो अदृश्य रूप में होता है,मानवीय आंखों से दिख नहीं पता परंतु भक्त अगर हृदय की आंखों से देखे तो हाजरा हजूर प्रभु जरूर नजर आएंगे, बस इसी संज्ञान में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कर उनमें प्राणों का संचार किया गया है अब भक्तों के देखने का नजरिया है, अगर हृदय की आंखों से हम देखेंगे तो हम हाजरा हजूर प्रभु श्री राम के जीवंत दर्शन होंगे नहीं तो फिर वही कहावत कि,मानो तो मैं गंगा मां हूं ना मानो तो बहता पानी। अगर हृदय में विश्वास है तो हमें पत्थर में भी भगवान दिख जाते हैं, यदि हृदय में आस्थापूर्ण विश्वास नहीं है तो जीवंत प्रभु में भी पत्थर ही नजर आएगा ऐसी चर्चा मेरे दादाजी अक्सर अनेक मौका पर किया करते थे। जो बातें बचपनकी मैने सुनी वह आज जीवंत रूप में देख रहा हूं।पिछले कई दिनों से जिस तरह जोरदार भावपूर्ण तैयारीयों का नजारा हम मीडिया में देख रहे हैं, घर-घर व गांव, मेट्रो सिटी शहर को सजा हुआ, मैंने देखा तो रामायण में लिखी प्रभु श्री राम की वनवास से वापसी का मंजर मैं जीवंत देखने लगा, ऐसा लगा शायद हम हजारों वर्ष पूर्व की स्थिति त्रेतायुग में आ गए हैं। तब प्रभु श्री राम की 14 वर्षों के वनवास से वापसी हुई थी और संपूर्ण अयोध्या में दीपावली से भी बढ़कर माहौल था। हर व्यक्ति खुश था बस!! वही मंजर 22 जनवरी 2024 को देखा जब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो विश्व का हर राम भक्त खुशी से सराबोर होकर झूम उठा, मानो बस!! अब हमें प्रभु श्री राम मिल गए हैं, अब और कुछ नहींचाहिए। प्रभु दर्शन से ही हमारी सारी इच्छाएं पूर्ण हो गई है,यहभारतीयों का भाव पूरी दुनियां ने देख के कहा प्रभु श्री राम की वास्तव में वनवास से वापसी हुई है, जो 500 साल वनवास था जिसे वक्त को फिर दोहरा दिया है, चूंकि प्राण प्रतिष्ठा से पूरा विश्व सराबोर हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से प्रभु के जीवंत स्वरूप में आने के आभास से भक्तगण सराबोर हुए हैं। साथियों बात अगर हम 22 जनवरी 2024 को जोरदार ढंग से भावपूर्ण मन से मनाने की करें तो, प्राण प्रतिष्ठा में तैयारी ऐसी थी कि मानो असल दीपावली अबकी बार मनाई जाएगी। गली-चौराहों से लेकर टैक्सी, पेट्रोल पंपों और यहां तक कि घरों में भी राम धुन बज रहा है।

## विचार

# गणतंत्र का अमृत काल, देश और हम !

**डॉ घनश्याम बादल**

आजादी के अमृत काल के बाद अब हम गणतंत्र के भी अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं । 2024 का गणतंत्र दिवस आजाद भारत का 75 वां गणतंत्र दिवस है यानी अब हम कह सकते हैं की स्वतंत्रता के साथ-साथ अब हम गणतांत्रिक शासन प्रणाली में भी अमृत घट भरने जा रहे हैं ।

**सबका साथ, सबका विश्वास:** इसमें दो राय नहीं कि बीते कुछ वर्षों में भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय जगत में बहुत तेजी के साथ बढ़ी है न केवल बढ़ी है अपितु आज वह हर दृष्टि से विश्व के पहले पांच ताकतवर देशों में शुमार है। अब राजनीतिक लक्ष्य साधने की दृष्टि से विपक्ष भले ही कुछ भी कहे लेकिन इसमें शक नहीं है कि आज भारत की आवाज को विश्व के हर मंच पर महत्व एवं सम्मान मिल रहा है । यद्यपि यदि कोई यह कहता है कि यह सम्मान केवल किसी एक या दो सरकारों अथवा दलों या नेताओं की वजह से हुआ है तो यह भी कहना सही नहीं होगा क्योंकि इस पायदान पर पहुंचने के पीछे देश के आम व्यक्ति से लेकर खास व्यक्तियों तक के लहू पसीने का संघर्ष एवं श्रम तथा समर्पण काम कर रहा है।

**2024 है बहुत खास:** सन 2024 देश के लिए एक बहुत खास वर्ष सिद्ध होने जा रहा है इस वर्ष जहां देश एक बार फिर से लोकसभा चुनाव में होगा वहीं गणतंत्र दिवस भी अपना अमृत वर्ष देख रहा होगा । यदि चुनाव एवं गणतंत्र को आपस में जोड़कर देखा जाए तो दोनों ही एक दूसरे की पूरक एवं पर्याय भी कहे जा सकते हैं। जरा याद कीजिए जिस संक्रांति काल में भारत को स्वतंत्रता मिली थी लगभग उसी समय पाकिस्तान एवं बर्मा तथा दूसरे कई देश भी आजाद हुए थे लेकिन आज इन देशों के मुकाबले भारत की हैसियत एवं उसका महत्व अलग ही नजर आता है तो इसके पीछे शायद खुद को सिद्ध करने का एक जुनून भी था।

**हम सच्चे गणतांत्रिक:** देशवासियों को याद होगा कि जब भारत को आजाद किए जाने की बातें हो रही थी तब ब्रिटेन ने कहा था कि भारतीय एक आजाद मुल्क होने के काबिल नहीं हैं । यदि उन्हें स्वाधीन कर दिया गया तो बहुत जल्द ही वें आपस में सिरफुटौवल करके नष्ट हो जाएंगे और 1946 तथा 1948 के दंगों को देखकर लगा था कि शायद वें लोग गलत नहीं थे । लेकिन इन दंगों के बाद कभी एक मुल्क रहे पाकिस्तान और भारत दोनों ने अलग-अलग राहें पकड़ी एक मजहबी जुनून के साथ इस्लामिक स्टेट बनने के रास्ते पर चला तो दूसरे ने सच्चे मन से, सच्चा लोकतंत्र एवं सच्ची गणतांत्रिक पद्धति को अपनाया । बस यहीं से फर्क आना शुरू हो गया और यदि यह फर्क आया तो इसका श्रेय तात्कालीन सरकार एवं उसके प्रमुख को देने में कोई बुराई नहीं है।

**आगे की सोच, प्रगति का पथ:** राजनीति अपने तरीके से देखी और सोचती है और कदम बढ़ाती है लेकिन समय की मांग और जीवन की सच्चाई यह कहती है कि पीछे पलट कर बार-बार पीछे पलट कर देखने वाले जीवन की रेस में पीछे जाते हैं इसमें व्यक्ति हों या राष्ट्र दोनों पर ही इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिए हमने भूतकाल में क्या किया कितना गर्व एवं गौरव हासिल किया या फिर हमसे क्या गलतियां हुई क्या पाप हुए कितनी कमी आ रही उन पर बहुत ज्यादा वक्त बर्बाद करने से बेहतर है आगे सोचा जाए जो आगे की सोच कर चलता है वह निश्चित रूप से आगे जाता है गणतंत्र के अमृतकाल वर्ष में भी देश को इसी नजरिए के साथ आगे बढ़ाना है।

**जरूरी है आत्म मूल्यांकन:** यदि पिछले वर्ष पर एक नजर डाली जाए तो बहुत सारी अच्छी एवं खराब बातें याद आ सकती हैं। अच्छी बातों में चंद्रयान मिशन, आदित्य मिशन, अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पांचवें स्थान पर पहुंचना, कृषि में बंपर उत्पादन के साथ-साथ खेलों में वैश्विक प्रतियोगिताओं में लगातार निखरता हुआ प्रदर्शन हमें स्वर्णिम गणतंत्र का एहसास दिला सकते हैं लेकिन साथ ही साथ जिस प्रकार से अपराध बढ़ रहे हैं खासतौर पर महिलाओं एवं बच्चों के प्रति जो अमानवीय दृष्टिकोण पिछले वर्ष देखने को मिला वह हमारी सारी भौतिक प्रगति पर एक बड़ा प्रश्न वाचक चिन्ह लगाने के लिए काफी है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बच्चे प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं

**विजय गर्ग**

**इसमें कोई** शक नहीं कि आधुनिक युग में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के कारण बच्चे दिन-ब-दिन प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में हम बच्चों को प्रकृति के करीब कैसे लायें इसमें कोई शक नहीं कि आधुनिक युग में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के कारण बच्चे दिन-ब-दिन प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में हम बच्चों को प्रकृति के करीब कैसे ला सकते हैं, ताकि वे भी इसका महत्व समझें। पार्क करना या टहलनाले लेना बच्चे को सुबह या शाम कभी भी पार्क में घुमाने ले जाएँ, जहाँ वह तरह-तरह के पेड़-पौधे, आकाश, पक्षी, सूरज आदि देखता है और जिज्ञासावश प्रश्न पूछता है। सूरज को उगते या डूबते हुए देखें, पक्षियों की चहचहाहट सुनें, दूसरे बच्चों को मिट्टी और घास में खेलते हुए देखें। अगर आप पार्क नहीं जा सकते तो उन्हें घर की छत या बालकनी पर ले जाएं और प्रकृति का अनुभव कराएं। ऐसा करने से वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। सोशल मीडिया से दूर रहें जब बच्चे स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताते हैं,उनका दिमाग विस्तार से सोचने की क्षमता खो देता है और वे किसी और चीज में रुचि नहीं दिखाते हैं। वे सोशल मीडिया के आदी हो जाते हैं, जिसके कारण वे प्रकृति से पूरी तरह कट जाते हैं। इसलिए जितना हो सके उन्हें सोशल मीडिया और इंटरनेट से दूर रखने की कोशिश करें। वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करें बच्चों को पौधों की नर्सरी में ले जाएं और उनसे उनकी पसंद के पौधे खरीदने को कहें। इससे उनका इस काम में मन लगेगा और घर या बगीचे में गमले लगाकर रोजाना पानी देने का काम करेंगे। इसे बढ़ते हुए देखनाइससे उन्हें जो प्राकृतिक खुशी मिलेगी वह उन्हें अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेगी। इसे चिड़ियाघर या पिकनिक पर ले जाएं बच्चे को चिड़ियाघर ले जाने से वह विभिन्न प्रकार के जानवरों और पौधों को करीब से देखता है और जिज्ञासावश कई प्रश्न पूछता है। जब वे पिकनिक पर जाते हैं, तो उन्हें घर के बाहर एक रोमांचक अनुभव होता है, जहाँ वे खुलकर खाते हैं, पीते हैं और खेलते हैं। दैनिक गतिविधियों से दूर रहकर यह सब करने से बच्चों के बौद्धिक विकास में मदद मिलती है।

# रेबड़ी ही रेबड़ी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कुर्सी पर** बने रहने के लिए अश्रु जल ही पाद्य है, लंबी-लंबी फेंकना ही अर्घ्य है, झूठे आश्वासन ही आचमन हैं, टेलिप्रांप्टर भाषण ही मधुपर्क है, नए गुलदस्ते में पुराने फूल ही पुष्प हैं, रंग बदलना ही धूप है, दीपक है, शत्रुओं को चुप कराना ही चंदन है और पूँजीपतियों की जेब भरना ही विल्वपत्र है, लंबी रेस का घोड़ा बने रहने के आँगन में सौंदर्य तृष्णा रूपी खूँटा है, कुसीर्धारी का प्राण पुंज छाग उसमें बंध रहा है। पूँजीपति के सिर का खप्पर और प्रीति स्नेह है, प्रत्येक पाँच वर्ष के ठीक कोई न कोई नौटंकी या ड्रामा इसमें महाष्टमी है, और रेबड़ियाँ यौवन है। चुनाव घोषणा करके होम के समय यौवन रेबड़ियाँ कुर्सीपति के प्राण समिधाओं में मोहाग्नि लगाकर शत्रु तंत्र से मंत्रों से आहुति दे ह्यमानखण्ड के लिए शत्रु स्वाहाह्ल, ह्यबात मनवाने के लिए ईडी, आईटी आवाह्ल, ह्यप्रभावशाली कंलकियों को अपने गुट में मिलाने के लिए वाशिंग मशीन में धोवाह्ल ह्यमन प्रसन्न करने के लिए यह लोक परलोक स्वाहाह्ल इत्यादि, होम के अनन्तर हाथ जोड़कर स्तुति करना पड़ता है। हे रेबड़ी देवी ! मोहमाया की कुर्सी रूपी अनंत नभ में तुम गुब्बारा हो, क्योंकि बात-बात में आकाश में चढ़ जाती हो, पर जब धक्का दे देती हो तब चुल्लू भर पानी में डूबकर मरने का मन करता है अथवा पर्वत के शिखरों पर हाड़ चूर्ण हो जाते हैं। जीवन के मार्ग में तुम रेलगाड़ी हो। जिस समय रसना रूपी एन्जिन तेज करती हो, एक घड़ी भर में चौदह भुवन दिखला देती हो। कार्यक्षेत्र में तुम सूचना क्रांति हो, बात पड़ने पर एक निमेष में उसे देशदेशांतर में पहुँचा देती हो। तुम संकटकाल में जहाज हो, बस अधम को पार करा दो।

तुम इंद्र हो. कुसीर्धारी-कुल के दोष देखने के लिए तुम्हारे सहस्त्र नेत्र हैं। स्वामी पर शासन करने को तुम वज्रपाणि हो। रहने का स्थान कालाधनगढ़ है, क्योंकि जहाँ तुम हो वहीं जीत है। तुम वोट हो। तुम्हारा जादू झकास है, उससे हार का अंधकार दूर होता है। तुम्हारा प्रेम अमृत है, जिसके प्रारब्ध में होता है वह उसी को चुनाव जिता देता है और लोक में जो व्यर्थ पराधीन कहलाता हो वही तुम्हारा शत्रु है।

# जब निकलें शिशु के दांत

**हर** मां यही चाहती है कि उसके बच्चों को दांत निकलने में कोई तकलीफ न हो और उसके दांत सुंदर और मजबूत निकलें। कई बार सही जानकारी न होने के कारण अकसर अभिभावक परेशान हो जाते हैं। अगर आपका शिशु भी उम्र की इस अवस्था से गुजर रहा है तो आप इन बातों का ध्यान जरूर रखें :

**कैसे हों स्वस्थ दांत**

- अगर आप चाहती हैं कि आपके बच्चों के दांत स्वस्थ हों तो इसके लिए गर्भावस्था के समय से ही आपको अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए। आपको दूध, केला, सेब, संतरा जैसे कैल्शियमयुक्त पदार्थों का सेवन करना चाहिए और साथ ही कैल्शियम की गोली भी नियमित रूप से लेनी चाहिए।



- इस दौरान टैट्रासाइक्लिन, आयरन सिरप और एंटीबॉयोटिक दवाओं का सेवन न ही करें तो अच्छा है, क्योंकि अगर गर्भावस्था के दौरान कोई स्त्री इन दवाओं का सेवन करे तो जन्म के बाद बच्चों के जो दांत निकलते हैं, उनमें दाग-धब्बे हो सकते हैं और उनकी बनावट भी टेढी-मेढी हो सकती है।
- प्रायः छह माह से एक वर्ष के भीतर बच्चों के दांत निकलना शुरू हो जाते हैं। अकसर पहले नीचे के दांत और उसके बाद ही ऊपर के दो दांत निकलते हैं। अगर ऊपर के दांत पहले आएं या बच्चों के दांत निकलने में निर्धारित समय सीमा से थोडी देर हो तो घबराना नहीं चाहिए।

**क्या होते हैं लक्षण**

बच्चों के दांत निकलने का सबसे प्रमुख लक्षण होता है कि उसके मसूढे सख्त हो जाते हैं, उनमें सूजन भी आ जाती है। बच्चा चिडचिडा हो जाता है, अकसर रोता भी रहता है। इसके अलावा वह चीजें भी उठाकर मुंह में डालता है। दरअसल बच्चों के मसूढे के मांस को चीर कर दांत बाहर निकलते हैं, इसलिए उनमें दर्द और खुजली होती है। इस तकलीफ से राहत पाने के लिए वह इधर-उधर की चीजें उठा कर उन्हें चबाने की कोशिश करता है। इससे गंदगी और वायरस उनके शरीर में चले जाते हैं। यही वजह है कि इस दौरान बच्चों को बुखार और लूज मोशन जैसी समस्याएं होने लगती हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- दांत निकलने के दौरान बच्चे को ऐसी चीजें देनी चाहिए, जिनमें कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन, विटमिन और मिनरल्स पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हों।
- दांत निकलने के दौरान बच्चों को केला, उबला हुआ सेब, संतरे का जूस, दाल, खिचडी और सूजी की खीर जैसी चीजें देनी चाहिए।
- उसे ऐसा मल्टी विटमिन ड्रॉप्स भी देना चाहिए, जिसमें विटमिन डी-3 हो। अगर दस माह तक बच्चों के दांत नहीं निकले हैं तो बच्चों को कैल्शियम सिरप देना चाहिए।
- बच्चों को धूप में लिटाना भी फायदेमंद होता है क्योंकि धूप में प्राकृतिक विटमिन डी होता है, जो उसके दांतों और हड्डियों को मजबूत बनाता है।
- दांत निकलने के दौरान बच्चों घुटने के बल चलना सीख रहे होते हैं, इसलिए जमीन में गिरी चीजों को उठाकर मुंह में डालते हैं। इस वजह से घर के फर्श की सफाई का पूरा ध्यान रखें। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि बच्चा जमीन पर गिरी हुई कोई चीज उठाकर मुंह न डालने पाए।
- इस दौरान बच्चों को चबाने के लिए प्लास्टिक के खिलौने दिए जाते हैं, लेकिन ऐसा करते वक्त आप इस बात का ध्यान रखें कि खिलौने गरम पानी से धुले हों ताकि उनमें किसी तरह के कीटाणु न हों।
- इसके अलावा आप बच्चों के हाथ में खाने की कोई ऐसी सख्त चीज पकडा दिया करें, जिससे उसे मसूढे की खुजली से भी राहत मिले और उसकी सेहत को भी कोई नुकसान न पहुंचे। आप उसे गाजर, बिस्किट, नमकपारा आदि दे सकती हैं।

आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपके बच्चों को दांत निकलने के दौरान जरा भी परेशानी नहीं होगी।

## इन पर भी ध्यान दें



- दांतों की हलके हाथों से नियमित रूप से सफाई जरूरी है।
- दांतों की समस्याओं के लिए सदैव मान्यता प्राप्त व सही डाक्टर से परामर्श लें।
- वर्ष में कम से कम 2 बार दांतों का चेकअप अवश्य करवाएं।
- दांतों की सफाई पर ध्यान न देने पर एड्स व हैपीटाइटिस बी जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। मधुमेह के मरीजों को तो नियमित रूप से दांतों का चेकअप करवाना चाहिए।
- किसी भी प्रकार के धूम्रपान और तंबाकू, पानमसाला आदि के सेवन से भी दांतों में कैंसर की समस्या हो सकती है। इस से दांतों की आयु कम हो जाती है।
- 45 वर्ष की उम्र के बाद महिलाओं में कैल्सियम की कमी के कारण दांतों की अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जिन्हें गंभीरता से लेना चाहिए।
- दांतों की सुंदरता बढ़ाने के कई तरीके हैं। आप ब्लीचिंग व लेमीनेशन जैसी आधुनिकतम सुविधाओं का प्रयोग कर अपने व्यक्तित्व की शोभा बढ़ा सकती हैं।

# हेल्थ प्लस

## फाइबरयुक्त फूड रखे तनाव से दूर



**संतुलित** आहार न सिर्फ आपकी सेहत को अच्छा रखता है, बल्कि तनाव को कम करने में मदद करता है। कुछ खास फूड और ड्रिंक्स सीधे तनाव का कारण बनते हैं। जैसे- कॉफी, चाय, चॉकलेट और केक आदि। इनमें कैफीन की मात्रा अत्यधिक पाई जाती है, जिनसे तनाव का स्तर बढ जाता है। इसलिए इनसे बचना ही बेहतर होता है।

**क्या खाएं**

- अपने आहार में कार्बोहाइड्रेट्स को शामिल करें। चावल, पास्ता, आलू, ब्रेड, लो कैलरीज कुकीज कार्बोहाइड्रेट के प्रमुख स्त्रोत होते हैं इसके। अगर आप दिन में एक बेक्ड आलू या एक कप स्पैगेटी या चावल लेते हैं तो आपका पूरा दिन चिंतामुक्त और तनावमुक्त गुजरेगा।
- अपने आहार में फाइबरयुक्त चीजों को शामिल करें। फाइबर आपकी पाचन-क्रिया को भी दुरुस्त रखता है। आपको अपने भोजन से प्रतिदिन लगभग 25 ग्राम फाइबर प्राप्त होता है। फल, सब्जियां और साबुत अनाज फाइबर के बेहतरीन स्त्रोत हैं। तनाव से बचने के लिए ब्रेकफास्ट में जूस की अपेक्षा पूरा फल खाएं। गेहूं से बनी ब्रेड, होल ग्रेन सीरियल्स लें। साबुत अनाज ब्रेन न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन के उत्पाद को बढाता है, जो आपके सोचने-समझने की शक्ति को बढाता है और तनाव को कम करने में मदद करता है।
- पर्याप्त सब्जियां अपने आहार में शामिल करें। हरी, पीली और नारंगी रंग की सब्जियों में मिनरल्स, विटमिंस और फाइटोकेमिकल्स होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं, ताकि आप तनाव जैसी समस्याओं से लड सकें।

**क्या न खाएं**

- कैफीनयुक्त भोजन से बचें। कॉफी, ब्लैक टी नुकसानदेह होती है।
- तले और वसायुक्त भोजन से दूर रहें।
- हाई प्रोटीन फूड का भी कम प्रयोग करें।

# सेहत संवारने के उपाय

**आप** अपनी दिनचर्या में कुछ कारगर उपायों को शामिल करके उनका प्रभाव देखें। इसके लिए आपको करना कुछ खास नहीं करना है, बस कुछ छोटी-छोटी किंतु महत्वपूर्ण बातों को अपनाना है।



- वे चीजें, जिनमें कैलरी ज्यादा हो, उन्हें थोडा ब्रेकफास्ट में और थोडा लंच में लें। दिन भर अगर आप गतिशील रहती हैं तो उनसे आपका मैटाबॉलिज्म मजबूत होगा व आपको ज्यादा ऊर्जा मिलेगी। एक्स्ट्रा कैलरीज जल्दी बर्न भी होंगी। डिनर में वसायुक्त भोजन न लें।
- अगर आप हाउसवाइफ हैं, घर में रोजमर्रा के काम करते हुए इस बात का ध्यान रखें कि आपका काम करने का तरीका ऐसा हो, जिससे कैलरीज ज्यादा से ज्यादा बर्न कर पाएं। जल्दी-जल्दी उठने-बैठने की आदत डालें व आलस से दूर रहें।
- लिफ्ट या एलीवेटर के स्थान पर स्टेयर्स (सीढियों) का उपयोग करें।
- रोज एक बाउल ओटमील खाना भी कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए फायदेमंद रहता है।
- यदि ज्यादा खाने की आदत है तो धीरे-धीरे चबाकर खाना खाएं। एक बाइट (ग्रास) को कम से कम 20 मिनट लगाकर चबाएं। अधिक समय लगाने से पेट भरा लगेगा और पाचन-क्रिया ठीक होगी।
- थोडी-थोडी देर में कुछ खाने से भी आप एक बार भर पेट खाना खाने से बच पाएंगी और कम कैलरी लेंगी।
- सूप पसंद है तो उसे बनाकर फ्रिज में रखें। दोबारा गरम करने से पहले उसके ऊपर की टॉपिंग उतार दें, जिससे अतिरिक्त फैट उस पर से हट जाए।
- कैफीन व एल्कोहॉल से बनी चीजों से दूर रहें।
- शरीर में आयरन की कमी पता चले तो रोज पालक का जूस पिएं। प्राकृतिक आयरन हासिल करने का इससे बेहतर स्त्रोत और कोई और नहीं।
- पानी ज्यादा से ज्यादा पीने की आदत बनाएं, इससे लीवर ठीक से काम करेगा, पाचन-क्रिया दुरुस्त रहेगी, जिससे शरीर को फायदा होगा। इसका परिणाम आपके चेहरे पर भी नजर आएगा।
- एक्सरसाइज को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाएं। उसकी शुरुआत वार्म अप एक्सरसाइज से करें व अंत कूल डाउन से। शरीर को धीरे-धीरे एक्सरसाइज के लिए तैयार करना जरूरी होता है।
- एक्सरसाइज के समय ढीले व नैचरल फैब्रिक से बने हलके कपडे पहनें। ऐसे, जो पसीने को सोख सकें व पहनने में आरामदायक हों।
- यदि आप एक्सरसाइज करते हुए संगीत सुनती हैं तो आप अधिक समय तक एक्सरसाइज करने के साथ उसे एंजॉय भी कर सकती हैं। कुछ भी ऐसा चुनें, जो अलग हटकर हो और आपको पसंद आए। एकाग्रचित्त होने के लिए इससे बेहतर विकल्प कोई नहीं।
- यदि एक्सरसाइज करते समय आपको दर्द, चक्कर, बैचेनी, सांस का सामान्य न रहना तो तुरंत डॉक्टर से राय लें। ध्यान रहे, किसी भी नई एक्सरसाइज की शुरुआत बिना किसी योग्य प्रशिक्षक की देख-रेख के न करें।
- दिन व्यस्तता से भरा हो तो ब्रिस्क वॉक के लिए 20 मिनट निकालें। इससे आपका तनाव कम होगा और मन तरोताजा हो जाएगा।
- वॉकिंग करते वक्त यदि आपके पेट में क्रैम्स पड रहे हों तो बीच-बीच में रुकें, कमर पर से आगे की तरफ झुकें, सांस अंदर-बाहर करें, धीरे-धीरे और गहरी सांसें लेकर। इससे आपके पेट के निचले हिस्से के मसल्स को सामान्य होने में मदद मिलेगी।
- व्यस्त रोड या धुएं से भरे कमरे में एकसरसाइज करने से बचें। हमेशा प्रदूषण रहित साफ व खुला वातावरण एक्सरसाइज के लिए चुनें।
- सोच पॉजिटिव रखें व सदा मुस्कराती रहें।
- सोने व उठने का समय नियत करें व प्रतिदिन एक ही समय पर सोने जाएं।
- सोने से कुछ देर पहले लाइट बंद कर दें, जिससे नींद अच्छी आए। कोई अच्छी पुस्तक पढें या मधुर संगीत सुनें, वह नींद मीठी लाने में मदद करेगा।
- स्वास्थ्य से जुडी किसी समस्या के लिए जब भी कभी डॉक्टर के पास जाना हो पूछने वाले प्रश्नों की सूची बनाकर जाएं। जवाब लिख लें, न समझ आने पर दोबारा पूछें। यदि कोई दवा ले रही हैं तो वह भी बताएं। यदि किसी दवा से एलर्जी है तो उसे भी बताना न भूलें।

## सिर दर्द

**सिर** दर्द होने का एक कारण आंखों की कमजोरी भी हो सकता है। आंखें कमजोर होने पर सिर दर्द ही क्यों होता है। यह प्रश्न विचारणीय है।

- सिर दर्द होने के दो कारण प्रमुख हैं- पहला आंखों में कम या ज्यादा भेंगापन होने से मांसपेशियों में असंतुलन होने से दर्द होना, दूसरा दृष्टिदोष, कमजोर नजरों (रिफरेक्टरी एरर) के कारण।
- आंखों में कालापानी या सूजन होने से भी सिर दर्द हो सकता है। आंखों में यदि अधिक दृष्टिदोष है, तो आंखों में तनाव पैदा होने से सिर दर्द होना स्वाभाविक है। इसके अलावा बुखार होने या प्रसव के पश्चात यदि हल्का सा भी दृष्टि दोष आंखों में उत्पन्न हो गया हो, तो सिर में दर्द होता है। सिर में दर्द होना एक आम बीमारी है यदि यह दर्द बार-बार होता है, तो नेत्र रोग चिकित्सक से जांच कराना उपयोगी होगा, क्योंकि सिर दर्द का सम्बन्ध आंखों की सम्बन्ध आंखों की कमजोरी से भी है।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

## काकुरो पहेली - 1965



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो - 1964 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक बूढ़ा समाज सुधारक जेल में बंद युवक चोर को देखकर बोला-'बेटे! तुम किसी बात की परवाह मत करो.जेल से बाहर निकलोगे तो मैं तुम्हारा पथ-प्रदर्शन करूंगा.'

'ठीक कहते हैं आप !' युवक चोर धीरे से बोला-'दरअसल मुझसे भूल हो गई थी जो आप जैसे बुजुर्गों के पथ-प्रदर्शन के बिना ही इस रोजगार में लग गया.'

□ □ □

एक डाक्टर के पास एक वकील बैठा हुआ था. तभी एक औरत ने आकर डाक्टर से कोई सलाह ली और चली गई. उसके जाने के बाद डाक्टर ने वकील से पूछा-'क्या मुझे इससे कुछ लेना चाहिये ?'

'क्यों नहीं !' वकील बोला-'आखिर तुमने उसे अपनी व्यापारिक सेवाएं प्रदान की हैं.'

'मैं ऐसा ही करूंगा !' डाक्टर बोला. वकील चला गया. फिर अगले दिन डाक्टर जैसे ही बिल बनाने के लिये मेज पर पहुँचा, उसकी नजर एक बिल पर पड़ी. लिखा था-'कानूनी सेवाओं की फीस तीस रुपये.' नीचे वकील का नाम और पता लिखा हुआ था.

□ □ □

महिला-'सुना है आप के सिर में गोबर भरा है.'

आदमी-'जी हाँ पर क्यों ?'

महिला-'जी मुझे गोबर गैस कनेक्शन लेना है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 1965



**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूं ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 1964**



## सूडोकु -1965



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु -1964 का हल**



## शब्द पहेली - 1965



**बाएँ से दाएँ**

1.उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4.कराह,टीस,लालसा-3
6.हानि,आपत्ति-2
7.दुश्मनी,बैर-3
8.इंसाफ-2
10.साठवीं जयंती-3
11.जलाऊ लकड़ी-4
14.छोटा भाई-3
16.निरंकुश,आवारा-4
17.ठाठ-बाट-2
18.आफत,मुसीबत-2
19.शैतानी,बदमाशी-4
21.सहायता-3
22.इच्छा,लालसा-4
24.कवि,गजलकार-3
25.जरा,थोड़ा-2
27.मुलायम,नाजुक-3
28.गुफा,खोह-2
29.प्रियतम,सनम-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2.उत्साह.शक्ति-2
3.बिना बाल वारा,गंजा-4
4.पंक्ति,लाइन-3
5.लड़की,पुत्री,बेटी-2
7.वहम,संदेह-2
9.जुड़वा-3
12.प्रतिज्ञा,कसम-3
13.गंगा का पानी-4
15.तीखा,तीक्ष्ण-3
16.आतुर,धैर्यहीन-4
17.संभवतः-3
18.मर्कट,कपि-3
20.गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21.पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22.मनोकामना -4
23.साजन,प्रेमी-3
24.संध्या,सांझ-2
26.आनंद-2
28.महीना,मास-2

**शब्द पहेली - 1964 का हल**



# यह पर्व आज मानव जीवन ही नहीं बल्कि प्रत्येक जीव जंतु के लिए ऐतिहासिक: शर्मा

**भगवा यात्रा**

8 मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के मैन बाजार और ऊंचा गांव से भगवा यात्रा को रवाना किया।

**टीम एक्शन इंडिया /बल्लबगढ़/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के मैन बाजार और ऊंचा गांव से भगवा यात्रा को रवाना किया। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने गौ माता को गुड़ खिलाकर दिन की शुरूआत करते हुए कहा यह पर्व आज मानव



जीवन ही नहीं बल्कि प्रत्येक जीव जंतु कण कण लिए ऐतिहासिक है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा भगवान श्री राम कण कण में विराजमान है। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में यह पर्व जोश के साथ मनाया जा रहा है। आज के पर्व जोश बच्चे ,बड़े और बुजुर्गो में देखा जा सकता है। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र राममय हो गया है, भगवान श्री राम के जयकारों से बल्लबगढ शहर गूंज उठा है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा आज का दिन ऐतिहासिक, डीजे और ढोल बाजे से शहर में जगह जगह शोभा यात्राएं निकाली जा रही है।

वहीं प्रदेश के माननीय परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा और विधायक श्री नरेंद्र गुप्ता फरीदाबाद सेक्टर- 8 प्राचीन हनुमान मंदिर से सेक्टर- 8 और सैक्टर-10 की मार्किट द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा में शामिल हुए। इसके उपरांत माननीय परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा दुकानदार बस अड्डा एसोसिएशन द्वारा आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे।बल्लभगढ़ बाजार में भी प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को लड्डू बांटकर आज के दिन को ऐतिहासिक बताया और कहा की आने वाली पीढ़ियां इस दिन को हमेशा अपने दिलों में सजा कर रखेगी। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के प्राचीन पथवारी मंदिर पर बल्लभगढ़ विधानसभा की देव तुल्य जनता के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रखा, जिसमें 22 हजार दीपक शहर के लोगो ने प्रज्वलित किए। उन्होंने बल्लभगढ़ शहर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि देश के 140 करोड़ जनता को देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिया गया यह सबसे बड़ा तोहफा है।

## कुराड़ में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर हवन व लंगर आयोजित



**पानीपत, कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**

गांव कुराड़ स्थित श्री शिव मंदिर में आज अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रातःहवन यज्ञ प.नरेश शास्त्री द्वारा किया गया। जिसके बाद भजन किर्तन वीरेंद्र देशवाल व उनकी टीम द्वारा किया गया। दोपहर को विशाल भंड़ारा लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि टिंकू देशवाल,नरेंद्र देशवाल, के.डी.शर्मा, मा.कर्मबीर भारद्वाज, पालेराम, अनिल शर्मा, राजेंद्र देशवाल, शिक्षक कुलदीप देशवाल, प्रवीण शर्मा, बलकार देशवाल, सत्यवान, बिजेंद्र, जितेंद्र, एडवोकेट विकास भारद्वाज व आदि मौजूद रहे। वहीं श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का अयोध्या से लाइव प्रसारण भी मंदिर में बड़ी एलसीडी पर दिखाया गया। इससे पूर्व प्रातः एक शोभायात्रा भी पूरे गांव में निकाली गई। जिसमें श्रीराम दरबार का रथ भी शामिल रहा तथा भगवान श्रीराम के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे।

## न्यूज फ्लैश

### प्लाटिंग के काले खेल में बन गए अरबपति, 91 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा /टीम एक्शन इंडिया**

जमीनों की खरीद फरोख्त और धोखाधडी से कुछ ही दिनों में करोडापति बने गैंगस्टर की 91 करोड की अवैध संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही की है। नूंह के गैंगस्टर माफिया की 91 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क करने की मथुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाइ से माफिया के हलक सूख गये हैं। माफिया द्वारा कुल 46 संपत्तियों खरीदी गईं। इसकी बाजार में कीमत 75 करोड़, 79 लाख, 37 हजार 750 आंकी गई। अन्य सम्पत्ति को मिलाकर कुल 91 करोड़, 37 लाख, 89 हजार 34 रुपये की संपत्ति को कुर्क किया है। पिछले साल इसी गैंग ने वृंदावन में कुंभ क्षेत्र में फर्जी नक्शा बनाकर जमीन की बिक्री थी। कुर्क गई सपत्ति में दुकान, गाड़ियां और प्लॉट भी शामिल हैं। शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट ने हरियाणा के नूंह जिले के गांव पल्ला के रहने वाले इमरान खान की संपत्ति सीज करने के आदेश जारी किए गये थे। इसके साथ ही इमरान के सभी बैंक खातों को सीज करने के आदेश भी कोर्ट द्वारा दिए गए हैं। इमरान और उसकी पत्नी के नाम पर हरियाणा में भी जमीन है। जैंत थाना इंस्पेक्टर अजय वर्मा गैंगस्टर के मुकदमे की विवेचना कर रहे हैं। उन्होंने इमरान द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति को सीज के लिए मजिस्ट्रेट कोर्ट में अर्जी दी थी। इमरान खान पुत्र स्वः आजम खान निवासी पल्ला, नूंह (हरियाणा) व हाल निवासी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली पर जैंत व वृंदावन इलाके में फर्जी जमीन दिखा कर लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पीड़ितों की शिकायत के बाद पुलिस ने इमरान व उसकी पत्नी श्याहरूनी खान पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की थी। वृंदावन थाने में इमरान के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। गैंगस्टर एक्ट में शातिर अभियुक्त इमरान खान, मोहम्मद समी आलम और एक महिला आरोपित हैं। आरोपित इमरान खान और महिला अपराधी ने 20 जनवरी को एक मुकदमा में न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। मोहम्मद शमी आलम को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपितों के खिलाफ हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में छह से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

वृंदावन की घटना के बाद चढा पुलिस की नजरों में गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की जद में आया शातिर पिछले साल वृंदावन कुंभ क्षेत्र में की गई घटना के बाद पुलिस की नजरों में चढा था। गैंगस्टर ने अपनी पत्नी के साथ वृंदावन कुंभ क्षेत्र में फर्जी नक्शे के आधार पर लोगों को प्लाट का आवंटन किया था। लोगों को एकत्रित कर टोकन मनी के रूप में पैसे लेकर लोगों को प्लाट आवंटित कर दिये थे। एसएसपी मथुरा शैलेश पांडेय ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार किया गया और छानबीन की गई तो शातिर का आपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पता चला कि अन्य राज्यों में भी इसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

### 27 टेट्रा पैक नगीना ब्रांड देशी शराब पकडी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अवैध शराब एवं मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में सोमवार को आबकारी टीम मथुरा द्वारा थाना हाईवे अंतर्गत बसेरा रेस्टोरेंट के आगे मंदिर के बराबर बने रास्ते के सामने बने घर से शराब बिक्री किए जाने की सूचना पर दबिश, जांच की कार्यवाही कर घर से एक व्यक्ति अकील खान पुत्र दिना खान निवासी पूजा एनक्लेव जन्म भूमि मथुरा के कब्जे से 27 टेट्रा पैक नगीना ब्रांड देशी शराब ( कुल 5.4बीएल) बरामद करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाईवे में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत एक अभियोग पंजीकृत कराया गया।

### प्रभु श्री राम लला की हुई प्राण प्रतिष्ठा भक्तों ने दी बधाइयां

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अयोध्या धाम के नव्य दिव्य प्रभु श्री राम मंदिर में जैसे ही प्रभु श्री राम लला के विग्रह से आंखों से पट्टी हटी उनके दिव्य भव्य अलौकिक रूप को देखते ही लाईव प्रसारण देख रहे रामभक्त खुशी से नाचते गाते हुए झूमने लगे। रामभक्तों ने शंखनाद कर, घंटे घड़ियाल, मजीरा, चिमटा और अन्य वाद्य यन्त्र बजाते हुए श्री राम के गगनभेदी उदघोष कर स्वागत किया। श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को महानगर में जगह जगह आतिशबाजी की गई और रामभभक्तों द्वारा जगह जगह भंडारे लगाकर हलुवा, पूड़ी सब्जी, मिष्ठान और फलों आदि का प्रसादी के रुप में वितरण किया गया।

जगह जगह शोभायात्रा और वाहन रैली निकाली गई। मंदिरों में दीपदान किया गया, आराध्य की आरती उतारी गई और भजन संध्या का अयोजन किया गया। मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान, पूजन, हवन, सामूहिक आरती, भजन, राम संकीर्तन के आयोजन किए गए। सामूहिक दीपदान किया गया।

## राम जी की शोभा यात्रा निकाली गई




**पानीपत कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया** पानीपत में भगवान राम जी की शोभा यात्रा निकाली गई जो देखने लायक नजारा था। जिसमे समाज सेवा संगठन को भंडारा वितरण की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष पर आज 21 जनवरी को भगवान श्री राम जी की सोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे सुंदर सुंदर झाकिया अयोध्या में राम मंदिर का स्वरूप रथ बहुत ही मनमोहक था हनुमान स्वरूप बहुत ही मनमोहक था लाखो की संख्या में राम भगत थे ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे हम सब भगवान श्री राम जी के चरणों में अयोध्या में हो सोभा यात्रा में भगतो के लिए संगठन को भंडारा लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जैन ने कहा हम बहुत ही भाग्य शाली है जो 500 वर्ष से चल रहे विवाद का फैसला आया और राम मंदिर का निर्माण हम देख पाएं हम सबको भगवान श्री राम जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए जैन ने कहा हम बहुत ही भाग्य शाली है जो हम श्री राम के वंशज हैं और हम कोशिश करते हैं भगवान श्री राम जी के बताए रास्ते पर ही चले मौके पर प्रवीन जैन, नरेश जैन ,प्रमोद जैन, नीरज जैन, विकास जैन, गंगा गुप्ता, कैलाश जैन ,अंकित माटा ,ललित ,शिवम ,मनोज गांधी ,अमित जैन ,अशोक मखीजा, शिवम ,मनीष कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुदामा कुटी के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह वृंदावन कोतवाली की रंगजी मंदिर चौकी प्रभारी विजय कुमार सिंह को सूचना मिली की सुदामा कुटी के समीप एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब मृतक की जामातलाशी ली, तो उसकी पहचान 19 वर्षीय आयुष सिंह पुत्र प्रवेंद्रपाल सिंह निवासी राया के रूप में हुई है। जिसकी जानकारी पुलिस द्वारा परिजनों के दी गई।

## शहीद स्मारक के स्वेच्छिक सहयोग से सौंदर्यकरण का काम जोरो पर

**पानीपत, कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**

शहीदों को समर्पित पानीपत के लघु सचिवालय में बने शहीद स्मारक पानीपत को सीटीएम राजेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में और ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के स्वेच्छिक सहयोग से सौंदर्यकरण का काम जोरो पर है। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि करीब एक महीने से हरित अभियान व स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत करीब 300 फूल व पौधों द्वारा शहीद स्मारक का सौंदर्यकरण किया जा रहा है।इसके साथ ही समय समय पर ओर अधिक पौधे रोपित करके शहीद स्मारक के सौंदर्यकरण के



कार्य जारी रहेंग। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि अभी तक 14 बोतल पाम,50 से अधिक देश-इंग्लिश गुलाब, 50 से अधिक डहेलिया, गजेनिया,सालविया, गेंदा, सहित अनेक प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीटीएम राजेश सोनी ने कहा कि लघुसचिवालय पानीपत में प्रतिदिन हजारों नागरिक काम के सिलसिले में प्रतिदिन आते जाते रहते हैं इसी के ध्यानार्ध शहीद स्मारक को सुंदर-सुंदर फूलो के पौधों से सजाया जा रहा है।इससे जहाँ पर्यावरण सुधरेगा वही लोग पर्यावरण जैसे गम्भीर मुद्दे के प्रति जागरूक भी होंगे। नगराधीश ने पानीपत वासियो का अधिक से अधिक पौधे रोपित करने के लिए आह्वान किया।

## मर्यादा पुरुषोत्तम के रूम में योगीराज के दर्शन कर निहाल हुए श्रद्धालु

**प्राण प्रतिष्ठा**

8 -अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ठाकुर जी ने धरा श्री राम का स्वरूप

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

पहली बार योगिराज ने मयार्दा पुरुषोत्तम बन कर श्रद्धालुओं को दर्शन दिये। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में ठाकुरजी स्वर्ण मुकुट रजत धनुषबाण धारण कर दर्शन दिये। मंदिर में ठाकुर बांकेबिहारी की छवि देखने के लिए भक्त पहुंच रहे हैं।

सोमवार को पूरा मंदिर परिसर



गुब्बारों से सजाया गया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर केशवदेव ने सियाराम के रूप में दर्शन दिये। अयोध्या धाम के साथ ही कान्हा की नगरी भी उल्लासित है। ठाकुर बांकेबिहारी स्वर्ण मुकुट धनुष बाण धारण कर भक्तों पर कृपा बरसा रहे हैं।

बांके बिहारी मंदिर के सेवायत नितिन सांवरिया ने कहा कि जहां भगवान राम आज के दिन अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इसकी खुशी ब्रज में भी मनाई जा रही है। बांके बिहारी मंदिर में भी अपार खुशी का वातावरण है। बांके बिहारी लाल ने आज चांदी का धनुष बाण और मुकुट धारण कर भगवान राम के स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए हैं। श्रद्धालुओं को ठाकुर जी का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। यह बहुत ही सौभाग्य का दिन है। वही धर्म नगरी वृंदावन के तिराहे चौराहे एवं गलियों में हर ओर भगवा झंडे लहरा रहे थे और साथ ही वृंदावन के हनुमान टेकरी आश्रम में प्रभु श्री राम का पंचामृत से अभिषेक कर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को दीपावली के रूप में मनाया गया। संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम के महंत दशरथ दास महाराज के द्वारा की गई। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर ठाकुर केशवदेव राम बनकर दर्शन देंगे तो भागवत भवन में राधा कृष्ण भी सियाराम के रूप में नजर आए। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सोमवार को मंदिर की छटा अद्भुत है। पीले गुब्बारों से मंदिर की सजावट के बाद शाम को रंगबिरंगे विद्युत प्रकाश से मंदिर जगमगाएगा। मंदिर चबूतरे पर गेट संख्या एक और दो के बीच खाली पड़े भाग में विशाल रंगोली सजाई गई। मंदिर सेवायत आचार्य गोपी गोस्वामी ने बताया कि ठाकुर बांकेबिहारीजी पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भेष में सिर पर स्वर्ण मुकुट, रत्नजड़ित स्वर्ण रजत आभूषण धारण करके हाथ में चांदी का धनुष लिए भक्तों को दर्शन दिये। भक्त निहाल हो उठेंगे।

कोलकाता के कारीगरों ने विशेष तौर पर बासंती पोशाक तैयार की। इसे सोमवार को ठाकुर जी ने धारण किया। ठाकुर राधावल्लभ लाल, ठाकुर राधासनेह बिहारी, राधादामोदर भी प्रभु श्रीराम के रूप में दर्शन दिये। श्रीकृष्ण जन्मस्थान में पहली बार भागवत भवन में विराजे श्री राधा कृष्ण युगल सरकार की छवि सियाराम के रूप में दर्शन दिए।

## वीर सपूत शहीद का शव देख हर किसी की आंखें हुई नम



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

महावन क्षेत्र के गांव नगला लोका मे शहीद सूबेदार देवकीनंदन का पार्थिव शरीर सेना की गाड़ी में लाया गया। जिसे देखकर हर किसी की आंखों से आंसू की धारा बह पड़ी तथा अंतिम दर्शन को हजारों की संख्या में जन सैलाब उमड़ पड़ा और शहीद के परिवार में कोहराम मच गयाद्य शहीद को सेना के द्वारा राजकीय सम्मान दिया गया। तहसील महावन के पुलिस और प्रशासन ने शहीद को श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किए। इसके बाद शहीद के छोटे पुत्र ने अपने पिता अंतिम मुखाग्नि दी।

उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय तथा जब तक सूरज चांद रहेगा देवकी नंदन तुम्हारा नाम रहेगा के जयकारे लगाए। सोमवार को शहीद सूबेदार देवकी नंदन का पार्थिव शरीर अपने पैतृक गांव नगला लोका पहुंचा। जिसे देखकर आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर उमड़ पड़ी। हर किसी की आंखें नम हो गई। शहीद के परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। शहीद सूबेदार देवकीनंदन नंदन देश सेवा के लिए सन 1998 में भर्ती हुए थे। हाल ही में उनकी पोस्टिंग अरुणाचल प्रदेश में थी तथा हार्ट अटैक से वह शहीद हो गए। वह अपने पीछे अपने पिता भूपचंद तथा दो बेटा प्रिंस और पियूष तथा अपनी पत्नी को रोते हुए छोड़ कर चले गए हैं। उनके दोनों बेटे कक्षा 11 और 12 में पढ़ाई कर रहे हैं।

## चाक चौबंद रही कान्हा की नगरी की सुरक्षा व्यवस्था

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान कान्हा की नगरी में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। आला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मंदिरों का भ्रमण करते रहे। तिराहे चौराहों पर भी पुलिसकर्मी तैनात रहे। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय ने अधिकारियों के साथ अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर व अन्य संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गया एवं सतर्कता बरतने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तिराहे चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। महानगर से लेकर गांव देहात तक सोमवार को जगह जगह कार्यक्रम आयोजित हुए।

## राम की प्राण प्रतिष्ठा उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन

**भजन संध्या**

8 भजन गायक प्रमोद चोपड़ा द्वारा श्री राम के भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया।

**पानीपत, कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**

नेहरू नगर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक प्रमोद चोपड़ा द्वारा श्री राम के भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया।



मुख्य अतिथि के रूप में विपुल शाह रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि रमेश वधावन, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा,राजकुमार पाहवा, चन्द्र सहगल, डा.महेंद्र शर्मा, सुनील थम्मन, समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता, अवनीश ठाकुर, होम्योपैथिक डा. केदार बत्रा मौजूद रहे। सभी अतिथियों का पुष्प माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विपुल शाह ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी आस्था के प्रतीक हैं। हमें मयार्दापुरूषोत्तम श्रीराम के बताए पर मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सुखमय बनाना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष तौर से सिख समाज एवं मुस्लिम समाज की टीम को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान हेमराज वर्मा, उप प्रधान संजीव मुखिया, संरक्षक गुलशन बत्रा, बंसीलाल तनेजा, सोनू तनेजा, कृष्ण झा, सुरेश छपरा, हंसराज बजाज, राजकुमार ग्रोवर, यस बजाज, जयदीप अरोड़ा, प्रेम कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भजन संध्या के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया।

## इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया अयोध्या में रामलला का वापिस आना:नायब

**ऐतिहासिक क्षण**

8 500 सालों के लंबे अर्से के बाद भगवान श्री राम अयोध्या में फिर से अपने घर में विराजमान हो गए है।

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि 500 सालों के लंबे अर्से के बाद भगवान श्री राम अयोध्या में फिर से अपने घर में विराजमान हो गए है। यह लम्हे देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे गए है और युगों-युगों तक इन ऐतिहासिक क्षणों को याद रखा जाएगा। इस



पावन पर्व पर अयोध्या में भव्य और शानदार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के साथ देश-दुनिया के करोड़ों लोग जुड़े रहे। इतना ही नहीं देश के हर मंदिर, शहर और गांवों में जगह-जगह सुंदर कांड पाठ, श्रीराम कथा, श्रीराम यात्रा और भंडारों का आयोजन किया गया। खास बात यह है कि लोगों ने अयोध्या के ऐतिहासिक कार्यक्रम को देखने के लिए स्वयं बड़ी-बड़ी स्क्रीने भी लगाने का काम किया। इन तमाम कार्यक्रमों से देश-दुनिया का पूरा वातावरण राममय हो गया।प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी सोमवार को गीता ज्ञान संस्थानम में श्री राम लला के घर वापिस आने पर श्री कृष्ण कृपा परिवार व जिओ गीता परिवार की तरफ से धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे। इससे पहले दोनों संस्थाओं की तरफ से संस्थानम के परिसर में श्रीश्री कृपा बिहारी जी मंदिर में आयोजित सुंदर कांड पाठ कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, केडीबी के पूर्व सदस्य विजय नरुला सहित संस्थान के पदाधिकारियों व हजारों श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया और पूजा अर्चना की है। इसके बाद संस्थानम में भंडारे का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी व विधायक सुभाष सुधा सहित सैंकड़ों लोगों ने अयोध्या से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदबोधन और भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा। इसकी व्यवस्था संस्थानम में की गई थी। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित देशवासियों को इस शुभ दिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## अन्तर्राज्यीय गैंगस्टर मुठभेड़ में घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना गोवर्धन पुलिस एवं एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में गैंगस्टर एक्ट में थाना वृन्दावन में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी अन्तर्राज्यीय बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर के विरूद्ध राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में डकैती, लूट, चोरी, रंगदारी वसूली आदि के 20 मुकदमे पंजीकृत हैं। बदमाश चोरी और लूट के ट्रैक्टर किसानों को बेचने में माहिर है। कोंथरा डीग राजस्थान बार्डर पर पुलिस की आसीन उर्फ असीम पुत्र नसीरुद्दीन उर्फ नसरू निवासी काबानकाबांस, थाना खोह जनपद डीग राजस्थान के साथ मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में



घायल हुए बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक तमन्चा, पांच जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस तथा एक चोरी की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों में जाकर घरों के बाहर खड़े ट्रैक्टरों की चोरी करके ट्रैक्टर को चोरी कर कच्चे रास्तों से कामा राजस्थान से होते हुये पहाड़ी पर ले जाकर सुरक्षित स्थान पर ट्रैक्टर को खड़ा कर देता है, तथा भोले भाले किसानों को इंजन नम्बर तथा चेसिस नम्बर बदलकर बाहर राज्यों में बेच देता है, तथा किसानों को ट्रैक्टर के ऑरीजनल रजिस्ट्रेशन देने का आश्वासन देकर कुछ पैसे उधार कर देता है, कुछ समय बीतने के बाद भोले भाले किसान उधार पैसा न देना पड़े इसलिये ऑरिजनल रजिस्ट्रेशन मांगना छोड़ देता है।

## भारत का बीते साल वस्तु एवं सेवा निर्यात 0.4फीसदी बढ़कर 765.6 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद बीते साल (2023 में) देश का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात मामूली 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 765.6 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत के निर्यात को इलेक्ट्रॉनिक, दवा, सूती धागा, कपड़े और मेड-अप; सिरेमिक उत्पाद, मांस, डेयरी और पॉल्ट्री उत्पाद, फल और सब्जियां और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से मदद मिली है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले कैलेंडर साल में वस्तुओं का निर्यात 4.71 प्रतिशत घटकर 431.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं सेवाओं का निर्यात 7.88 प्रतिशत बढ़कर 333.8 अरब डॉलर पर पहुंचने अनुमान है। वस्तुओं का आयात भी पिछले साल सात प्रतिशत घटकर 667.73 अरब डॉलर रहा। 2022 में यह 720.2 अरब डॉलर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी सेवा क्षेत्र के नवंबर 2023 तक के आंकड़े जारी किए गए हैं। दिसंबर 2023 का आंकड़ा मंत्रालय का एक अनुमान है। भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्यों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, बांग्लादेश, ब्रिटेन और जर्मनी शामिल हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास संघर्ष और मालवाहक जहाजों पर यमन स्थित हुती विद्रोहियों के हमलों के कारण लाल सागर व्यापार मार्ग संकट के चलते माल लदान प्रभावित हुआ है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, यदि ये चुनौतियां लंबे समय तक बनी रहीं, तो इसका वैश्विक व्यापार पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत का निर्यात और आयात 2022 के 1,651.9 अरब डॉलर की तुलना में 2023 में 2.6 प्रतिशत घटकर 1,609 अरब डॉलर रह गया है। इस दौरान आयात और निर्यात का अंतर यानी व्यापार घाटा कम होकर 75.2 अरब डॉलर रहा है। 2022 में यह 141.3 अरब डॉलर था।

## केंट RO सिस्टम्स अमेरिकी बाजार में उतरेगी, तीन साल में 2,000 करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली:** वॉटर प्यूरीफायर बनाने वाली घरेलू कंपनी केंट आरओ सिस्टम्स का इरादा अगले वित्त वर्ष में अमेरिकी बाजार में उतरने का है। कंपनी ने अगले तीन साल में 2,000 करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए वह अपने उपकरण पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक महेश गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंट आरओ सिस्टम्स ने पिछले तीन साल में विस्तार पर 500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अब कंपनी उत्तर प्रदेश में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक नई पंखा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 300 करोड़ रुपए का और निवेश करने की तैयारी कर रही है।

कंपनी जो पहले वॉटर प्यूरीफायर के लिए जानी जाती थी, अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रही है और उपकरण खंड, विशेष रूप से छोटे रसोई उपकरणों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। गुप्ता ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में कंपनी के राजस्व में नई श्रेणियों का योगदान आधा हो जाएगा। अमेरिकी बाजार में अपने प्रवेश पर उन्होंने कहा कि केंट आरओ सिस्टम्स ने ब्लैक एंड डेकर के साथ एक ब्रांड लाइसेंसिंग करार किया है। इसके तहत वह मेरीलैंड, अमेरिका की विनिर्माता के ब्रांड नाम पर आधारित अपने वॉटर प्यूरीफायर की श्रृंखला का निर्माण करेगी और उन्हें अमेरिकी बाजार में भेजेगी। गुप्ता ने कहा, ''हम अमेरिकी बाजार में जाएंगे। हमने ब्लैक एंड डेकर के साथ लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।' केंट आरओ सिस्टम्स भारत में ब्लैक एंड डेकर ब्रांड के तहत अपने वॉटर प्यूरीफायर का निर्माण करेगी और अमेरिकी बाजार में भेजेगी।

## अप्रैल-दिसंबर में बिजली की मांग 8फीसदी बढ़कर 1,221.15 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) में लगभग आठ प्रतिशत बढ़कर 1,221.15 अरब यूनिट (बीयू) हो गई है। यह आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत है। अप्रैल-दिसंबर, 2022-23 में देश में बिजली की मांग 1,132.11 अरब यूनिट रही थी। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में बिजली की खपत में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी का संकेत है। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली की खपत 1,504.26 अरब यूनिट थी, जो कि 2021-22 में 1,374.02 अरब यूनिट थी। बिजली मंत्रालय ने अनुमान लगाया था कि 2023 में गर्मियों के दौरान देश की बिजली की मांग 229 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। बेमौसम बारिश के कारण अप्रैल-जुलाई में मांग अनुमानित स्तर तक नहीं पहुंच पाई। हालांकि, जुलाई, 2023 में 209.03 गीगावाट तक गिरने से पहले जून में अधिकतम मांग 224.1 गीगावाट की नई ऊंचाई को छू गई। अगस्त में अधिकतम मांग 238.82 गीगावाट पर पहुंच गई। इस वित्त वर्ष में सितंबर में यह 243.27 गीगावाट के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। अक्टूबर में अधिकतम मांग 222.16 गीगावाट, नवंबर में 204.77 गीगावाट और दिसंबर, 2023 में 213.62 गीगावाट थी। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस साल बारिश अधिक होने के कारण मार्च, अप्रैल, मई और जून में बिजली की खपत प्रभावित हुई थी।

# भारतीय शेयर बाजार से एफआईआई ने तीन दिन में निकाले 24 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों ने तीन दिन (17-19 जनवरी) में 24,000 करोड़ रुपये की निकासी की है। हालांकि, पूरे जनवरी महीने में 13,000 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले इन निवेशकों ने दिसंबर में 66,134 करोड़ और नवंबर में 9,000 करोड़ के शेयरों की खरीदी की थी। इन निवेशकों ने डेट में जनवरी में 15,647 करोड़ रुपये का निवेश किया है। दिसंबर में डेट में 18,302 करोड़ व नवंबर में 14,860 करोड़ निवेश किया था। डेट मे इसलिए निवेश बढ़ रहा है क्योंकि जेपी मॉर्गन जून से अपने बेंचमार्क में भारतीय बॉन्ड को शामिल करेगा। एफआईआई ने भारत के अलावा अन्य उभरते देशों ताइवान, दक्षिण कोरिया और हॉन्गकॉन्ग के बाजारों से भी निकासी की है। अमेरिकी बॉन्ड की ब्याज दर में वृद्धि से एफआईआई ने बाजारों से पैसे निकाले हैं।

**टाटा मोटर्स के वाहन 0.7त्न तक होंगे महंगे**

टाटा मोटर्स के यात्री वाहन फरवरी से महंगे हो जाएंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हर मॉडल की औसतन 0.7 फीसदी तक कीमतें बढ़ेंगी। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन भी होंगे। इनपुट और अन्य लागत बढ़ने से कंपनी ने यह फैसला किया है। इससे




पहले जनवरी में भी कंपनी ने अपने सभी उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की थी।

**पांच कंपनियों की पूंजी 1.68 लाख करोड़ घटी**

शेयर बाजार में शीर्ष 10 कंपनियों में से पांच की पूंजी पिछले हफ्ते 1.68 लाख करोड़ घट गई। सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक को नुकसान हुआ। इस दौरान बीएसई में 1,145 अंकों की गिरावट रही। एचडीएफसी बैंक की पूंजी 1.22 लाख करोड़ घटकर 11.22 लाख करोड़ रुपये रही। शेयर 12त्न से ज्यादा गिरकर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी 18,199 करोड़ घटकर 18.35 लाख करोड़, एचयूएल की पूंजी 17,845 करोड़ घटकर 5.80 लाख करोड़ रही।

**वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद वस्तु सेवा निर्यात बढ़कर 765.6 अरब डॉलर**

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश से वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 2023 में मामूली 0.4त्न बढ़कर 765.6 अरब डॉलर पहुंच गया।?वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, निर्यात को इलेक्ट्रॉनिक, दवा, सूती धागा, कपड़े, सिरेमिक उत्पाद, मांस, डेयरी और पॉल्ट्री उत्पाद, फल-सब्जियां व आईटी से मदद मिली है।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कैलेंडर साल में वस्तुओं का निर्यात 4.71 फीसदी घटकर 431.9 अरब डॉलर पर आ गया। हालांकि, सेवाओं का निर्यात 7.88 फीसदी बढ़कर 333.8 अरब डॉलर पहुंच गया।?इस अवधि में वस्तुओं का आयात भी सात फीसदी घटकर 667.73 अरब डॉलर रहा। 2022 में यह 720.2 अरब डॉलर था। आरबीआई की ओर से जारी सेवा क्षेत्र के आंकड़े नवंबर, 2023 तक के हैं। दिसंबर, 2023 का आंकड़ा मंत्रालय का एक अनुमान है।

**ये रहे प्रमुख निर्यात गंतव्य:** भारत के निर्यात गंतव्यों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, बांग्लादेश, ब्रिटेन व जर्मनी शामिल।

**लाल सागर संकट से वैश्विक व्यापार पर पड़ सकता है असर**

रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष और मालवाहक जहाजों पर यमन स्थित हुती विद्रोहियों के हमलों के कारण लाल सागर व्यापार मार्ग संकट से माल लदान प्रभावित हुआ है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, अगर ये चुनौतियां लंबे समय तक बनी रहीं, तो इसका वैश्विक व्यापार पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

## लार्सन एंड टुब्रो ने राम मंदिर का किया निर्माण, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले कंपनी ने कही ये बात

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का डिजाइन इंजीनियरिंग एवं निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने तैयार किया और उसके निर्माण को भी अंजाम दिया। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। राम मंदिर का बहुप्रतीक्षित उद्घाटन सोमवार को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुष्ठान में शामिल होंगे। इसके एक दिन बाद मंदिर को जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

निर्माण कंपनी ने बयान में कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आदेशानुसार लार्सन एंड टुब्रो ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर का डिजाइन



और निर्माण कार्य सफलतापूर्वक किया। मंदिर वास्तुकला के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। यह मंदिर 70 एकड़ के परिसर में फैला है। इसका डिजाइन वास्तुकला की प्राचीन नागर शैली से प्रेरित है। मंदिर की ऊंचाई 161.75 फुट, लंबाई 380 फुट और चौड़ाई 249.5 फुट है। यह तीन मंजिला मंदिर होगा। इसमें मुख्य शिखर के साथ पांच मंडप- नृत्य मंडप, रंग मंडप, गूढ़ मंडप, कीर्तन मंडप और प्रार्थना मंडप शामिल होंगे। एलएंडटी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एस एन सुब्रमण्यन ने कहा, ''श्री राम जन्मभूमि मंदिर के डिजाइन और निर्माण (का अवसर देने) के लिए हम सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं....' एलएंडटी भारत की 23 अरब डॉलर की बहुराष्ट्रीय कंपनी है। यह इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं, हाई-टेक विनिर्माण तथा सेवाओं में लगी हुई है। इसका कारोबार दुनिया के 50 से अधिक देशों में फैला है।

## वरिष्ठ नागरिक: सेवानिवृत्त होने के बजाय कामकाजी वर्ष बढ़ाएं, बुढ़ापे में वित्तीय सुरक्षा का एकमात्र तरीका

**नई दिल्ली।** किसी व्यक्ति के लिए अपना 90वां जन्मदिन मनाना एक जश्न हो सकता है। उनकी खुशियों का, उनकी सेहत का और उनके परिवारजनों का। लेकिन, उम्र के इस पड़ाव तक पहुंचने के लिए सेवानिवृत्त होने के बजाय आपको अपने कामकाजी वर्षों को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। यह बुढ़ापे में वित्तीय रूप से सुरक्षित रहने का एकमात्र तरीका है। कुछ दिन पहले मैं एक अनोखी पार्टी का गवाह बना। अनोखी इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि पार्टी में 25 में से 23 लोग 80 साल से ज्यादा उम्र के थे। मैं और मेरी पत्नी सबसे छोटे थे। हमें एहसास हुआ कि लंबा जीवन जीना बहुत उपयोगी और प्यारा हो सकता है। यह पार्टी एक डॉक्टर के 90वां जन्मदिन मनाने की खुशी में थी, जिसने एक दशक पहले ही पूर्ण रूप से काम करने से सेवानिवृत्त ले लिया था। अजीब बात है कि उनके 60 साल की उम्र के बच्चे अपनी पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण इसमें शामिल नहीं हो सके। हालांकि, इसका कोई बहुत फर्क इस जश्न पर नहीं पड़ा।

इस पार्टी से मुझे जो एहसास हुआ, वह यह कि जब आप बूढ़े हो जाएंगे (जरूरी नहीं कि सेवानिवृत्त हो जाएं) तो जीवन में कई चीजें हैं, जिनका इंतजार करना होगा। सेवानिवृत्ति का मतलब यह नहीं है कि आप काम करना बंद कर दें। आप बस वह काम शुरू कर दें, जो आपको पसंद है। यह बहुत अच्छा है, अगर उस चीज से भुगतान भी मिले। हां, जीवन कई चुनौतियां लाता है, लेकिन आपको इसे सही ढंग से लेने की जरूरत है न कि इससे जूझने की। सकारात्मक मानसिकता रखना हर उम्र में अच्छा है और व्यक्ति को इस दिशा में काम करने की जरूरत है। बढ़ती लंबी आयु के साथ सबसे अच्छी वित्तीय योजनाएं विफल हो सकती हैं, जिसका अर्थ है कि बुढ़ापे में वित्तीय रूप से सुरक्षित रहने का एकमात्र तरीका अपने कामकाजी वर्षों को जितना संभव हो उतना बढ़ाना है। यह भी सुनिश्चित करना है कि आप समान आयु वाले लोगों की संगति में रहें। जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए जरूरत पड़ने पर ऐसे लोग भावनात्मक मदद कर सकते हैं। याद रखें, सेवानिवृत्ति का मतलब सिर्फ पैसा होना नहीं है, बल्कि समय कैसे बिताना है, इसकी चिंता किए बिना आगे बढ़ते रहना भी एक उद्देश्य होगा। हम पार्टी में शामिल अधिकांश लोगों को नहीं जानते थे। कई लोगों ने हमें डॉक्टर का पोता समझ लिया।

## थिएटर में होगा उद्घाटन का सीधा प्रसारण, मुनाफे का हिस्सा सामानों के रूप में दान दे रहीं कंपनियां

**नई दिल्ली।** राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कॉरपोरेट भी पूरी तरह तैयार हो चुका है। कई कंपनियां कार्यक्रम का थिएटर में सीधे प्रसारण करेंगी। कुछ कंपनियां उदघाटन के समय होने वाली बिक्री के लाभ का एक हिस्सा पूरे अयोध्या शहर में विशेष खाद्य पदार्थ वितरित करने के लिए दान कर रही हैं।

उपभोक्ता क्षेत्र में काम करने वाली कई कंपनियों ने होर्डिंग, गेट ब्रांडिंग, शॉपबोर्ड और कियोस्क लगाकर अयोध्या राम मंदिर के लिए आने वाले भक्तों को उत्पाद पेश करके ऑन-ग्राउंड मार्केटिंग अभियान को सक्रिय कर दिया है। मल्टीप्लेक्स चलाने वाली पीवीआर आईनॉक्स ने 22 जनवरी को 70 से अधिक शहरों में 160 सिनेमा स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राममंदिर उद्घाटन की लाइव स्क्रीनिंग की घोषणा की है। पीवीआर आईनॉक्स के सह-सीईओ गौतम दत्ता ने कहा, हमें उम्मीद है कि हम मंदिर की गूंज, शुभ मंत्रों और लुभावने दृश्यों को लाने में सक्षम होंगे। यह भारत के समकालीन इतिहास में सबसे प्रतीक्षित क्षण होगा।

**डाबर : मुनाफा का एक हिस्सा जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को दान देगी**

डाबर इंडिया 17 जनवरी से 31 जनवरी तक उत्पादों की बिक्री से होने वाले मुनाफे का एक हिस्सा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को दान करेगी। कंपनी के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा, राममंदिर की प्रतिष्ठा हमारे इतिहास में महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है।अदाणी विल्मर जलेबी वितरित करने के साथ भोग

Dabur
Celebrate Life!

का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगी। कंपनी के एमडी अंग्सु मल्लिक ने कहा, अयोध्या में इकट्ठा होने वाले भक्तों की भीड़ का ध्यान खींचने के लिए गेट ब्रांडिंग, होर्डिंग्स, शॉपबोर्ड और कियोस्क जैसी गतिविधियों की भी योजना है।

## बढ़ा कारोबार, हवाईअड्डे निजी जेट से भरे, सोने की परत वाली मूर्तियां खत्म

**नई दिल्ली।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते अयोध्या में कारोबारी गतिविधियों में जबरदस्त तेजी है। यहां हवाईअड्डे पर निजी जेट विमानों से पार्किंग पूरी तरह भर गई है। साथ ही स्थानीय दुकानों में सोने के परत वाली मूर्तियां भी खत्म हो चुकी हैं। इनकी इतनी मांग है कि आस-पास के भी बाजारों में यह नहीं मिल रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एशिया के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी सहित करीब 8,000 वीवीआईपी सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या पहुंचने वाले हैं। भारतीय लग्जरी चार्टर सेवा क्लब वन एयर के सीईओ राजन मेहरा ने कहा, इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाना एक स्टेटस सिंबल बन गया है। उनके सारे जेट अयोध्या की यात्रा के लिए बुक हो चुके हैं। अधिकारियों का अनुमान है कि 22 जनवरी को 100 निजी जेट अयोध्या हवाईअड्डे पर उतरेंगे। इससे यह पूरी क्षमता से भर जाएगा। यहां से कार के जरिये करीब चार घंटे दूर वाराणसी हवाईअड्डा के भी पूरी तरह से जेट से भरने की उम्मीद है। साथ ही अयोध्या से तीन घंटे की दूरी पर स्थित गोरखपुर हवाईअड्डे पर भी जेट के आगमन शुरू हो चुके हैं और यह भी पूरी तरह से भर जाएगा।

जानकारों का अनुमान है कि फाल्कन 2000 जेट पर नौ यात्रियों के साथ मुंबई-गोरखपुर वापसी उड़ान का किराया लगभग 61 लाख रुपये हो सकता है। हालांकि, लग्जरी चार्टर सेवा क्लब वन एयर ने कोई खुलासा नहीं किया है।

# अंतरिम बजट 2024: आयकर मोर्चे पर राहत की उम्मीद, स्टैंडर्ड डिडक्शन के तहत मिलने वाली छूट को बढ़ा सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार एक फरवरी, 2024 को आगामी वित्त वर्ष के लिएअंतरिम बजट पेश करेगी। बजट में खासकर नौकरीपेशा लोगों की नजर मुख्य रूप से आयकर के मोर्चे पर होने वाली घोषणाओं और राहत पर होती है। अर्थशास्त्रियों की राय इस पर अलग-अलग है। कुछ का कहना है कि सरकार आम चुनावों से पहले पेश होने वाले अंतरिम बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन की राशि बढ़ाकर आयकरदाताओं को राहत देने के साथ महिलाओं के लिए अलग से कुछ कर छूट दे सकती है। हालांकि, कुछ यह भी मानते हैं कि यह अंतरिम बजट है। ऐसे में आयकर मामले में बदलाव की उम्मीद नहीं है। वित्त मंत्री सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट है। एजेंसी

**नौकरीपेशा-मध्य वर्ग को उम्मीद**

सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज के चेयरमैन सुदिप्तो मंडल ने कहा, अंतरिम बजट में नौकरीपेशा और मध्य वर्ग को आयकर मोर्चे पर कुछ राहत मिल सकती है। स्टैंडर्ड डिडक्शन की राशि बढ़ाकर कुछ राहत दिए जाने की उम्मीद है। लेकिन, यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि गरीब और निम्न मध्य वर्ग आयकर नहीं देता है। फिलहाल स्टैंडर्ड डिडक्शन के तहत 50,000 रुपये की छूट है।



**कई अन्य चीजों पर निर्भर करेगी राहत**

करदाताओं को राहत से जुड़े सवाल के जवाब में लखनऊ स्थित गिरि विकास अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रमोद कुमार ने कहा, इसके बारे में कुछ कहना मुश्किल है। यह आर्थिक कारकों के अलावा कई अन्य चीजों पर भी निर्भर करता है। हालांकि, इस तथ्य को देखते हुए कि यह आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश किया जा रहा है, करदाताओं के वोट को आकर्षित करने के लिए कुछ रियायतें दी जा सकती हैं।

**महिलाओं के लिएअलग से छूट संभव**

आर्थिक शोध संस्थान नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी में प्रोफेसर लेखा चक्रवर्ती ने कहा, महिला मतदाताओं पर जोर को देखते हुए आयकर कानून की धारा 88सी के तहत महिलाओं के लिए कुछ अलग से कर छूट मिल सकती है। आयकरदाता भारतीय आबादी का एक छोटा हिस्सा हैं, ऐसे में महिलाओं और पुरुषों के लिए कर राहत से जुड़ी घोषणाओं का कम ही प्रभाव पड़ता है।

**ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं**

बंगलूरू के डॉ. बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति एनआर भानुमूर्ति ने कहा, यह अंतरिम बजट होगा। ऐसे में कर व्यवस्था में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है क्योंकि इसका मकसद पूरे साल का बजट पेश होने तक सिर्फ खर्च बजट पर मंजूरी लेने का होता है। वैसे भी कर व्यवस्था और संरचना में बार-बार बदलाव से अनुपालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**बजट में खासकर नौकरीपेशा लोगों की नजर मुख्य रूप से आयकर के मोर्चे पर होने वाली घोषणाओं और राहत पर होती है। अर्थशास्त्रियों की राय इस पर अलग-अलग है।**

# पंजाब एंड सिंध बैंक के पूर्व अधिकारी की 2.56 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब एंड सिंध बैंक के एक पूर्व अधिकारी की 2.56 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई ऑनलाइन गेम खेलने के लिए ग्राहकों की 52 करोड़ रुपये से अधिक की सावधि जमा (एफडी) तोड़ने वाले उस अधिकारी के खिलाफ की है। ईडी ने जारी बयान में बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के 'नॉर्थ कैम्पस' के खालसा कॉलेज परिसर स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच में कार्यरत




बेदांशु शेखर मिश्रा की 2.56 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और सावधि जमा जब्त की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक पूर्व अधिकारी ने कथित तौर पर बैंक ग्राहकों की 52 करोड़ रुपये से अधिक के सावधि जमा को तोड़ दिया और राशि का इस्तेमाल ऑनलाइन गेम खेलने के लिए किया। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक यह कार्रवाई धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की है। कथित धोखाधड़ी से संबंधित यह मामला 2021-22 के बीच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी से जुड़ा हुआ है। बेदांशु शेखर मिश्रा को कथित धोखाधड़ी के प्रकाश में आने के बाद नवंबर, 2022 में बैंक ने निलंबित कर दिया था।

# अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना का काम संतोषजनक गति से चल रहा है : JICA

**नई दिल्ली।** जेआईसीए (जीका) इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि साइतो मित्सुनोरी ने अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि पीएम गति शक्ति योजना से देश में सार्वजनिक कार्यों में तेजी आई है। मित्सुनोरी ने एक साक्षात्कार में भारत के सीमा सड़क सपर्क को बढ़ाने और भूटान, नेपाल तथा बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय बिजली पारेषण परियोजना में हिस्सा लेने में जापान की रुचि भी व्यक्त की। उन्होंने कहा, '' एक बार परियोजना की अवधारणा पर काम शुरू होने का मतलब है कि सरकार के भीतर आधिकारिक काम जारी है। इसको लेकर स्पष्टता है और हर कोई प्रगति का आकलन तथा निगरानी कर रहा हैज इससे इस देश में सार्वजनिक कार्यों में तेजी लाने में बहुत मदद मिली।'' जेआईसीए इंडिया के प्रमुख ने कहा कि स्थिति में अब थोड़ा सुधार हुआ है, क्योंकि पहले स्थानीय प्राधिकरण से मंजूरी मिलने में वर्षों लग जाते थे जिससे परियोजना में देरी होती थी और लागत बढ़ जाती थी। जापान की वित्तपोषण एजेंसी जेआईसीए भारत की कई अरब डॉलर की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे चेन्नई, अहमदाबाद तथा दिल्ली में मेट्रो परियोजनाओं और ग्रामीण विकास तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में कई अन्य परियोजनाओं की वित्तपोषण भागीदार रही है। सरकार ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में 'मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी' बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए 2021 में पीएम गति शक्ति योजना शुरू की। अहमदाबाद-मुंबई द्रुत गति की गलियारा परियोजना की प्रगति के बारे में जेआईसीए के मुख्य प्रतिनिधि ने कहा कि एजेंसी सभी खंडों में काम शुरू होने से उत्साहित है। परियोजना को लेकर सभी अनिश्चितताएं दूर हो गई हैं। उन्होंने नेपाल और भूटान को बांग्लादेश से जोड़ने वाली बिजली पारेषण परियोजनाओं के वित्तपोषण में भी गहरी रुचि व्यक्त की है। मित्सुनोरी ने कहा, '' हम बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में क्षेत्र के देशों के साथ जुड़ने के लिए काफी उत्सुक हैं। हम यह देखने के लिए बहुत उत्सुक हैं कि बिजली संपर्क नेटवर्क के लिए क्या कर सकते हैं। वे नेपाल और भूटान के साथ काफी गहन चर्चा चल रही है। वे नेपाल की बिजली को बांग्लादेश और भूटान से बांग्लादेश तक लाने पर सहमत हुए हैं।

## Chinese Balloon: एक बार फिर चीनी गुब्बारे ने पार की ताइवान की सीमा, मची सनसनी

**ताइवान।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ताइवान जलडमरूमध्य के ऊपर छह और चीनी गुब्बारे उड़ते हुए देखे, जिनमें से एक द्वीप को पार कर गया। मंत्रालय का कहना है कि उसने पिछले डेढ़ महीने में ऐसे गुब्बारे देखे हैं। मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में कड़े शब्दों में एक बयान में चीन पर विमानन सुरक्षा को धमकी देने और ताइवान के 13 जनवरी के चुनावों से कुछ दिन पहले गुब्बारों के साथ द्वीप के लोगों पर मनोवैज्ञानिक युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया था। चीन के रक्षा मंत्रालय, जिसने पिछले महीने गुब्बारों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था, ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। ताइपे सरकार की कड़ी आपत्तियों के बावजूद चीन ताइवान पर अपना दावा करता है।जासूसी के लिए चीन द्वारा गुब्बारों का उपयोग करने की संभावना पिछले फरवरी में एक वैश्विक मुद्दा बन गई जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक चीनी निगरानी गुब्बारे को मार गिराया। चीन ने कहा कि गुब्बारा एक नागरिक जहाज था जो गलती से भटक गया। नवीनतम घटना में मंत्रालय ने सोमवार को पिछले 24 घंटों में चीनी सैन्य गतिविधियों पर अपनी दैनिक रिपोर्ट में खुलासा किया कि रविवार को छह गुब्बारे जलडमरूमध्य की संवेदनशील मध्य रेखा पर उड़ गए थे। हालाँकि, मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र के अनुसार, केवल एक ने दक्षिणी सिरे पर स्थित ताइवान द्वीप को पार किया। मंत्रालय ने कहा कि अन्य पांच गुब्बारे ताइवान के उत्तर की ओर उड़े लेकिन जमीन के ऊपर से नहीं उड़े।इसमें कहा गया है कि गायब होने से पहले वह गुब्बारे उड़ाकर पूर्व की ओर चला गया। ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा पहले ताइवान और चीन के बीच एक अनौपचारिक बाधा के रूप में काम करती थी, लेकिन चीनी लड़ाकू जेट, ड्रोन और अब गुब्बारे नियमित रूप से इसके ऊपर से उड़ान भरते हैं।

## जलवायु परिवर्तन पर निगरानी रखने में कमी से एक अरब लोग भीषण गर्मी की चपेट में

**कीव।** वर्ष 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है और आर्द्रता भी बढ़ रही है। गर्मी और आर्द्रता एक तरीके का बेहद खतरनाक संयोजन है, जो हमारे जीवन और आजीविका के सभी पहलुओं को खतरे में डालता है। जलवायु परिवर्तन ने गर्मी और आर्द्रता के इस संयोजन को लोगों के बर्दाश्त करने की खतरनाक सीमा के करीब धकेल दिया है। दुनिया के कुछ हिस्से मानवीय सहनशीलता की सीमा से परे स्थितियों की राह पर हैं। हमारे नये शोध में यह सामने आया है कि उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में मौसम विज्ञान केंद्रों के सिमटते दायरे के कारण ही शहरों में बढ़ती गर्मी से होने वाले नुकसान का अनुमान कम है। इसका मतलब यह है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर लगाए जाने वाले वैश्विक आकलनों में संभवतः लोगों पर स्थानीय प्रभावों की अनदेखी की जाती है। उष्णकटिबंधीय क्षेत्र, मुख्यतौर पर एशिया और अफ्रीका में स्थित मलिन बस्तियां जलवायु परिवर्तन के इस खतरे की अग्रिम पंक्ति में हैं।जलवायु निगरानी के अभाव के कारण ये समुदाय बढ़ती उमस भरी गर्मी से सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। बहुत कम विकल्प मौजूद होने की वजह से इन लाखों लोगों को उष्णकटिबंधीय क्षेत्र के सबसे गर्म हिस्सों से दूर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इन जगहों पर क्यों गर्मी बन रही खतरा? तेजी से शहरों में बढ़ती आबादी, जिसने योजनाबद्ध और औपचारिक विकास को हिला कर रख दिया है, इन बस्तियों के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह है। यहां रहने वाले लोगों के पास आमतौर पर बिजली और पानी की आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं व सेवाओं का अभाव होता है, जिसे शहरों में रहने वाले लोग अक्सर नजरअंदाज करते हैं।करीब एक अरब से अधिक लोग इन बस्तियों में रहते हैं और संयुक्त राष्ट्र (संरा) का अनुमान है कि अगले 30 वर्षों में यह संख्या बढ़कर तीन अरब हो जाएगी। केन्या या बांग्लादेश जैसे देशों में लगभग आधी शहरी आबादी इस तरह की बस्तियों में रहती है।

## युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने भारतीय प्रवासियों के योगदान की सराहना की

**युगांडा।** युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने 1972 में बड़े पैमाने पर निष्कासन और संघर्षों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था में दक्षिण एशियाई समुदाय, विशेष रूप से भारतीय प्रवासियों के योगदान की सराहना की है। युगांडा ने 15 से 20 जनवरी तक गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के 19वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। मुसेवेनी ने पूर्व सैन्य शासक ईदी अमीन द्वारा की गई गलतियों के बारे में बात की, जिन्होंने युगांडा में बसे एशियाई मूल के लोगों को देश छोड़ने के लिए मजबूर किया जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के थे। युगांडा को 1964 में काहिरा में आयोजित गुटनिरपेक्ष आंदोलन के दूसरे शिखर सम्मेलन में संगठन का सदस्य बनाया गया था और देश पर 1971 से 1979 तक युगांडा के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में अमीन का शासन था।

## न्यूयॉर्क का टाइम्स स्कायर राममय, लहराए गए केसरिया ध्वज

**न्यूयॉर्क।** इस समय सारी दुनिया राममय है। अमेरिका में रामनाम की धूम है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कायर को भारतीय प्रवासियों ने रोशन किया है। भारत के अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर उत्सव मनाया जा रहा है। टाइम्स स्कायर के आसपास लोग केसरिया और तिरंगा ध्वज फहरा खुशी मना रहे हैं। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कैलिफोर्निया के बे एरिया को 1,100 से अधिक लोगों ने राममय कर दिया। भगवान श्रीराम के मंदिर के चित्र वाले भगवा झंडों के विशाल कार रैली निकाली। इस रैली का आयोजन बे एरिया के छह स्वयंसेवी हिंदुओं ने किया। कार रैली सनीवेल से वार्म स्प्रिंग बीएआरटी स्टेशन, गोल्डन गेट तक निकाली गई। इसके अलावा शनिवार शाम को भव्य 'टेस्ला कार लाइट शो' का आयोजन किया गया।




विशाल राम रथ के साथ निकाली गई इस रैली ने लगभग 100 मील की दूरी तय की। रैली आयोजक रोहित शर्मा, दीप्ति महाजन और दीपक बजाज ने सभी को बधाई दी है।

## ईरान के केरमान में सैनिक ने पांच साथी जवानों को उतारा मौत के घाट, यहीं विस्फोट में गई थी 94 की जान

**ईरान।** ईरान इन दिनों लगातार आतंकी हमलों से जूझ रहा है। अब ताजा मामला ईरान के केरमाल इलाके का है, जहां एक ईरानी सैनिक ने अपने साथी जवानों पर ही फायरिंग कर दी। इस हमले में पांच ईरानी सैनिकों की मौत हो गई है। केरमान में ही बीते दिनों एक शक्तिशाली विस्फोट में 94 लोगों की मौत हुई थी। जिसकी जिम्मेदारी आतंकी संगठन आईएसआईएस ने ली थी।

**बैरक में आराम कर रहे सैनिकों पर की गोलीबारी**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलीबारी की घटना ईरानी सैनिकों की बैरक में हुई। जहां एक सैनिक ने बैरक में आराम कर रहे अन्य सैनिकों पर फायरिंग कर दी। अचानक हुए इस हमले में किसी को भी बचने का मौका नहीं मिला। गोलीबारी के पीछे की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं गोलीबारी करने वाले सैनिक की भी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल घटना के संबंध में अन्य जानकारी नहीं मिल पाई है।



**केरमान में ही विस्फोट में गई थी 94 की जान**

ईरान का केरमान शहर राजधानी तेहरान से दक्षिण पूर्व दिशा में करीब 830 किलोमीटर दूर स्थित है। इस महीने की शुरुआत में केरमान में ही एक विस्फोट में 94 लोगों की मौत हो गई थी। यह धमाका साल 2020 में इराक में अमेरिका के ड्रोन हमले में मारे गए ईरानी जनरल की याद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुआ।

इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन आईएसआईएस ने ली थी। साल 2022 में भी ईरान में ऐसी ही घटना हुई थी, जिसमें एक ईरानी सैनिक ने अपने साथी जवान और तीन अन्य पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी थी। जिसमें चार लोगों की मौत हुई थी।

## रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क में भीषण गोलीबारी, 25 की मौत

**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में मरने वालों की संख्या लगातार दोनों तरफ से बढ़ती जा रही है। ताजा मामले में रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क शहर के बाहरी इलाके में स्थित बाजार में भारी गोलीबारी में 25 लोगों की मौत हो गई। रूस द्वारा बनाए गए शहर के मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने कहा उपनगर टेकस्टिलशचिक पर हमले में दो बच्चों समेत 20 अन्य लोग घायल हो गए। मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने दावा किया कि यूक्रेनी सेना की ओर से यह गोले दागे गए। हालांकि, मामले में कीव ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इधर, रविवार को ही रूस के उस्त-लुगा बंदरगाह पर रासायनिक परिवहन टर्मिनल में दो



विस्फोटों के बाद आग लग गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बंदरगाह पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया था। इसके बाद गैस टैंक में विस्फोट हो गया। जिसके बाद रूस में प्राकृतिक गैस के दूसरे सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी नोवाटेक की साइट पर आग लग गई।रूसी अधिकारी ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन जिले को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

रूस की सेना ने यूक्रेन के खार्कीव क्षेत्र के एक गांव क्रोखमल्ने पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी और यूक्रेन सेना के प्रवक्ता ने भी इसकी पुष्टि की। इससे पहले गुरुवार को रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन के पूर्वी डोनेटस्क में वेसले नामक बस्ती पर कब्जा करने की जानकारी दी थी।

## चीन में बड़ा हादसा, लैंडस्लाइड में 44 लोग मलबे में दबे, कई घर तबाह

**युन्नान।** चीन के पर्वतीय इलाके युन्नान में बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल वहां लैंडस्लाइड में 44 लोगों के मलबे में दबने की खबर है। घटनास्थल से 200 लोगों को बचाया गया है। राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है। लैंडस्लाइड में कई मकान तबाह हो गए हैं। मीडिया



रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना चीन के दक्षिण पश्चिमी प्रांत युन्नान की है। लैंडस्लाइड सोमवार सुबह करीब छह बजे युन्नान के लियांगसुई गांव में हुई।

**राहत और बचाव कार्य जारी**

हादसे वाला इलाका जेनजियांग काउंटी के तांगफांग शहर के अंतर्गत आता है। प्रशासन ने बयान जारी कर बताया है कि मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। बताया गया है कि लैंडस्लाइड में 18 घर मलबे में दब गए हैं। बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित जगह से निकाला गया है। मलबे में दबे लोगों को निकालने की भी कोशिशें चल रही हैं। लैंडस्लाइड की वजह अभी तक पता नहीं चली है। चीन के युन्नान प्रांत में लैंडस्लाइड की घटनाएं होती रहती हैं। यह चीन का रिमोट इलाका हैं, जिसमें बड़े-बड़े पहाड़ हैं।

## अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त रूसी विमान में पायलट सहित चार यात्री जीवित

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के दूरदराज के एक ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुए रूस के एक निजी विमान में पायलट और तीन यात्री जीवित पाए गए हैं। तालिबान ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विमान में कुल छह लोग सवार थे। दुर्घटना बदख्शां प्रांत के एक पर्वतीय इलाके में हुई थी। तालिबान के क्षेत्रीय प्रवक्ता जबीउल्ला अमीरी ने बताया कि दुर्घटना शनिवार को बदख्शां प्रांत के जेबक जिले के पास एक पर्वतीय इलाके में हुआ था। एक बचाव दल दुर्घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। जेबक अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से करीब 250 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। यह एक ग्रामीण और पर्वतीय इलाका है।

तालिबान के परिवहन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक ऑनलाइन बयान जारी कर कहा कि विमान प्रांत के कुफ आब जिले में अरुज़ कोह पर्वत के पास पाया गया। बयान में कहा गया, पायलट को अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात की खोजी टीम ने ढूंढ़ लिया।



पायलट के मुताबिक, वह और तीन अन्य लोग जीवित हैं। शेष लोगों की तलाश की जा रही है। मास्को में, रूसी नागरिक उड्डयन अधिकारियों ने कहा कि एक दसॉल्ट फाल्कन 10 लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान में चालक दल के चार सदस्य और दो यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि रूस के पंजीकरण वाले विमान से संपर्क टूट गया और यह रडार के स्क्रीन से ओझल हो गया। रूसी अधिकारियों ने कहा कि विमान एथलेटिक ग्रुप एलएलसी और एक निजी व्यक्ति से संबद्ध था।

मोरक्को में पंजीकृत दसाल्ट फाल्कन (डीएफ-10) विमान एक एयर एंबुलेंस के रूप में परिचालित किया जा रहा था। यह थाईलैंड के उतापाओ हवाई अड्डे से मास्को जा रहा था। वहीं तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रेयान की ओर से जारी एक बयान के अनुसार विमान मोरक्को की एक कंपनी का था। रेयान ने कहा कि दुर्घटना विमान का इंजन बंद हो जाने की वजह से हुई।

## सीरिया की राजधानी पर हुए इजराइली हमले में पांच ईरानी सलाहकारों की मौत : अधिकारी

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क पर हुए एक इजराइली हमले में ईरान के 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' द्वारा इस्तेमाल की जा रही इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। इस हमले में कम से कम पांच ईरानी नागरिकों की मौत हो गई। सीरिया और ईरान के सरकारी मीडिया संगठनों की खबर से यह जानकारी मिली। इस संबंध में सीरिया की सेना ने कहा कि कड़ी सुरक्षा वाले पश्चिमी दमिश्क के माजेह इलाके में स्थित इमारत पूरी तरह से नष्ट हो गई। इसने कहा कि इजराइली वायुसेना ने सीरिया के इजराइली कब्जे वाले 'गोलान हाइट्स' के ऊपर से उड़ान भरते समय मिसाइल दागीं। इजराइली सेना ने हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सरकारी के मुताबिक, कुछ घंटों बाद दक्षिणी लेबनान स्थित बंदरगाह शहर टायरे के पास एक कार पर इजराइली ड्रोन हमले में वाहन में सवार दो हिजबुल्ला सदस्यों और नजदीक में मौजूद दो लोगों की मौत हो गई। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने कहा कि हमले में मारे गए लोगों में समूह का एक स्थानीय कमांडर अली हुदरुज भी शामिल था।

## मैक्सिको को मिला पहला राम मंदिर, भारत से लाई गई मूर्तियां

**वाशिंगटन।** अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। दुनियाभर के देशों में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। अमेरिका, मैक्सिको, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया के मंदिरों में भी सुंदरकाण्ड, रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। इसी बीच, मैक्सिको को पहला राम मंदिर मिल गया है। मैक्सिको के शहर क्वेरेटारो बने नए राम मंदिर को लेकर सोशल मीडिया में तमाम प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

**भारत से लाई गई मूर्तियां**

मैक्सिको में बने मंदिर में भारत से लाई गई मूर्तियों को स्थापित किया गया। इस दौरान एक अमेरिकी भारतीय पुजारियों में विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों द्वारा भजन, कीर्तन, शास्त्रीय संगीत का



आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के साथ-साथ मैक्सिको के नागरिकों ने भी शिरकत की।

**'मैक्सिको में पहला राम मंदिर'**

मैक्सिको में भारतीय दूतावास ने पोस्ट साझा करते हुए कहा तकि मैक्सिको में पहला भगवान राम मंदिर। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर क्वेरेटारो शहर को पहला भगवान राम मंदिर मिला। क्वेरेटारो में पहले भगवान हनुमान मंदिर की भी मेजबानी की गई है।

**अयोध्या में भी कड़े सुरक्षा इंतजाम**

इसी बीच अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में मौजूद है। अयोध्या की सड़कों पर जमकर जय श्री राम के नारे लगाए जा रहे हैं। अयोध्या के कई स्थानों पर सुंदरकांड और रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम में पीएम मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को घोषणा की कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह 'मंगल ध्वनि' संगीत कार्यक्रम से कार्यक्रम का आगाज होगा।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विदेश में भी बड़े आयोजन, त्रिनिदाद और टोबैगो में भजन कीर्तन

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, त्रिनिदाद और टोबैगो में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका के न्यूयॉर्क में स्थित टाइम्स स्क्वायर में लोगों ने लड्डू बांटे। साथ ही कहा कि अमेरिका के 1100 मंदिरों में सुंदरकांड, रामचरितमानस का आयोजन हो रहा है। त्रिनिदाद और टोबैगो में राम जन्मभूमि स्थापना समिति के सदस्यों ने विदेशी मित्रों के साथ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले जश्न मनाया।

**अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर लोगों को बांटे गए लड्डू**

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विदेशों में भी धूम है। दुनियाभर के देशों में भी मंदिर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा है। अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ राम मंदिर




के सदस्यों ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में लोगों को लड्डू बांटे गए। संस्था के सदस्य प्रेम भंडारी ने कहा कि अमेरिका में भी इस कार्यक्रम को लेकर लोग उत्साहित हैं। दुनियाभर के लोग ने पीएम मोदी की भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हम अपने जीवनकाल में इस दिव्य दिन के साक्षी बनेंगे। गौरतलब है कि अमेरिका के कई स्थानों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर से बोस्टन तक, वाशिंगटन, डीसी, लॉस एंजिल्स और सैन फ्रांसिस्को में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**प्राण प्रतिष्ठा को लेकर न्यूजीलैंड की मंत्री मेलिसा ली का वीडियो संदेश**

प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर न्यूजीलैंड की मंत्री मेलिसा ली एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के भारतीय प्रवासियों को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के जश्न के लिए शुभकामनाएं देती हूं। राम मंदिर के उद्घाटन के लिए पीएम मोदी और भारत के लोगों को बधाई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के काम और ममंदिर के पुनर्जीवित करने की उनके दृढ़ संकल्प का नतीजा है। पीएम मोदी भारत को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम मोदी का दुनियाभर में सम्मान किया जाता है, वह लगातार भारत के लोगों के भले के लिए काम कर रहे हैं।

## ओकलाहोमा में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत; समुद्री हमले में लापता नौसेना के दो जवानों की खोज बंद

**वाशिंगटन।** ओक्लाहोमा में देर रात एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे एक एयर एम्बुलेंस चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। कंपनी ने कहा कि रात 11-30 बजे से कुछ देर पहले नियंत्रण केंद्र का एयर इवैक लाइफटीम हेलीकॉप्टर चालक दल से संपर्क टूट जाने के बाद वेदरफोर्ड के पास दुर्घटना की सूचना मिली। निकटवर्ती एयर इवैक टीमों ने चालक दल के सदस्यों की खोज में कानून प्रवर्तन की सहायता की।

कंपनी ने यह नहीं बताया कि बेल 206एल3 कहां पाया गया और पीड़ितों के नाम तुरंत जारी नहीं किए। बता दें, राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड दुर्घटना की जांच करेगा।

**समुद्री हमले में लापता नौसेना के दो जवानों को मरा माना**

अमेरिका की सेना ने अपने दो लापता नौसेना के जवानों को बचाने के लिए चलाया जा रहा खोज अभियान बंद कर दिया है। अब इन जवानों को मरा हुआ माना जा रहा है। दरअसल, ये जवान उस दौरान लापता हो गए थे, जब अरब सागर में एक जहाज पर चढ़ने और ईरानी निर्मित हथियारों को जब्त करने का अभियान चला रहे थे।

अमेरिकी मध्य कमान ने कहा कि तलाश अभियान को अब राहत अभियान में बदल दिया गया है। जवानों के नाम जारी नहीं किए गए हैं क्योंकि अभी परिवारों को सूचना नहीं पहुंचा सकी है।

सेना ने कहा कि अमेरिका, जापान और स्पेन के जहाजों तथा विमानों ने फ्लीट न्यूमेरिकल मौसम विज्ञान और समुद्र विज्ञान केंद्र, यूएस कोस्ट गार्ड अटलांटिक एरिया कमांड, सैन डिएगो विश्वविद्यालय - स्क्रिप्ट्स इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी और नौसेना अनुसंधान कार्यालय की सहायता से लगातार 21,000 वर्ग मील से अधिक की खोज की। 10 दिन से खोज जारी थी। यूएस सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल एरिक कुरिल्ला ने कहा, 'हम अपने दो नौसेना जवानों के नुकसान पर शोक व्यक्त करते हैं। हम हमेशा उनके बलिदान का सम्मान करेंगे। हमारी प्रार्थनाएं जवानों के परिवारों, दोस्तों, अमेरिकी नौसेना और पूरे विशेष अभियान समुदाय के साथ हैं।' अधिकारियों के अनुसार, 11 जनवरी के छापे में यमन में हूती विद्रोहियों को अवैध ईरानी निर्मित हथियार ले जाने वाले एक जहाज को निशाना बनाया गया था।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : मैग्डेलेना को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में पहुंची कोको गॉफ

**मेलबर्न ।** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ महिला एकल मुकाबले में मैग्डेलेना फ्रेच को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। आज यहां खेले गए मुकाबले में कोको ने बेहतर तकनीक और जोश का शानदार मुजाहिरा करते हुए एक घंटे तीन मिनट में मैग्डेलेना को 6-1, 6-2 से हराया। कोको का अगला मुकाबला पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनलिस्ट यूक्रेन की मारटा कोस्तयुक से होगा। कोस्त्युक ने किआ एरेना में क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम आठ में पहुंची है। इसके साथ ही कोको ने सत्र में अपनी जीत के क्रम को जारी रखा है। अमेरिकी खिलाड़ी ने वर्ष के पहले सप्ताह में अपने ऑकलैंड खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और अब 2024 में अब तक 9-0 शुरुआत को बरकरार रखा है।



## टाटा स्टील मास्टर्स राउंड 5 - 6: गुकेश की लगातार दूसरी जीत जॉर्डन को भी हराया

**नीदरलैंड।** 86वें टाटा स्टील सुपर ग्रांड मास्टर्स शतरंज के छठे राउंड में भारत के ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें एक और शानदार जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट में शानदार वापसी की है ,तीसरे और चौंथे राउंड में हार के बाद गुकेश नें पांचवें राउंड में विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर रूस के यान नेपोमनिशी को मात दी थी और अब उन्होने मेजबान नीदरलैंड के यौर्डन वान फॉरेस्ट को पराजित करते हुए अपने आप को ख़िताबी जीत की दौड़ में शामिल कर लिया है । काले मोहरो से खेलते हुए गुकेश नें स्कॉच ओपनिंग में बेहद आक्रामक अंदाज में 45 चालों में जीत दर्ज की । भारतीय खिलाड़ियों में आर प्रज्ञानन्दा नें रूस के यान नेपोमनिशी से तो विदित गुजराती नें विश्व महिला शतरंज चैम्पियन चीन की जू वेंजून से ड्रॉ खेला । अन्य मुकाबलों में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें चीन के वे यी को मात दी तो नीदरलैंड के मैक्स वार्मेर्दन नें जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर दोनचेंको को मात दी तो नीदरलैंड के अनीश गिरि नें ईरान के परहम मघसूदलू तो चीन के विश्व चैम्पियन डींग लीरेन नें उज़्बेक्सितान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से बाजी ड्रॉ खेली ।6 राउंड के बाद अनीश 4.5 , अलीरेजा 4 अंक बनाकर पहले दो स्थान पर चल रहे है जबकि भारत के डी गुकेश और प्रज्ञानन्दा , अब्दुसत्तोरोव , डिंग , वे यी और मैक्स 3.5 अंक बनाकर खेल रहे है ।




## एएफसी एशियन कप : सऊदी अरब राउंड 16 में, थाईलैंड के आगे बढ़ने की उम्मीदें बरकरार

**दोहा।** सऊदी अरब ने एएफसी एशियन कप में नौ खिलाड़ियों वाले किर्गिस्तान पर 2-0 से जीत दर्ज कर राउंड 16 में प्रवेश किया। अहमद बिन अली स्टेडियम में 39,557 प्रशंसकों के सामने, तीन बार के चैंपियन सऊदी अरब ने ग्रुप एफ में छह अंकों के साथ लगातार दूसरी जीत हासिल की।इससे पहले रविवार को, थाईलैंड ने ओमान के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला और ग्रुप में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जिससे नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने की उसकी उम्मीदें बढ़ गईं। साहस और तीव्रता के साथ खेलते हुए, किर्गिस्तान ने मैच की जोरदार शुरुआत की, लेकिन केवल नौ मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों तक सीमित हो गया जब एज़ार अकमातोव को लाल कार्ड दिखाया गया। सऊदी अरब ने 35वें मिनट में मोहम्मद कन्नो के गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। किर्गिस्तान की मुश्किलें दूसरे हाफ के छह मिनट बाद और बढ़ गईं जब किमी मर्क को भी हसन अल तम्बाकती की चुनौती के बाद लाल कार्ड दिखाया गया। गेंद पर नियंत्रण और संख्यात्मक लाभ में प्रभुत्व के साथ, सऊदी अरब को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन वे किर्गिस्तान की दृढ़ रक्षा पंक्ति से पार नहीं पा सके। सऊदी अरब के लिए दूसरा गोल सामान्य समय ख़त्म होने से छह मिनट पहले हुआ।

# श्यामली सिंह ने 'ब्रेन ट्यूमर' से जूझने के बाद मुंबई मैराथन में जीता कांस्य पदक

**मुंबई।** पश्चिम बंगाल की श्यामली सिंह ने सभी बाधाओं को पार करते हुए टाटा मुंबई मैराथन में कांस्य पदक जीता जबकि कुछ साल पहले उनके 'ब्रेन ट्यूमर' का ऑपरेशन हुआ था। चार साल पहले इसी प्रतियोगिता में श्यामली ने 42 किलोमीटर की दूरी के आधे रास्ते में उल्टी की शिकायत की थी।

उनके पति संतोष सिंह और उन्होंने पाया कि ऐसा लगातार हो रहा था। अलग अलग अस्पतालों कई जांच के बाद उन्हें समस्या का कारण पता चला जो 'ब्रेन ट्यूमर' था।

संतोष ने 'गोल्ड लेबल रेस' के 19वें चरण के बाद मीडिया को बताया, 'उसने टीसीएस रेस में भाग लिया और रजत पदक




जीता। फिर उसने मुंबई में हिस्सा लिया। 25- 26 किलोमीटर के बाद वह उल्टी करने लगी। मस्तिष्क पर दबाव बढ़ जाता था लेकिन हमें नहीं पता था।' पिछले कुछ वर्षों में उन्हें काफी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा। इसका खुलासा करते हुए संतोष ने कहा कि लेकिन श्यामली अपने लक्ष्य पर डटी रहीं और खुद में सुधार करती रहीं। संतोष ने कहा, 'उसके ऑपरेशन के दौरान मैंने विधायक से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक सभी को मेल किया, लेकिन मुझे कहीं से कोई जवाब नहीं मिला।'

श्यामली को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होने में कुछ समय लगा लेकिन वह खुश है कि उसे सही डॉक्टर मिला जो अब भी उनकी सेहत पर नजर रखता है। संतोष ने कहा, 'जिस डॉक्टर ने सर्जरी की थी, उन्हें भरोसा था कि वह फिर से दौड़ना शुरू कर देगी और उसने दौड़ना भी शुरू कर दिया।'

## भारत के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेलेगा इंग्लैंड का यह बल्लेबाज, निजी कारणों से स्वदेश लौटा

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की कि हैरी ब्रूक भारत के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेलेंगे क्योंकि मध्यक्रम का यह बल्लेबाज निजी कारणों से तुरंत स्वदेश लौट जाएगा। ईसीबी ने कहा कि वह गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए ब्रूक की जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा करेगा। इस श्रृंखला से पहले अभ्यास शिविर के लिए ब्रूक टीम के साथ अबुधाबी पहुंचे थे। ईसीबी के बयान के अनुसार, 'हैरी ब्रूक व्यक्तिगत कारणों से तुरंत स्वदेश लौटने को तैयार है। वह श्रृंखला के लिए भारत नहीं लौटेंगे। इसमें कहा गया, 'ब्रूक का परिवार इस दौरान निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। ईसीबी और परिवार मीडिया और जनता से अनुरोध करते हैं कि वे उनकी इस इच्छा का सम्मान करें और उनकी निजता में हस्तक्षेप करने से बचें। इसके अनुसार, 'इंग्लैंड के चयनकर्ता आने वाले समय में दौरे के लिए उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की पुष्टि करेंगे। ब्रूक ने अपना टेस्ट पदार्पण 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किया था। इंग्लैंड के लिए उनका आखिरी मैच जुलाई 2023 में ओवल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ था। यॉर्कशर के इस 24 वर्षीय बल्लेबाज ने अब तक 12 टेस्ट खेलकर चार शतक और सात अर्द्धशतक से 1181 रन बनाए हैं।



# इंडिया ओपन फाइनल में हारे सात्विक-चिराग, कैंग-सियो बने चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी को कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ की दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ रविवार को यहां पुरुष युगल फाइनल में पहला गेम जीतने के बावजूद हार के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी को फाइनल में कैंग और सियो की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी के खिलाफ एक घंटा और पांच मिनट में 21-15, 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे यह जोड़ी दूसरी बार इंडिया ओपन का खिताब जीतने में सफल रही। विश्व चैंपियन कैंग और सियो के खिलाफ अच्छी शुरुआत करने के बाद भारतीय जोड़ी ने लय गंवा दी और लगातार सहज गलतियां की जिसका खामियाजा मेजबान देश की जोड़ी को खिताब गंवाकर चुकाना पड़ा।

भारत और कोरिया की जोड़ी के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। सात्विक और चिराग ने पहले तीन अंक शटल को नेट के पार कराने में नाकाम रहने के कारण गंवाए। सात्विक में शुरुआत में काफी गलतियां की जिससे कैंग और सियो को कुछ आसान अंक मिले। खेल की गति काफी तेज थी इसलिए गलती की गुंजाइश भी काफी कम थी। सात्विक और



चिराग ब्रेक तक 11-9 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने स्कोर 13-9 किया और फिर बढ़त बरकरार रखते हुए इसे 18-13 किया। चिराग के स्मैश से भारतीय जोड़ी ने छह गेम प्वाइंट हासिल किए। कोरिया की जोड़ी ने एक अंक बचाया लेकिन फिर चिराग के शॉट को वापस भेजने में नाकाम रही जिससे सात्विक-चिराग ने पहला गेम 18 मिनट में 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में कोरिया की जोड़ी ने बेहतर शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। चिराग ने अपने तूफानी स्मैश से दो अंक जुटाकर स्कोर 4-6 किया। सात्विक और चिराग ने इस बीच कुछ शॉट बाहर और नेट पर मारे जिससे कैंग और सियो ब्रेक तक 11-5 की मजबूत बढ़त बनाने में सफल रहे। सात्विक और चिराग गलतियों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे थे और कोरिया की जोड़ी ने लगातार नौ अंक के साथ स्कोर 16-5 किया और फिर आसानी से गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी सात्विक और चिराग ने लगातार सहज गलतियां की जिससे कैंग और सियो ने 6-3 की बढ़त बनाई। सात्विक और चिराग ने कई शॉट नेट पर और बाहर मारे जबकि विरोधी जोड़ी को नेट से पीछे भी नहीं धकेल पाए। कोरियाई जोड़ी ब्रेक तक 11-6 से आगे रही। भारतीय जोड़ी ने ब्रेक के बाद वापसी करते हुए स्कोर 10-12 किया लेकिन कोरिया की जोड़ी लगातार अंक जुटाकर बढ़त बरकरार रखने में सफल रही। कोरिया की जोड़ी ने दो चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए जब सात्विक ने शटल को बाहर मार दिया और फिर चिराग ने नेट पर शॉट मारकर खिताब कैंग और सियो की झोली में डाल दिया।

## 'मुझे विश्वास है कि वह ठीक हो जाएंगे', केन विलियमसन की चोट पर गैरी स्टीड ने दिया अपडेट

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को केन विलियमसन की चोट के बारे में खुलासा किया और उन्हें विश्वास है कि बल्लेबाज 4 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट शुरू होने से पहले ठीक हो जाएगा। पिछले हफ्ते कीवी कप्तान को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी20आई श्रृंखला के आखिरी तीन मैचों से बाहर कर दिया गया था।

विलियमसन के बारे में बात करते हुए स्टीड ने कहा कि ट्रेनिंग पर वापस आने से पहले उन्हें दो दिन और लगेंगे। उन्होंने कहा कि यह 'मामूली परेशानी' थी जो 33 वर्षीय खिलाड़ी को पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि वह ठीक हो जाएगा। शायद उसे प्रशिक्षण शुरू करने से पहले एक या दो दिन का समय मिलेगा और यह एक छोटी सी परेशानी थी, जो अच्छी बात है। इसलिए हम इसे बढ़ाना नहीं



चाहते थे और हमने ऐसा नहीं किया। आगे आने वाली महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं के साथ इसे बढ़ाने का मुद्दा देखें। वह स्पष्ट रूप से एक प्रमुख खिलाड़ी है और हम यह जानते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमने उसे उपलब्ध होने का हर मौका दिया है।'

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 4 फरवरी से शुरू होगी और 13 फरवरी को खत्म होगी। पहला टेस्ट मैच बे ओवल में खेला जाएगा। सेडॉन पार्क दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

## कुश्ती : रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस 2024 में जीता कांस्य पदक

**नीस।** टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस हेनरी डेग्लेन 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है। शनिवार को फ्रांस के नीस में पुरुषों के 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में भारत के स्टार पहलवान रवि दहिया ने कजाकिस्तान के कैरात अमिरतायेव के खिलाफ 10-4 से जीत दर्ज की। दहिया पहले मिनट में 2-4 से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मुकाबला जीत लिया। इससे पहले दहिया ने 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता (13-2) के आधार पर जर्मनी के जूलियन ज़न्सिर को हराया, उसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के जंगार काबिलबेकोव को 12-6 से हराया। हालाकि, भारतीय पहलवान को सेमीफाइनल में फ्रांस के अरमान एलॉयन के खिलाफ 6-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह कांस्य पदक



मुकाबले में पहुँच गए। उल्लेखनीय है कि रवि कुमार दहिया ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर 2022 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की थी। फरवरी में अभ्यास के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगने के बाद उन्हें अप्रैल 2023 में एशियाई चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया था। जुलाई 2023 में एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान रवि कुमार दहिया की चोट बढ़ गई और उन्हें शेष वर्ष अभियान से बाहर होना पड़ा। वह बेलग्रेड में हुई पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाये थे। आगामी अभियानों में रवि कुमार दहिया के 61 किग्रा से 57 किग्रा भार वर्ग में आने की उम्मीद है। वह अप्रैल में किर्गिस्तान में एशियाई ओलंपिक गेम्स क्वालीफायर और मई में तुर्की में विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा कर सकते है।

# इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' है : सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली।** महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए भारत के पास 'विराटबॉल' मौजूद है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अब बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है। गावस्कर ने कहा, 'विराट कोहली जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका मूवमेंट अच्छा है। वह जिस फॉर्म में हैं, उसे देखते हुए 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' मौजूद है।'

कोहली टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों



के क्लब में जुड़ने से महज 152 रन दूर हैं। वह इस आगामी श्रृंखला में भारत की मुख्य कड़ी होंगे। उनके नाम 113 मैच में 29 अर्धशतक और 30 शतक हैं। गावस्कर ने कहा, 'हां, पारी को बढ़ाने का मतलब अर्धशतक से ज्यादा शतक होना है। कोहली के पास शतक और अर्धशतक समान ही हैं, इसका मतलब है कि उनकी अर्धशतक को शतक में तब्दील करने की गति काफी अच्छी है।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड ने पिछले एक दो साल में टेस्ट क्रिकेट में नया रवैया (बैजबॉल) अपनाया है। यह काफी आक्रामक रवैया है जिसमें बल्लेबाज हमेशा तेजी से रन जुटाने की कोशिश करता है। परिस्थितियां भले ही कैसी भी हों, वे हमेशा आक्रामक क्रिकेट खेलना पसंद करते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय स्पिनरों के खिलाफ यह रवैया कारगर होता है या नहीं।'

## वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा, मैक्सवेल-रिचर्डसन बाहर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 सदस्यीय वनडे टीम की घोषणा की जिसमें ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया और झाय रिचर्डसन चोट के कारण बाहर हो गए। हालांकि युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और अनकैप्ड स्पीडस्टर जेवियर बार्टलेट को ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में चुना गया है।

ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक माने जाते 21 वर्षीय फ़्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया में इस सीजन की शुरुआत में मार्श कप में 29 गेंदों में विश्व-रिकॉर्ड शतक लगाया और मैक्सवेल की जगह ली। मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) में फ्रेजर-मैकगर्क मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रहे हैं, जहां उन्होंने पहला प्रथम श्रेणी शतक बनाया और 158.64 की स्ट्राइक रेट के साथ 257 रन बनाए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार मैक्सवेल को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20आई से पहले कार्यभार का प्रबंधन करने के लिए आराम दिया गया था। डेविड वार्नर के संन्यास के बाद



मैट शॉर्ट को ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए ओपनिंग करने का मौका मिलने की संभावना है। इस बीच लांस मॉरिस ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं।

ऑल-फॉर्मेट ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया गया है। टीम में कमिंस की अनुपस्थिति में स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ कैरेबियन के खिलाफ टीम का नेतृत्व करेंगे। इस बीच ऑलराउंडर मिशेल मार्श को भी 50 ओवर की सीरीज के लिए आराम दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज क्रमशः ब्रिस्बेन, सिडनी और कैनबरा में 2 फरवरी से शुरू होकर 6 फरवरी तक चलेगी।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम :**

स्टीवन स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, लांस मॉरिस, मैट शॉर्ट, एडम जम्पा

# शोएब मलिक से परेशान थी सानिया मिर्जा, क्रिकेटर की बहनों ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शोएब मलिक ने सानिया मिर्जा से तलाक के बाद सना जावेद से शादी कर ली है। शनिवार को शोएब मलिक ने अपने सोशल मीडिया पर इस खबर को साझा करते हुए तस्वीरें भी शेयर कीं। हालांकि शोएब के इस फैसले से सभी हैरान हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार शोएब की दुसरी शादी में उनके परिवार का कोई भी सदस्य शामिल नहीं हुआ था।

**एक्सट्रामैरिटल अफेयर्स से परेशान थीं सानिया**

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार शोएब मलिक और सानिया मिर्जा के बीच तलाक की खबरें पहले से ही सामने आ रही थीं। शोएब की बहनों ने भी इस खुलासे की पुष्टि की और बताया कि सानिया उनके भाई के एक्सट्रामैरिटल अफेयर्स से परेशान थीं।

इसके अलावा सानिया मिर्जा ने शोएब मलिक से तलाक लेने का फैसला किया था। हालांकि दोनों में से किसी ने भी कभी इस बात की पुष्टि नहीं की थी। तलाक की खबरों से दोनों हमेशा इंकार ही करते आ रहे थे, लेकिन शोएब मलिक की तीसरी शादी सानिया ने तलाक की पुष्टि कर दी है।





**सानिया मिर्जा शोएब से ले चुकी हैं खुला**

शोएब मलिक की शादी के बाद भारतीय पूर्व टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के पिता ने कहा कि सानिया शोएब से खुला ले चुकी हैं। खुला के अंतर्गत पत्नी अपने पति की अनुमति के बिना तलाक ले सकती है। शोएब और सानिया की शादी साल 2010 में हैदराबाद में हुई थी। वहीं 2018 में दोनों माता-पिता बने थे। उनका पांच साल का एक बेटा है। वे दोनों दुबई में रहते थे।

**शोएब और सना की शादी**

शोएब का सना जावेद से तीसरा निकाह है। सानिया मिर्जा से पहले उन्होंने आयशा सिद्दीकी निकाह किया था। सना पाकिस्तानी एक्ट्रेस हैं और कई पाकिस्तानी टीवी सीरियल्स और फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सना भी तलाकशुदा हैं और उनकी यह दूसरी शादी है। इससे पहले सना ने पाकिस्तान सिंगर उमैर जायसवाल से 2020 में शादी की थी जो दो महीने ही चला था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया4ऊना423 जनवरी 20244पृष्ठ 12 4आरएनआईः ल्ढ्ढल्क्ठ / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# टीम इंडिया की जर्सी बनाने वाले ने बनाए राम लला के वस्त्र

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
अयोध्या में राम लला विराजमान हो गए। सोमवार को भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। रामलला की मूर्ति की बेहद खास तस्वीरें सामने आई हैं। श्रृंगार युक्त मूर्ति में भगवान के पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में राम लला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सचिव चंपत राय ने मंदिर को दिव्य, भव्य और सुंदर बनाने में गिलहरी समान योगदान देने वालों का भी उल्लेख किया था। आइए जानते हैं रामकाज करने वाले चेहरों को... जिस मूर्ति की सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा हुई उसे मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि जिस मूर्ति का चयन हुआ उसमें बालत्व, देवत्व और एक राजकुमार तीनों की छवि दिखाई दे रही है।

अरुण योगीराज मैसूर महल के प्रसिद्ध मूर्तिकारों के परिवार से हैं। वह अपने परिवार की पांचवी पीढ़ी के मूर्तिकार हैं। उनके पिता योगीराज शिल्पी भी एक बेहतरीन मूर्तिकार हैं और दादा बसवन्ना शिल्पी को मैसूर के राजा का संरक्षण हासिल था। अरुण योगीराज ने मैसूर विश्वविद्यालय से एमबीए की पढ़ाई पूरी की और करियर की शुरूआत एक प्राइवेट कंपनी में काम करके की। बाद में वह अपने अंदर के मूर्तिकार को रोक न सके और नौकरी छोड़कर 2008 में मूर्तिकला के क्षेत्र में काम करना शुरू किया। अरुण योगीराज ने इससे पहले दिल्ली के इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति स्थल के पीछे स्थापित सुभाष चंद्र बोस की 30 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई थी। इस मूर्ति को भव्य छतरी के नीचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थापित किया था। इसके अलावा केदारनाथ धाम में स्थापित आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा भी अरुण योगीराज ने ही बनाई है। साथ ही मैसूर में 21 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा को भी उन्होंने ही तराशा था। वर्तमान में अरुण योगीराज देश के सबसे अधिक व्यस्त मूर्तिकारों में से एक माने जाते हैं।

राजस्थान के सत्यनारायण पांडेय ने रामलला के बाल स्वरूप की तीन में से एक मूर्ति तैयार की है।

# एतिहासिक मंदिरों में दिन भर चला धार्मिक अनुष्ठान

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर**
श्रीराम जन्मभूमि में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न होने के बाद यहां हमीरपुर जिले में मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर दिन भर सुन्दरकांड पाठ और रामनाम का जाप का दौर चलता रहा। वही भंडारे में प्रसाद लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ भी जुटी। शाम होने से पहले श्रीराम की शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और रामभक्तों ने जय श्रीराम के



नारे लगाए। पूरे शहर में भगवा ध्वज लगाए गए है। वही सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में बिजली की झालरें लगाई गई है।

भीषण सर्दी के बीच यहां हमीरपुर में एतिहासिक चौरादेवी, बड़े मंदिर और बाला जी मंदिर समेत तमाम धार्मिक स्थलों में सुन्दरकांड का पाठ किया गया। चौरादेवी मंदिर में तो इक्कीस कुंडीय यज्ञ की धूम मची जहां हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। रमेड़ी मुहाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने बालाजी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान कराया। मंदिर प्रांगण में श्रीराम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण भी एलईडी के जरिए दिखाया गया। यहां धार्मिक आयोजन की धूम शाम तक मची रही। बाद में भंडारे में दिव्य प्रसाद का वितरण कराया गया। चंदन शुक्ला ने मंदिर में विशेष पूजा भी की। इधर, सुभाष बाजार में महावीर मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। सुन्दरकांड का पाठ कराने के साथ रामनाम का जाप भी रामभक्तों ने किया। मंदिर में अखंड ज्योति भी जलाई गई है।

# प्रधानमंत्री ने देश को आध्यात्मिक शक्ति के रूप में जोड़ने का काम किया: बिप्लब देब

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी बिपल्ब कुमार देब ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर में रामलला के विराजमान होने पर कहा कि आज का दिन इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। भाजपा प्रभारी देब सोमवार को भिवानी जिले के सिवानी के ग्राम झुम्पा कलां में आयोजित श्रीराम महोत्सव एवं खादी संवाद बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जैसे करिश्माई नेता के नेतृत्व में देशवासी इस गौरवशाली क्षणों के साक्षी बने हैं। देब ने रामलाल विराजमान होने पर देशवासियों को बधाई दी। देब ने प्रधानमंत्री मोदी का भी कोटि-कोटि आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी भाग्यशाली है, जिन्हें नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला, जिनके नेतृत्व में सभी ने पांच सौ साल बाद राम मंदिर बनने के सपने को सच होते देखा। इससे पहले बिप्लब देब ने यहां अयोध्या से रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सभी के साथ बैठकर लाइव भी देखा। प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने के बाद प्रदेश प्रभारी देब ने कहा कि यह हमारे देश के इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। जिसकी हम 500 वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। हमें अपने जीवनकाल में यह अनुभव करने का अवसर मिला इसके लिए हम बहुत सौभाग्यशाली हैं।

# सबसे पहले राम मंदिर के दरवाजे राजीव गांधी ने खोले: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भगवान राम सभी की आस्था के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले राम मंदिर के दरवाजे राजीव गांधी ने खोले थे, केंद्र में कांग्रेस सरकार थी और राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने कहा कि इन्हीं के शासन के दौरान सालों से बंद पड़े मंदिर के दरवाजे खोले गए थे। राजीव गांधी ने बीर बहादुर सिंह के साथ तालमेल कर मंदिर के ताले खुलवाए और जिसके बाद 9 नवंबर, 1989 में अयोध्या में शिलान्यास हुआ। भगवान राम को किसी पार्टी से नहीं जोड़ना चाहिए, वह सबके लिए पूजनीय व श्रद्धा के केंद्र हैं, इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। वे सोमवार को बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में पहुंचे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी जनता की उम्मीदों और अपने चुनावी घोषणापत्र को लागू करने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। यही वजह है कि आज कोई भी वर्ग इस गठबंधन सरकार से खुश नहीं है।

**आस्था के प्रतीक**

8 पूर्व सीएम बोले भगवान राम को किसी पार्टी से नहीं जोड़ना चाहिए, सबके लिए पूजनीय व श्रद्धा के केंद्र

हरियाणा में चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। पार्टी पिछले पांच साल से लगातार जनता के बीच जा रही है। कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक जनता की आवाज उठा रही है। लेकिन बीजेपी-जेजेपी सत्ता सुख भोगने में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी और कांग्रेस अपने घोषणापत्र में किए गए हर एक वादे को पूरा करेगी। जबकि बीजेपी-जेजेपी ने चुनावी घोषणाओं के नाम पर सिर्फ जनता के साथ धोखा किया है। बुजुर्गों को 5100 पेंशन, 75: नौकरियों में आरक्षण, एमएसपी की गारंटी, किसानों की डबल आय, हर परिवार को पक्का मकान देने जैसे तमाम वादे झूठ साबित हुए।

# हिमाचल प्रदेश में शुरू हुआ भारत-किर्गिस्तान का युद्धाभ्यास 'खंजर'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत-किर्गिस्तान का 11वां संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल में सोमवार से शुरू हो गया है। यह अभ्यास 3 फरवरी तक चलेगा। यह अभ्यास दोनों देशों में बारी-बारी से हर साल आयोजित किया जाता है।
अभ्यास में 20 कर्मियों वाले भारतीय सेना के दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे हैं। इसी तरह किर्गिस्तान के दल में 20 कर्मियों का प्रतिनिधित्व स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-श्क्क के अंतर्गत निर्मित क्षेत्र तथा पर्वतीय इलाकों में आतंकवाद विरोधी और विशेष बलों के संचालन का आदान-प्रदान करना है। यह अभ्यास विशेष बल के कौशल की उन्नत तकनीकों को विकसित करने पर बल देगा।

**प्रशिक्षण स्कूल**

8 यह अभ्यास दोनों पक्षों को रक्षा संबंध मजबूत बनाने का मौका देगा, भारत का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक करेंगे

# प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का गवाह बने हैं: साय

**टीम एक्शन इंडिया/**
**आज** माता शबरी के पवित्र धाम शिवरीनारायण की पावन भूमि पर प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर आप सभी को गाड़ा-गाड़ा बधाई और शुभकामनाएं। आज हम सब प्रत्यक्ष रूप से अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का गवाह बने हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में यह शुभ कार्यक्रम संपन्न हुआ, उनके साथ सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वहां की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और लाखों संतों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ है। आज हम सबने प्राण प्रतिष्ठा की सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखा और भगवान श्रीराम की अलौकिक बाल प्रतिमा के दर्शन भी किए हैं। हमने प्रधानमंत्री जी को भी विस्तार से सुना है। आज हमारे छत्तीसगढ़ का बड़ा सौभाग्य है, छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है, माता कौशल्या की जन्मभूमि है।

